सूर्योदय 5:17 सूर्यास्त 7:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.0 न्यू | 25.6 अधि |
| धर्मशाला | 16.8 न्यू | 26.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,700 |
| निफ्टी | 23,985 |

सोना 1,50,000 चांदी 2,51,000

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 16 जून 2026 | 2 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 168, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: 8894521702

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

## न्यूज शॉर्ट्स

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पहली फ्लाइट ने भरी उड़ान

**एजेंसी, नोएडा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में जेवर में बने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान सेवाएं शुरू हो गईं। यहां से पहली उड़ान को केंद्रीय उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहली फ्लाइट से इस एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले किसानों को लखनऊ भेजा गया है। किसानों ने वहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। चार स्थानों के लिए फ्लाइट शुरू हुई हैं और आने वाले कुछ महीनों में यहां से 12 स्थानों के लिए उड़ान शुरू हो जाएंगी। इस अवसर पर केंद्रीय उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू ने कहा कि हमें खुशी है कि जिन किसानों ने एयरपोर्ट के लिए जमीन दिया, वे पहली फ्लाइट से लखनऊ जाकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले। (अनंत ज्ञान)

### बीजीबी ने 9 नागरिक लेने से किया इनकार

**एजेंसी, गुवाहाटी।** असम के मनकाचर सेक्टर में भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। नो-मैन्स लैंड (दोनों देशों के अधिकार क्षेत्र से बाहर की भूमि) में 9 बांग्लादेशी नागरिक फंसे हुए हैं। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) इन नागरिकों को वापस लेने से इनकार कर रहा है। इस मुद्दे को सुलझाने के लिए बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) और बीजीबी के बीच कई दौर की फ्लैग मीटिंग भी हुई। सूत्रों के अनुसार बैठक बेनतीजा रही। बीएसएफ सूत्रों ने बताया कि सोमवार को फिर से दोनों पक्षों के बीच नई बैठक होगी, जिसमें इस गतिरोध को खत्म करने की कोशिश की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### बुजुर्ग पर हमला, ट्रैक्टर से कुचलकर की हत्या

**एजेंसी, रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में जमीन के विवाद को लेकर एक बेहद दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां बतोली थाना क्षेत्र के पथराई गांव में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग किसान की लाठियों से बेरहमी से पिटाई की गई और फिर उनके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाकर उनकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह घटना रविवार को हुई थी, जिसके बाद दो महिलाओं समेत सभी 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, मृतक बुजुर्ग की पहचान सिलमा गांव के रहने वाले होसराम पैकरा के रूप में हुई है। वहीं इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी उनका ही रिश्तेदार बजरंग पैकरा है, जो पथराई गांव का निवासी है। (अनंत ज्ञान)

### मणिपुर में फिर हुई गोलीबारी, 3 घायल

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर में सोमवार को फिर से गोलीबारी की घटना के चलते राज्य में भारी तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया। सोमवार की सुबह मणिपुर के कांगपोकपी ज़िले के लेइलोन वाइफेई और कोंसाखुल गांवों के पास गोलीबारी की घटना के बाद इलाके में फिर से तनाव फैल गया है। गोलीबारी में कम से कम 3 लोग घायल हुए हैं। कांगपोकपी में हुई गोलीबारी में घायल तीन लोगों को कड़ी सुरक्षा के बीच रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज़ (रिम्स), इंफाल भेजा गया है। खबरों के मुताबिक, सुरक्षा बलों को अलर्ट कर दिया गया है और स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए उस पर कड़ी नज़र रखी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# हर पंचायत बने चिट्टा मुक्त : सीएम सुक्खू

## मुख्यमंत्री ने पंचायत प्रतिनिधियों को दिलाई एंटी चिट्टा शपथ, युवाओं को नशे से बचाने पर दिया जोर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था का नया अध्याय शुरू हो गया है। सोमवार को प्रदेश के 11 जिलों में नवनिर्वाचित पंचायत प्रधानों एवं उपप्रधानों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। शिमला के पीटरहॉफ में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विशेष रूप से पहुंचकर पंचायत प्रतिनिधियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई तथा चिट्टे के विरुद्ध चल रहे अभियान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतें लोकतंत्र की सबसे मजबूत इकाई हैं और सरकार तथा जनता के बीच महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि नवनिर्वाचित प्रतिनिधि विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ जनसेवा और सुशासन को भी मजबूत करेंगे। मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रधानों एवं उपप्रधानों को एंटी चिट्टा शपथ दिलाते हुए कहा कि चिट्टा और अन्य मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार की नहीं बल्कि पूरे समाज की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने में पंचायतों की भूमिका सबसे अहम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत को चिट्टा मुक्त पंचायत बनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना होगा, तभी प्रदेश को नशे की चुनौती से मुक्ति दिलाई जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, हरित हिमाचल, शिक्षित हिमाचल, स्वस्थ हिमाचल, रोजगार सृजन, वित्तीय प्रबंधन, कर्मचारी कल्याण और नशा निवारण जैसे क्षेत्रों में दूरदर्शी सोच के साथ कार्य कर रही है। इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगी। समारोह में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला जिला के नवनिर्वाचित पंचायत प्रधानों और उपप्रधानों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सीएम के संबोधन व नशामुक्ति संकल्प ने समारोह को विशेष महत्व प्रदान किया।

◆ कांगड़ा जिला में 18 को होगा शपथ ग्रहण समारोह



### प्रदेश में 11 जिलों में नवनिर्वाचित प्रधानों-उपप्रधानों ने ली शपथ

**प्रदेश** के 11 जिलों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। चंबा में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, ऊना में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, सोलन में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल, कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति में कृषि मंत्री चंद्र कुमार, सिरमौर के कफोटा में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, किन्नौर में राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी, मंडी में पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह तथा बिलासपुर में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने नव-निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई। गौरतलब है कि कांगड़ा जिला में यह समारोह 18 जून को आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू स्वयं नवनिर्वाचित प्रधानों और प्रधानों को पद एवं गोपी ने यात्रा की शपथ दिलाएंगे।

# भारत और स्लोवाकिया के संबंधों में नया अध्याय शुरू

**एजेंसी, ब्रातिस्लावा**

भारत और स्लोवाकिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को 'व्यापक साझेदारी' का दर्जा देने का निर्णय लिया है। इस दौरान दोनों देशों के बीच आतंकवाद-रोधी संयुक्त कार्य समूह और वाणिज्य दूतावास संवाद की स्थापना पर सहमति बनी। ब्रातिस्लावा में हुई बैठक में 11 समझौता ज्ञापनों और आशय पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें रक्षा, श्रम प्रवासन, पर्यटन, विज्ञान, डिजिटल प्रौद्योगिकी, उच्च शिक्षा, अनुसंधान, ऑडियो-विजुअल निर्माण, क्वांटम संचार, आयुष, छात्र विनिमय और अवसंरचना संरक्षण जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के बीच द्विपक्षीय वार्ता में व्यापार, निवेश, रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा और नवाचार पर विस्तार से चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों, विशेषकर संयुक्त राष्ट्र सुधार, पर भी विचार साझा किए। दोनों देशों ने भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते को अवसर मानते हुए आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दिया। (अनंत ज्ञान)



◆ मोदी-फिको वार्ता में कई क्षेत्रों में सहयोग पर सहमति

◆ दोनों के बीच 11 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर

# प्रदेश में नगर निकायों में विधायकों का वोट का अधिकार रहेगा बरकरार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश की राजनीति और नगर निकायों के सत्ता समीकरणों को प्रभावित करने वाले एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को बड़ी राहत प्रदान की है। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के उस अंतरिम आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें विधायकों को नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पंचायतों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के चुनाव में मतदान करने से वंचित किया गया था। सर्वोच्च अदालत के इस फैसले के बाद फिलहाल प्रदेश के विधायकों के मतदान अधिकार बहाल हो गए हैं।

राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के 4 जून के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सरकार का पक्ष था कि संबंधित कानून के तहत विधायक स्थानीय निकायों के पदेन सदस्य हैं और उन्हें मतदान का वैधानिक अधिकार प्राप्त है। सरकार ने तर्क दिया कि किसी अंतरिम आदेश के माध्यम से इस अधिकार को सीमित नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने प्रथम दृष्टया सरकार की दलीलों को स्वीकार करते हुए हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट की खंडपीठ ने अपने अंतरिम आदेश में कहा था कि नगर निकायों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जैसे शीर्ष पदों के चुनाव में केवल निर्वाचित पार्षद ही मतदान कर सकते हैं तथा पदेन सदस्य के रूप में विधायक इन चुनावों में वोट नहीं डाल सकते।

सुप्रीम कोर्ट के ताजा हस्तक्षेप से नगर निकायों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों के चुनाव को लेकर बनी अनिश्चितता फिलहाल समाप्त हो गई है। अब विधायक पहले की तरह इन चुनावों में मतदान कर सकेंगे, जिससे कई नगर परिषदों और नगर पंचायतों में सत्ता संतुलन प्रभावित हो सकता है। राजनीतिक दलों की नजरें अब आगामी चुनावी प्रक्रिया और अदालत की अगली सुनवाई पर टिक गई हैं।

◆ प्रदेश सरकार को मिली बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

### अब अंतिम फैसला तय करेगा निकायों की राजनीतिक दिशा

**इस** मामले में पार्षदों की ओर से भी सर्वोच्च अदालत में केविएट याचिका दायर की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल केवल हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश पर रोक लगाई है, जबकि मामले के कानूनी और संवैधानिक पहलुओं पर विस्तृत सुनवाई अभी शेष है। ऐसे में अंतिम फैसला न केवल नगर निकायों में विधायकों की भूमिका को स्पष्ट करेगा, बल्कि प्रदेश के शहरी निकायों की राजनीति की दिशा भी तय करेगा।

# हिमाचल में ओलावृष्टि ने कई जिलों में मचाई तबाही

## किसानों और बागवानों की बढ़ी चिंता, 21 जून तक बारिश-बर्फबारी के आसार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई क्षेत्रों में सोमवार दोपहर बाद मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। शिमला, कुफरी, फागू, चौपाल और किन्नौर के कई हिस्सों में तेज बारिश के साथ ओले गिरने से सड़कों पर पानी भर गया, जबकि खेतों और बागों में खड़ी फसलों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। अचानक बदले मौसम से लोगों को गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन किसानों और बागवानों की चिंताएं बढ़ गई हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, हमीरपुर और सिरमौर जिलों के लिए अगले कुछ घंटों तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में 21 जून तक बारिश की गतिविधियां जारी रहेंगी। 20 जून के बाद कभी भी मानसून की दस्तक हो सकती है। सामान्य तौर पर हिमाचल में मानसून 22 से 25 जून के बीच प्रवेश करता है और इस बार भी इसके तय समय के आसपास पहुंचने के संकेत मिल रहे हैं। ऊंचाई वाले क्षेत्रों, विशेषकर लाहौल-स्पीति और किन्नौर की ऊंची चोटियों पर हल्के हिमपात की संभावना भी जताई गई है।



### मौसम विभाग की सलाह : सावधानी ही सुरक्षा

**मौसम** विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने, बिजली के उपकरणों के प्लग निकालने, खुले स्थानों पर न रुकने और नदी-नालों के आसपास न जाने की अपील की है। विभाग का कहना है कि तेज बारिश और आंधी के दौरान सतर्कता बरतकर संभावित नुकसान से बचा जा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। हालांकि रविवार को मौसम साफ रहने के कारण प्रदेश के कई क्षेत्रों में तापमान में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। हमीरपुर के नेरी में तापमान 35.5 डिग्री, कांगड़ा और भुंतर में 32.2 डिग्री तथा मनाली में 25.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।

# जंग खत्म करने पर राजी अमेरिका-ईरान

## 19 को स्विट्जरलैंड में पीस डील पर करेंगे दस्तखत, इसराइल का शांति समझौते को मानने से इनकार

**एजेंसी, तेहरान/वॉशिंगटन डीसी**

इसराइल ने अमेरिका व ईरान के बीच होने वाले शांति समझौते को मानने से इनकार कर दिया है। रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने भी कहा है कि, उनकी सेना दक्षिणी लेबनान से पीछे नहीं हटेगी। लेबनान, सीरिया और गाजा में बनाए गए सिक्योरिटी जोन में इजराइली सेना अनिश्चितकाल तक तैनात रहेगी।

वहीं, इसराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमार बेन ग्वीर ने पीस डील पर नाराजगी जताते हुए कहा, 'हम अमेरिका के गुलाम नहीं है। इसराइल एक आजाद देश हैं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह समझौता इसराइल पर लागू नहीं होता।' उधर, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बताया कि अमेरिका-ईरान 19 जून को स्विट्जरलैंड के जेनेवा में पीस डील पर दस्तखत करेंगे। अगर ऐसा होता है तो 47 साल में तेहरान और वॉशिंगटन के बीच यह पहली हाई लेवल बैठक होगी। (अनंत ज्ञान)



### दुश्मनों को झुकने पर किया मजबूर

**अमेरिका** और ईरान के बीच समझौते की घोषणा के बाद ईरानी सेना ने कहा कि हमारी ताकत और जवाबी कार्रवाई के कारण दुश्मनों के पास समझौते की राह अपनाकर झुकने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। सरकारी न्यूज एजेंसी आईआरएनए के मुताबिक, ईरानी सेना का दावा है कि जनता और सैनिकों के मजबूती से डटे रहने की वजह से अमेरिका और इसराइल पीछे हटने पर मजबूर हो गए।

### ईरान ने रखीं 3 शर्तें

**ईरान-अमेरिका** के बीच हुए समझौते का पूरा दस्तावेज अभी जारी नहीं किया गया है। ईरान के उपविदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा है कि एमओयू पर हस्ताक्षर होने के बाद शुरू होने वाली 60 दिन की अमेरिका-ईरान की बातचीत इस बात पर निर्भर करेगी कि अमेरिका पहले अपने तीन वादे पूरे करता है या नहीं। गरीबाबादी के मुताबिक अमेरिका को तीन कदम उठाने होंगे- नौसैनिक नाकेबंदी खत्म करना, युद्ध और सभी सैन्य कार्रवाइयों को रोकना, ईरान के फ्रीज्ड फंड जारी करना।

### होर्मुज स्ट्रेट बारूदी सुरंगों से साफ कर खोला जाएगा : डोनाल्ड ट्रंप

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद होर्मुज स्ट्रेट को बारूदी सुरंगें हटाने के लिए खोल दिया जाएगा। इस बीच अमेरिकी नौसेना के पूर्व रियर एडमिरल मार्क मोंटगोमरी ने बीबीसी से कहा कि स्ट्रेट को पूरी तरह सुरक्षित बनाने में कई हफ्तों से लेकर कई महीने तक लग सकते हैं। मोंटगोमरी के मुताबिक, जहाजों की आवाजाही शुरू होने के बाद तेल बाजार को पूरी राहत मिलने में करीब दो महीने लग सकते हैं।

# प्रदर्शन कर रहे अभिजीत दीपके को मारा थप्पड़

**एजेंसी, जयपुर।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके के साथ जयपुर में प्रदर्शन के दौरान धक्का-मुक्की और हंगामे की घटना सामने आई है। सोमवार को शहीद स्मारक पर आयोजित विरोध-प्रदर्शन के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने अभिजीत दीपके को थप्पड़ मार दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जिसके बाद पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया। प्रदर्शन के दौरान हुए विवाद और थप्पड़ मारने की घटना के बाद कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए प्रदर्शनकारियों को मौके से हटाया। फिलहाल घटना को लेकर पुलिस की ओर से आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

◆ पुलिस ने हिरासत में लिए युवक

# आतंकियों के सहयोगी होने के शक में व्यक्ति गिरफ्तार

**एजेंसी, राजौरी**

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकवादियों को कथित रूप से रसद और अन्य सहायता उपलब्ध कराने के आरोप में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का दावा है कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपित का संपर्क सक्रिय आतंकियों से था और उसने उन्हें कई बार खाद्य सामग्री तथा अन्य आवश्यक सामान उपलब्ध कराया था।

हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान गंभीर मुगलां निवासी अब्दुल कयूम पुत्र स्वर्गीय सैफ अली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, विश्वसनीय सूचना मिलने के बाद उसे हिरासत में लिया गया और उससे विस्तृत पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान अब्दुल कयूम ने लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर इलियास उर्फ आसिफ उर्फ फौजी और उसके सहयोगी यासिर सहित कुछ अन्य सक्रिय आतंकवादियों की पहचान की है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि ये आतंकी राजौरी-पुंछ क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों के दौरान हुई कई बड़ी आतंकी घटनाओं में शामिल रहे हैं। इनमें भट्टा डूरियन, कंडी, टोपा पीर, डीकेजी और शाहसितार क्षेत्रों में हुए हमले शामिल बताए जा रहे हैं।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मई में सुरक्षा बलों के संयुक्त अभियान शुरू होने से पहले भी आतंकियों ने उससे संपर्क किया था। 18 व 19 मई को उसने कथित रूप से खजूर, काजू, बादाम, जूस की बोतलें और कुछ दवाइयां उपलब्ध कराईं। जांचकर्ताओं का दावा है कि इनमें से कुछ सामान बाद में मुठभेड़ स्थलों से बरामद वस्तुओं से मेल खाते हैं। हालांकि, पूछताछ के दौरान अब्दुल कयूम ने आतंकियों के ठिकानों, उनके आवाजाही मार्गों या अन्य स्थानीय सहयोगियों के बारे में जानकारी होने से इनकार किया है। सुरक्षा एजेंसियां मामले की गहन जांच कर रही हैं। (अनंत ज्ञान)

# देश में पेट्रोल, डीजल व कच्चे तेल का पर्याप्त स्टॉक, एलपीजी की सप्लाई स्थिर : सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की सप्लाई स्थिर बनी हुई है। पश्चिम एशिया संकट के बावजूद रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। साथ ही कच्चे तेल का स्टॉक भी पर्याप्त मात्रा में बनाए रखा जा रहा है।

पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में अंतर-मंत्रालयी पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस (एलपीजी सिलेंडर) की सप्लाई स्थिर बनी हुई है। रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का स्टॉक भी पर्याप्त मात्रा में बनाए रखा जा रहा है। सुजाता शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हालांकि, कुछ रिटेल आउटलेट्स पर बिक्री में असामान्य रूप से तेज़ी देखी जा रही है। इसका मुख्य कारण यह है कि औद्योगिक, प्रत्यक्ष, संस्थागत और व्यावसायिक और कमर्शियल ग्राहकों ने अब रिटेल आउटलेट्स से ईंधन खरीदना शुरू कर दिया है, जिससे वहां बिक्री बढ़ गई है। मई में, 42 करोड़ डीज़ल की बिक्री बल्क से रिटेल आउटलेट्स पर शिफ्ट हो गई।



पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक ओपेश कुमार शर्मा ने बताया कि एलएनजी कैरियर 'दिशा' 62,370 एमटी एलएनजी कार्गो लेकर होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित गुजर चुका है। उन्होंने कहा कि इस जहाज के 18 जून को दहेज पहुंचने की उम्मीद है।

ओपेश कुमार शर्मा ने कहा कि बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय, नाविकों की भलाई सुनिश्चित करने और उन्हें हर तरह की मदद देने के लिए विदेश मंत्रालय, विदेशों में भारतीय मिशनों, शिपिंग कंपनियों और अन्य संबंधित पक्षों के साथ लगातार तालमेल बनाए हुए है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में विगत 28 फरवरी से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच आज शांति समझौते पर सहमति बनी है। इस समझौते पर स्विटजरलैंड में 19 जून को हस्ताक्षर किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

**बोझ** फ्यूल, अनाज और खाद्य तेल महंगे होने से बढ़ी कीमतें; रिटेल महंगाई भी 3.93% पर बढ़ी

# 43 महीने में सबसे ज्यादा थोक महंगाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मई में थोक महंगाई (डब्ल्यूपीआई) बढ़कर 9.68% पर पहुंच गई है। इससे पहले अप्रैल में यह 8.26% पर थी। मई में महंगाई 43 महीने में सबसे ज्यादा है। सितंबर 2022 में ये 10.70% पर पहुंच गई थी। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने आज यानी 15 जून को थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं।

महंगाई बढ़ने की वजह रोजमर्रा की जरूरत के सामान और फ्यूल के दाम बढ़ना है। इसके अलावा अनाज और तेल भी महंगा हुआ है। दरअसल, अमेरिका और ईरान के बीच साढ़े तीन महीने से तनाव है। स्थितियां सामान्य नहीं हुईं तो महंगाई और बढ़ सकती है।

मई में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.93% पर पहुंच गई, जो अप्रैल में 3.48% थी। पिछले 5 महीनों में यह पहली बार है जब खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के टारगेट 4% के बेहद करीब पहुंच गई है।

थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए डब्ल्यूपीआई को कंट्रोल कर सकती है। जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। डब्ल्यूपीआई में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है। (अनंत ज्ञान)

### रोजाना जरूरत के सामान फ्यूल व पावर के दाम बढ़े

रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई 3.78% से बढ़कर 4.99% हो गई।

खाने-पीने की चीजों (फूड इंडेक्स) की महंगाई 3.11% से बढ़कर 4.49% पर पहुंच गई है।

फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर 24.89% से बढ़कर 30.33% हो गई है।

मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 6.68% से बढ़कर 7.48% रही।



### कैसे मापते महंगाई?

**भारत** में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल यानी खुदरा और दूसरी थोक महंगाई होती है। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है। इसको कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) भी कहते हैं। वहीं, होलसेल प्राइस इंडेक्स (डब्ल्यूपीआई) का अर्थ उन कीमतों से होता है, जो थोक बाजार में एक कारोबारी दूसरे कारोबारी से वसूलता है। महंगाई मापने के लिए अलग-अलग आइटम्स को शामिल किया जाता है। जैसे थोक महंगाई में मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की हिस्सेदारी 63.75%, प्राइमरी आर्टिकल जैसे फूड 22.62% और फ्यूल एंड पावर 13.15% होती है। वहीं, रिटेल महंगाई में फूड और प्रोडक्ट की भागीदारी 45.86%, हाउसिंग की 10.07% और फ्यूल सहित अन्य आइटम्स की भी भागीदारी होती है।

# पंचायतीराज संस्थाएं लोकतंत्र की असली शक्ति : रोहित

## मुख्यमंत्री की मौजूदगी में पीटरहॉफ में नवनिर्वाचित प्रधानों-उपप्रधानों को दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला के ऐतिहासिक पीटरहॉफ परिसर में सोमवार को लोकतंत्र की जड़ों को और अधिक सशक्त बनाने वाला एक भव्य एवं गरिमामय आयोजन देखने को मिला, जब जिला शिमला के नवनिर्वाचित प्रधानों और उपप्रधानों ने जनसेवा, विकास और जनविश्वास के नए संकल्प के साथ अपने दायित्वों का विधिवत निर्वहन करने की शपथ ली। समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू विशेष रूप से उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने की।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि पंचायतीराज संस्थाएं लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति हैं और प्रदेश के समग्र विकास की आधारशिला भी। उन्होंने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंचायतों के माध्यम से ही सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती हैं और गांवों के विकास का वास्तविक स्वरूप सामने आता है। उन्होंने सभी प्रधानों और उप-प्रधानों से ईमानदारी, पारदर्शिता और समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया। रोहित ठाकुर ने घोषणा की कि आगामी 27 जून, 2026 को प्रदेशभर के नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें पंचायतों के विकास की रूपरेखा और प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत को आदर्श पंचायत बनाने के लक्ष्य के साथ

### ◆बोले- 16वें वित्त आयोग से हिमाचल की पंचायतों को मिलेंगे 3744 करोड़ रुपए

आगे बढ़ना होगा ताकि विकसित हिमाचल के सपने को धरातल पर साकार किया जा सके।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की लगभग 90 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए गांवों का सशक्त और समृद्ध होना प्रदेश की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, रोजगार के अवसरों का सृजन तथा सामाजिक विकास पंचायतों की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। उन्होंने जानकारी दी कि 16वें वित्त आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के विकास के लिए लगभग 3744 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध करवाई जाएगी।

यह धनराशि पंचायतों में आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण, जनसुविधाओं के विस्तार तथा विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके अतिरिक्त प्रदेश सरकार भी पंचायतों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाएगी, ताकि विकास की गति और अधिक तेज हो सके। रोहित ठाकुर ने बताया कि पंचायती राज चुनावों में निर्विरोध चुनी गई 137 पंचायतों को प्रोत्साहन स्वरूप 25-25 लाख रुपये की विशेष राशि प्रदान की जाएगी।

उन्होंने कहा कि यह पहल लोकतांत्रिक सहमति, सामाजिक सौहार्द और स्वस्थ राजनीतिक संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपनी पंचायतों में स्वच्छता अभियान, नशामुक्ति जनजागरण, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और स्वच्छ पेयजल व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि पंचायतें केवल विकास कार्यों की इकाई नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की सबसे प्रभावी संस्थाएं हैं। इस अवसर पर सातवें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं रामपुर विधायक नंद लाल, ठियोग विधायक कुलदीप सिंह राठौर, रोहड़ू विधायक मोहन लाल ब्राक्टा, शिमला शहरी विधायक हरीश जनारथा, हिमफैड अध्यक्ष महेश्वर सिंह चौहान, एचपीएमसी अध्यक्ष देवानंद वर्मा, हिमकॉन अध्यक्ष विकेश चौहान, राज्य महिला आयोग अध्यक्ष विद्या नेगी, राज्य बाल आयोग अध्यक्ष अनीता ठाकुर, नशा निवारण बोर्ड के उपाध्यक्ष संजय भारद्वाज, मुख्यमंत्री के प्रधान आईटी सलाहकार गोकुल बुटेल व अन्य मौजूद रहे।

### नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बताए दायित्व

**समारोह** के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और व्यक्तियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को उनके दायित्वों और अपेक्षाओं से अवगत कराया। वहीं, अतिरिक्त उपायुक्त सचिन शर्मा ने समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# शिक्षा मंत्री आज बचत भवन में सुनेंगे जनता की समस्याएं

अनंत ज्ञान

### ◆लोक शिकायत निवारण समिति की बैठक में विकास कार्यों की भी होगी समीक्षा

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के लोगों की समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए 16 जून को जिला मुख्यालय शिमला में लोक शिकायत निवारण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के शिक्षा मंत्री एवं स्थानीय विधायक रोहित ठाकुर करेंगे। यह बैठक उपायुक्त कार्यालय परिसर स्थित बचत भवन में आयोजित होगी, जहां विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्राप्त जनसमस्याओं, विकास कार्यों से जुड़े मुद्दों तथा विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

शिक्षा मंत्री स्वयं लोगों की समस्याओं को सुनेंगे तथा संबंधित विभागों से तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त कर उनके समाधान की दिशा में आवश्यक निर्देश जारी करेंगे। सरकार का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित कर समस्याओं का प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है।

### बैठक में जनहित से जुड़े मामलों पर रहेगा फोकस

बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएंगे कि जनहित से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब न किया जाए तथा पात्र मांगों और शिकायतों का चरणबद्ध एवं समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाए। प्रदेश सरकार लोक शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें त्वरित राहत मिल सके।

## राजधानी शिमला के संजौली-ढली-छराबड़ा-कुफरी मार्ग पर लगा लंबा ट्रैफिक जाम, एंबुलेंस भी फंसी

# 8 किमी लंबे जाम से थमी जिंदगी की रफ्तार

अनंत ज्ञान



राजधानी शिमला में लगे लंबे ट्रैफिक जाम में फंसी गाड़ियां। अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला सोमवार को भीषण ट्रैफिक जाम की गिरफ्त में रही। संजौली, ढली, छराबड़ा और कुफरी मार्ग पर सुबह से ही वाहनों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं, जिसने देखते ही देखते लगभग 8 किलोमीटर लंबे महाजाम का रूप ले लिया। हालात इतने गंभीर हो गए कि सामान्य दिनों में 10 से 15 मिनट में पूरा होने वाला सफर डेढ़ से दो घंटे में तय करना पड़ा। जाम में फंसे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जबकि कई एंबुलेंस भी घंटों तक वाहनों के बीच रास्ता तलाशती रहीं। राजधानी में पर्यटन सीजन के दौरान यातायात व्यवस्था के चरमराने से लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती नजर आई।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब साढ़े पांच बजे ढली सब्जी मंडी क्षेत्र में शुरू हुई यातायात समस्या दोपहर तक विकराल हो गई। छराबड़ा से लेकर नवबहार, भट्टाकुफर और ढली तक वाहनों की लंबी कतारें दिखाई दीं। शहर के मुख्य मार्गों के साथ-साथ बाइपास सड़क भी पूरी तरह जाम रही। हजारों स्थानीय लोग अपने कार्यस्थलों तक समय पर नहीं पहुंच पाए, जबकि पर्यटकों का अधिकांश समय सड़कों पर ही बीत गया। राजधानी में प्रवेश और निकास के प्रमुख मार्गों पर लगातार बढ़ते दबाव ने पूरे यातायात तंत्र को प्रभावित किया। जाम में फंसे लोगों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। लोगों ने बताया कि वह सुबह नौ बजे फागू से निकले थे, लेकिन ढली पहुंचने में उन्हें लगभग दो घंटे का समय लग गया। वहीं एक अन्य निवासी ने बताया कि छराबड़ा से ढली तक का छोटा सफर भी एक घंटे से अधिक

### ◆10 मिनट के सफर को लग गए दो घंटे, लोगों में भारी रोष

समय में पूरा हुआ। लोगों का कहना है कि पर्यटन सीजन के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल और प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन की कमी साफ दिखाई दे रही है। कई लोगों ने प्रशासन से तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है।

स्थानीय लोगों के अनुसार इस स्थिति के पीछे कई कारण जिम्मेदार हैं। गर्मियों की छुट्टियों के चलते देशभर से बड़ी संख्या में पर्यटक शिमला, कुफरी, फागू और नारकंडा का रुख कर रहे हैं। इसके अलावा जिला भर के नवनिर्वाचित प्रधानों और उपप्रधानों के शपथ ग्रहण समारोह के कारण भी राजधानी में वाहनों की संख्या अचानक बढ़ गई। ढली सब्जी मंडी के आसपास सड़क किनारे अवैध और अव्यवस्थित पार्किंग ने समस्या को और गंभीर बना दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद इस दिशा में प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

### शिमला में और गंभीर हो सकती है जाम की समस्या

**शिमला** में लगातार बढ़ती यातायात समस्या अब केवल असुविधा का विषय नहीं रह गई है, बल्कि यह शहर की व्यवस्थाओं और पर्यटन छवि के लिए भी बड़ी चुनौती बनती जा रही है। जाम का असर केवल राष्ट्रीय राजमार्ग-5 तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शिमला-करसोग मार्ग पर भी कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि पार्किंग, ट्रैफिक नियंत्रण और वैकल्पिक मार्गों की ठोस योजना पर शीघ्र काम नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में हालात और गंभीर हो सकते हैं।

# कांग्रेस के गढ़ रोहड़ू में भाजपा की सेंध

## बीडीसी और उपप्रधान समेत कांग्रेस के 31 नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजनीति में उस समय नया मोड़ देखने को मिला जब कांग्रेस के पारंपरिक गढ़ माने जाने वाले रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र से 31 कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। भाजपा प्रदेश कार्यालय दीपकमल, चक्कर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने सभी नवागंतुकों को पार्टी का पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई। इस घटनाक्रम को रोहड़ू की राजनीति में भाजपा की बड़ी रणनीतिक सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य, प्रदेश सचिव संजय ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, संजीव तथा रोहड़ू मंडल अध्यक्ष विजय मेहता सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

भाजपा नेताओं ने पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए इसे प्रदेश में बदलते राजनीतिक माहौल का संकेत बताया। संजीव कटवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा में शामिल होने वालों में लोअर कोटी से बीडीसी सदस्य ऋतु, मुड़ाब पंचायत के उपप्रधान हैरी गेस्टा सहित कांग्रेस संगठन के कई पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियों और कार्यप्रणाली से निराश होकर बड़ी संख्या में लोग भाजपा की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

### दबाव की राजनीति से ऊब रहे जनप्रतिनिधि : कटवाल

**मीडिया** से बातचीत में संजीव कटवाल ने कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत और नगर निकाय चुनावों के दौरान तथा उसके बाद भी प्रशासनिक दबाव की राजनीति की गई। उन्होंने दावा किया कि कई स्थानों पर जनप्रतिनिधियों और उनके परिवारों को प्रताड़ित किया जा रहा है, झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं तथा व्यापारियों और कर्मचारियों पर विभिन्न माध्यमों से दबाव बनाया जा रहा है। कटवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार की कथित धमकियों और दबाव के बावजूद जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि झुकने को तैयार नहीं हैं और वे भाजपा की विचारधारा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त करते हुए पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोहड़ू जैसे कांग्रेस के मजबूत क्षेत्र से एक साथ 31 लोगों का भाजपा में शामिल होना प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण संदेश देता है।

# बोतलों-कैन में पेट्रोल-डीजल पर रोक से बागवानों की बढ़ीं मुश्किलें

## छोटे किसानों और दुर्गम क्षेत्रों में कृषि और बागवानी कार्य प्रभावित

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज,शिमला।** प्रदेश के पेट्रोल पंपों पर बोतलों, कैन व गैलनों में पेट्रोल-डीजल देने पर लगाई गई रोक अब किसानों से अधिक बागवानों के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है। सेब उत्पादक क्षेत्रों में इन दिनों बगीचों में दवा छिड़काव, घास कटाई, भूमि प्रबंधन और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों का समय चल रहा है। ऐसे में पावर स्प्रेयर, ब्रश कटर, पावर टिलर तथा अन्य उपकरणों के लिए ईंधन की आवश्यकता लगातार बनी रहती है। जानकारी के अनुसार नई व्यवस्था के कारण उनके दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं और समय पर कृषि-बागवानी गतिविधियां पूरी करना कठिन हो गया है। जिससे अधिकांश मशीनों को सीधे पेट्रोल पंप तक ले जाना संभव नहीं होता। पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में मशीनें बगीचों में ही स्थापित रहती हैं, जबकि पेट्रोल पंप कई किलोमीटर दूर स्थित हैं। पहले लोग निर्धारित मात्रा में कैन या गैलन में ईंधन लेकर मशीनों का संचालन कर लेते थे, लेकिन अब बार-बार पंपों तक जाना पड़ रहा है। इससे समय, श्रम और परिवहन व्यय बढ़ गया है। कई स्थानों पर दवा छिड़काव और अन्य जरूरी कार्यों में भी देरी होने लगी है। प्रशासन का तर्क है कि यह कदम ईंधन की जमाखोरी, कालाबाजारी और दुरुपयोग को रोकने के लिए उठाया गया है। हालांकि बागवानों का कहना है कि नियमों का उद्देश्य उचित हो सकता है, लेकिन कृषि और बागवानी क्षेत्र की व्यावहारिक आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। उनका मानना है कि मौजूदा व्यवस्था में वास्तविक जरूरतमंद लोगों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बागवानों का कहना है कि सरकार और संबंधित विभागों को कृषि एवं बागवानी कार्यों के लिए अलग व्यवस्था लागू करनी चाहिए। उनका सुझाव है कि पहचान पत्र, भूमि अभिलेख या बागवानी पंजीकरण के आधार पर सीमित मात्रा में पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराने की अनुमति दी जाए। बागवानों का मानना है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो सेब सीजन के दौरान दवा छिड़काव, मशीन संचालन और अन्य महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो सकते हैं।

# कई परतों में उलझी शिमला में हुए हत्याकांड की गुत्थी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के संजौली स्थित सरस्वती पैराडाइज स्कूल की संचालिका मनीषा मित्तल हत्याकांड अब एक जटिल रहस्य बनता जा रहा है। हत्या के बाद सामने आए वीडियो, सोशल मीडिया पोस्ट और पारिवारिक विवादों के खुलासों ने जांच को कई नए मोड़ों पर ला खड़ा किया है। पुलिस जहां हमलावरों की तलाश में जुटी है, वहीं संपत्ति विवाद, पुराने आरोप और मनीषा द्वारा पहले जताई गई सुरक्षा चिंताओं को भी गंभीरता से खंगाला जा रहा है। पुलिस जांच के अनुसार शनिवार शाम मनीषा मित्तल स्कूल परिसर से कुछ समय के लिए बाहर गई थीं। लौटने पर जैसे ही वह स्कूल गेट के पास पहुंचीं, पहले से घात लगाए बैठे दो नकाबपोश हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। तीन गोलियां चलाई गईं, जिनमें से एक उनके सिर में लगी और दो अन्य शरीर को छूते हुए निकल गईं। गंभीर रूप से घायल मनीषा को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद दोनों हमलावर मौके से फरार हो गए। हत्या के बाद सामने आए पुराने वीडियो ने मामले को और अधिक संवेदनशील बना दिया है। इन वीडियो में मनीषा मित्तल अपनी जान को खतरा होने की बात कहती दिखाई दे रही हैं। उन्होंने कुछ लोगों पर मानसिक प्रताड़ना और दबाव बनाने के आरोप भी लगाए थे। एक वीडियो में उन्होंने यह सवाल भी उठाया था कि सुरक्षा संबंधी शिकायतों पर समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं हुई। इन दावों के सामने आने के बाद पुलिस अब उन सभी शिकायतों और आरोपों की भी गहन जांच कर रही है।

# सीएम के दरबार पहुंची कुपवी की आवाज

## प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय समस्याओं व विकास कार्यों को लेकर की चर्चा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के दूरदराज कुपवी क्षेत्र की विभिन्न विकासात्मक और जनहित से जुड़ी मांगों को लेकर सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिमला में भेंट की। एचपीएमसी के उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष विस्तार से रखा।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि कुपवी जैसे दुर्गम क्षेत्रों में विकास कार्यों को और गति देने की आवश्यकता है ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं

### ◆विकास व जनसुविधाओं की मांगों पर मुख्यमंत्री से मिला सकारात्मक आश्वासन



उपलब्ध हो सकें और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कुपवी से पहुंचे प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाए गए विभिन्न विषयों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि जनहित से जुड़े मामलों पर सरकार संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की जायज मांगों और आवश्यकताओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा तथा प्राथमिकता के आधार पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री के सकारात्मक आश्वासन से प्रतिनिधिमंडल ने संतोष व्यक्त किया और प्रदेश सरकार का आभार जताया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य मन्नत तेगवान तथा हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव यशपाल तनाईक भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ हुई यह भेंट कुपवी क्षेत्र की जनभावनाओं और विकास संबंधी अपेक्षाओं को सीधे सरकार तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सीएम के साथ मुलाकात के बाद क्षेत्र से जुड़े लंबित मामलों के समाधान और नई विकास योजनाओं को लेकर शीघ्र सकारात्मक पहल देखने को मिलेगी।

## मॉक ड्रिल | जिले में मेगा मॉक ड्रिल से परखी गई आपदा प्रबंधन की क्षमता, सभी उपमंडलों में हुआ व्यापक अभ्यास

# शिमला में आया तेज भूकंप, सैकड़ों लोगों को सुरक्षित बचाया

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जिला में सोमवार को संभावित भूकंप जैसी बड़ी प्राकृतिक आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए व्यापक स्तर पर मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नेतृत्व में आयोजित इस महाअभ्यास में प्रशासन, सेना, एसडीआरएफ, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम तथा आपदा मित्रों ने समन्वित कार्रवाई का प्रदर्शन करते हुए आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल के तहत सुबह नौ बजे शिमला की प्रमुख सब्जी मंडी क्षेत्र में रिक्टर पैमाने पर 8.0 तीव्रता के काल्पनिक भूकंप का परिदृश्य तैयार किया गया। सूचना मिलते ही प्रशासनिक मशीनरी सक्रिय हो गई और राहत एवं बचाव दलों ने निर्धारित समय के भीतर मौके पर पहुंचकर अभियान आरंभ कर दिया। अभ्यास के दौरान कई भवनों को क्षतिग्रस्त मानते हुए राहत कार्य संचालित किए गए। बड़ी संख्या में घायलों को सुरक्षित निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि मामूली रूप से घायल लोगों का उपचार घटनास्थल पर स्थापित चिकित्सा शिविर में किया गया। लगभग 500 लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का सफल अभ्यास किया गया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नियंत्रण कक्ष से पूरे अभियान की पल-पल निगरानी की गई। विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, सूचना आदान-प्रदान तथा संसाधनों की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक संचार प्रणाली का भी उपयोग किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभ्यास



मेगा मॉक ड्रिल के दौरान राहत एवं बचाव अभियान का अभ्यास करते जवान।

वास्तविक आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

भट्टाकुफर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में भी भूकंप का काल्पनिक परिदृश्य तैयार किया गया, जिसमें विद्यालय भवन को गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त दर्शाया गया। बचाव दलों ने मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए विशेष अभियान चलाया। इस दौरान सैकड़ों विद्यार्थियों और अन्य लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का अभ्यास किया गया, जबकि प्राथमिक उपचार एवं चिकित्सा सहायता की व्यवस्था भी मौके पर ही की गई। जिला के रोहड़ू, चौपाल, कुपवी, ठियोग, कोटखाई, जुब्बल, कुमारसैन तथा डोडरा-क्वार उपमंडलों में भी समानांतर रूप से मॉक एक्सरसाइज आयोजित की गई। विभिन्न शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों और भवनों को अभ्यास के लिए चयनित किया गया, जहां राहत एवं बचाव दलों ने निर्धारित मानकों के अनुसार अभियान संचालित किए।

### जनोटी स्कूल में लगे जोर-जोर के झटके

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा खंड ठियोग के अंतर्गत राजकीय उच्च पाठशाला जनोटी में सोमवार को प्राकृतिक आपदाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा आपदा प्रबंधन की तैयारियों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से भूकंप सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की मुख्याध्यापिका सपना सूद ने किया। इस अवसर पर भाषा अध्यापक एवं रिपोर्ट प्रभारी योगेश चंद शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमालयी क्षेत्र भूकंपीय दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को आपदा से बचाव और प्रबंधन की जानकारी होना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के समय धैर्य, संयम और सतर्कता बनाए रखने के उपाय बताए गए। शिक्षकों ने आपदा की स्थिति में जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने तथा प्रशासनिक निर्देशों का पालन करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। मॉक ड्रिल के दौरान भूकंप आने की काल्पनिक सूचना दी गई, जिसके बाद विद्यार्थियों और शिक्षकों ने निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार 'ड्रॉप, कवर एंड होल्ड' तकनीक का सफलतापूर्वक अभ्यास किया। इसके बाद सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से विद्यालय भवन से बाहर खुले मैदान में निकाला गया।

# जनगणना : जुब्बल में आज से 75 गणनाकार करेंगे घर-घर सर्वे

अनंत ज्ञान

### ◆पहचान-पत्र के साथ पहुंचेंगे घर-द्वार, सभी नागरिकों से की सहयोग की अपील

**ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल उपमंडल में भारत सरकार द्वारा आयोजित जनगणना-2026 के अंतर्गत गृह सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य 16 जून से आरंभ किया जा रहा है। उपमंडल प्रशासन के अनुसार इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान के लिए क्षेत्र में 179 गणना खंड निर्धारित किए गए हैं तथा 75 गणनाकार नियुक्त किए गए हैं। लगभग एक माह तक चलने वाले इस सर्वेक्षण के दौरान गणनाकार घर-घर जाकर भवनों, आवासों तथा उनसे संबंधित आवश्यक सूचनाओं का संकलन करेंगे। सभी गणनाकार अधिकृत पहचान-पत्र के साथ अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में भ्रमण करेंगे ताकि लोगों को उनकी पहचान सुनिश्चित करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उपमंडलाधिकारी (ना.) जुब्बल गुरमीत जी. नेगी ने क्षेत्रवासियों से इस अभियान में पूर्ण सहयोग देने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि जनगणना के दौरान एकत्रित की जाने वाली सभी सूचनाएं पूर्णतः गोपनीय रखी जाती हैं और उनका उपयोग केवल सांख्यिकीय तथा विकासात्मक उद्देश्यों के लिए किया जाता है। जनगणना से प्राप्त आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे सही एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाकर इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

## न्यूज ब्रीफ

### बीमा लोकपाल के शिविर में शिकायतों का निपटारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बीमा लोकपाल कार्यालय चंडीगढ़ ने 15 जून 2026 को धर्मशाला में विशेष शिविर आयोजित कर बीमाधारकों की शिकायतों की सुनवाई और समाधान किया। बीमा लोकपाल अलका झा के निर्देशन में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य बीमाधारकों को त्वरित, निष्पक्ष और किफायती न्याय उपलब्ध कराना रहा। साथ ही हेल्प डेस्क के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों और ऑनलाइन पोर्टल की जानकारी भी दी गई, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

### बुजुर्गों को साइबर अपराधों के बारे किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, गरली।** विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरुकता दिवस के अवसर पर गरली के नाहन नगरोटा स्थित सूरभि वृद्धाश्रम में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बुजुर्गों को उनके अधिकारों, कानूनी संरक्षण और साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई। अधिवक्ता विक्रम शर्मा और इशिता चौधरी ने ऑनलाइन ठगी तथा वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की। तहसील कल्याण अधिकारी संजीव कुमार ने सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बुजुर्गों के सम्मान को समाज की जिम्मेदारी बताया।

### दानवीरों ने किया हरे चारे से भरा ट्राला दान



**अनंत ज्ञान, गरली।** करियाडा कुंदली हार के समाजसेवी राजिंदर गुलेरिया और करियाडा सहकारी सभा के सचिव सुरिंदर सिंह ठाकुर ने एक बार फिर सिद्धि विनायक गोशाला मूहल में बेसहारा गोमाताओं के लिए पिकअप ट्राला भरकर ताजा हरा चारा दान किया। दोनों दानवीर पिछले करीब पांच वर्षों से लगातार गोशाला को हरा चारा उपलब्ध करवा रहे हैं। गोशाला प्रबंधन ने उनके सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समाजसेवियों की बदौलत गौवंश संरक्षण का कार्य सुचारु रूप से चल रहा है। उनकी सेवा भावना क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत बनी हुई है।

### खनियारा बाजार, नड्डी में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** विद्युत उप-मंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि विद्युत लाइनों के सामान्य रख-रखाव कार्य के कारण 16 जून को सुबह 9:30 से शाम कार्य समाप्ति तक 11 केवी खनियारा फीडर के क्षेत्रों सिद्धपुर, एजुकेशन बोर्ड कॉलोनी, नोरबलिंगा, मोहली, खड़ोता, टिल्लू, चकवन, खनियारा बाजार, नड्डी, सोकनी-दा-कोट और 17 जून को सुबह 9:30 बजे से शाम कार्य समाप्ति तक 11 केवी होडल फीडर के क्षेत्रों सिद्धपुर, फतेहपुर, सुक्कड़, लोअर सुक्कड़, सेक्रेड हार्ट, त्रिलोकीनाथ, उपाहू में विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बाधित रहेगी।

### शाहपुर में 22 जून को होंगे ड्राइविंग टेस्ट

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** उपमंडल अधिकारी (नागरिक) एवं अनुज्ञापन एवं पंजीकरण अधिकारी शाहपुर गणेश ठाकुर ने बताया कि उपमंडल में 22 जून को ड्राइविंग टेस्ट तथा 23 जून को वाहनों की पासिंग की जाएगी। ड्राइविंग टेस्ट के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग 16 जून को सुबह 10 बजे से सारथी पोर्टल पर शुरू होगी। स्लॉट पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर आवंटित किए जाएंगे। प्रशासन ने इच्छुक आवेदकों से समय रहते ऑनलाइन स्लॉट बुक करने की अपील की है।

### पेंशनर्स संघ खंड परागपुर इकाई की बैठक 28 को

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जिला कांगड़ा पेंशनर संघ कांगड़ा की खंड परागपुर इकाई की त्रैमासिक बैठक 28 जून को प्रातः 11:00 बजे प्राथमिक पाठशाला रक्कड़ में आयोजित की जाएगी। बैठक में पेंशनरों एवं फैमिली पेंशनरों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। खंड परागपुर (टैरस से शान्तला तक) के सभी पेंशनरों तथा फैमिली पेंशनरों से आग्रह किया गया है कि वे निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव एवं समस्याएं साझा करें, ताकि संबंधित मामलों को उचित मंच पर उठाया जा सके। संघ पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### सुनील चौहान फिर बने एसएमसी प्रधान

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** राजकीय आदर्श बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परागपुर में आयोजित स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के चुनाव में एक बार फिर सुनील चौहान का दबदबा कायम रहा। अभिभावकों ने विद्यालय के विकास, अनुशासन और जनसहभागिता में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें लगातार 11वीं बार एसएमसी प्रधान चुना। प्रधानाचार्य सीमा कौशल की अध्यक्षता में हुई चुनाव प्रक्रिया में लोकतांत्रिक माहौल और उत्साह देखने को मिला। नई एसएमसी का भी गठन किया गया, जिसमें रुचि शर्मा, सपना, अंजना, सन्नी, अरविंद शर्मा, आरती शर्मा, विवेक शर्मा और हरपाल पटियाल सहित अन्य सदस्य शामिल किए गए।

### 14 उपमंडलों में की मॉक एक्सरसाइज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से 10वीं राज्यस्तरीय मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। जिले में उपायुक्त हेमराज बैरवा के नेतृत्व में 14 उपमंडलों में भूकंप, भूस्खलन और आगजनी जैसी आपदाओं का सिमुलेशन किया गया। 7.8 तीव्रता के भूकंप के बाद राहत व बचाव कार्यों का अभ्यास किया गया। समीक्षा में व्यवस्था को प्रभावी पाया गया और सुधार की जरूरत भी बताई गई।

### लोअर लंबागांव स्कूल में करवाई मॉकड्रिल



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोअर लंबागांव में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा आपदा पूर्वाभ्यास कार्यक्रम प्रधानाचार्य विपिन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसमें 55 एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया। हर्षित, रिधिमा, नैन्सी, सागर, इतिका आदि एनएसएस स्वयंसेवकों में शामिल थे। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अशोक और मोनिका भी उपस्थित थे।

---

बिना पंजीकरण योग्य मशीन बेचने पर उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला

# कंपनी और डीलरों को 28.80 लाख रुपए लौटाने के दिए आदेश

अनंत ज्ञान



◆ **वित्तीय क्षति व मानसिक पीड़ा के लिए 3 लाख रुपए भी देने होंगे।**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला स्थित जिला उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग कांगड़ा ने एक फैसले में बैकहो लोडर मशीन की बिक्री से जुड़े मामले में शिकायतकर्ता के पक्ष में निर्णय सुनाया है।

आयोग ने पाया कि निर्माता कंपनी और उसके अधिकृत डीलरों ने ऐसी मशीन बेची, जिसे हिमाचल प्रदेश में आवश्यक स्वीकृतियों के अभाव में पंजीकृत नहीं कराया जा सकता था। इसके कारण खरीदार को भारी आर्थिक नुकसान और मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। धर्मशाला के झियोल निवासी शिकायतकर्ता ने वर्ष 2021 में लगभग 28.28 लाख रुपए में मशीन खरीदी थी और उसे माह के भीतर आरसी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आरसी जारी नहीं हुई, जिससे मशीन का वैधानिक उपयोग प्रभावित हुआ और वह लंबे समय तक निष्क्रिय पड़ी रही। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि ऋण सब्सिडी अटक गई और बीमा का नवीनीकरण भी नहीं हो सका। सुनवाई के दौरान आयोग ने पाया कि बिक्री संबंधी दस्तावेजों में मशीन के मॉडल को लेकर अलग-अलग विवरण दर्ज किए गए थे और राज्य में आवश्यक मॉडल स्वीकृति उपलब्ध नहीं थी। आयोग ने माना कि निर्माता और डीलरों ने उपभोक्ता को ऐसी मशीन बेचकर सेवा में कमी और अनुचित व्यापारिक व्यवहार किया, जबकि क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी की ओर से पंजीकरण न होने का कारण वैधानिक स्वीकृति का अभाव था। आयोग ने शिकायत स्वीकार करते हुए विपक्षी पक्षों को संयुक्त रूप से शिकायतकर्ता को 28.80 लाख रुपए 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित लौटाने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त 3 लाख रुपए वित्तीय क्षति, मानसिक पीड़ा एवं उत्पीड़न के मुआवजे के रूप में तथा 20 हजार रुपए वाद व्यय देने के आदेश भी दिए गए हैं।

---

# शिक्षा विभाग करे आगामी परीक्षाओं का शेड्यूल रिव्यू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** शिक्षा विभाग आगामी परीक्षाओं के शेड्यूल को रिव्यू करे और जनगणना ड्यूटी के मद्देनजर इसमें बदलाव करे। इस समय समर स्कूलों में एफए 2 और विंटर क्लोजिंग स्कूलों में एसए 1 की परीक्षाएं होनी हैं। मगर इस सत्र में चुनावी ड्यूटी,शिक्षा बोर्ड पेपर मूल्यांकन ड्यूटी और अब जनगणना ड्यूटी के कारण उक्त परीक्षाओं के पाठ्यक्रम को पूरा करने और दोहराने में अतिरिक्त वक्त चाहिए।

जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्यों के लिए इन आवधिक या योगात्मक मूल्यांकन शेड्यूल में बदलाव करना शिक्षक और विद्यार्थी हित में जरूरी है। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश शिक्षा निदेशक से की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष विजय बरवाल और महासचिव विजय हीर ने कहा कि स्कूली ड्यूटी के बाद और अवकाश के दिन जनगणना के आदेश संघ के सतत प्रयासों से दो जिलों में संशोधित हो चुके हैं। जिला हमीरपुर और कुल्लू में पार्ट टाइम जनगणना की जगह पूर्णकालिक जनगणना कार्य की अनुमति दी गई है। ऐसे में जनगणना के बारे जारी निर्देशों के बावजूद शिक्षकों को सप्ताह में 3 दिन स्कूल आने हेतु बाध्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसलिए सभी जिला शिक्षा विभाग को एक निर्देश पत्र जारी करते हुए प्रशासन के द्वारा जारी आदेशों को अक्षरशः लागू करने के हेतु कहा जाए और अपनी इच्छा अनुसार आदेशों की व्याख्या करते हुए शिक्षकों के जनगणना कार्य में बाधा डालने से रोका जाए।

**चंबा में नहीं बदले आदेश, मामला हाईकोर्ट में:** जिलाधीश चंबा द्वारा स्कूली शिक्षकों को ड्यूटी के बाद जनगणना के आदेश अब तक संशोधित नहीं हुए हैं। इस मामले में संघ के महासचिव विजय हीर ने हाईकोर्ट में याचिका दर्ज की है। जनगणना निदेशक को इसकी रिपोर्ट देने पर भी अन्य जिलों की तर्ज पर कार्यवाही न करने पर यह याचिका दायर हुई है।

---

### विद्यार्थियों ने किया पुडुचेरी और तमिलनाडु का भ्रमण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत युवा संगम फेज-6 में धर्मशाला के छात्र प्रतिनिधिमंडल ने 8 से 14 जून तक पुडुचेरी और तमिलनाडु का शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया। केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश नोडल संस्थान रहा, जबकि एनआईटी पुडुचेरी मेजबान संस्थान रहा। विद्यार्थियों ने तिरुवारुर मंदिर, चिदंबरम नटराज मंदिर, पिचावरम मैंग्रोव वन, वेलंकन्नी चर्च और फ्रेंच कॉलोनी का भ्रमण किया। साथ ही कराईकल पोर्ट और ओएनजीसी एसेट में औद्योगिक कार्यप्रणाली को समझा। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिमाचली नाटी प्रस्तुत कर लोक संस्कृति का प्रदर्शन किया। प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन से भेंट कर संवाद किया। यह यात्रा विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक रही और इसने राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समरसता तथा आपसी समझ को मजबूत किया।

---

# राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने 'न्याय प्रबोध' अभियान का किया शुभारंभ



न्याय प्रबोध अभियान के शुभारंभ पर मंच बैठे राज्यपाल व अन्य।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में भारत सरकार के न्याय विभाग द्वारा आयोजित क्षेत्रीय कार्यशाला एवं सुधार उत्सव के दौरान 'न्याय प्रबोध, अवेकनिंग टू जस्टिस' अभियान का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र न्याय, समानता और विधि के शासन पर आधारित है। उन्होंने संविधान को केवल अधिकारों का दस्तावेज नहीं, बल्कि न्याय तक समान पहुंच का माध्यम बताया। उन्होंने अनुच्छेद 39(क) का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी भी नागरिक को आर्थिक कारणों से न्याय से वंचित नहीं रहना चाहिए। राज्यपाल ने हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्य में न्याय तक पहुंच की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए टेली-लॉ, न्याय बंधु और डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसी पहलों को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने युवाओं से संविधान को जीवन का मार्गदर्शक मानने का आह्वान किया। वहीं, केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य दूरस्थ क्षेत्रों तक न्याय पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि टेली-लॉ और कॉमन सर्विस सेंटर जैसी सेवाएं निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करा रही हैं।

---

# नगरोटा बगवां में खुला डिजी स्किल सेंटर

◆ **पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीएन शर्मा ने किया शुभारंभ**

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां के इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार को भारत विकास परिषद एवं सामाजिक संगठन 'विद्या' के संयुक्त सहयोग से एक डिजी स्किल सेंटर खुला। इस सेंटर का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीएन शर्मा ने डॉ. वीरेंद्र कौल (अध्यक्ष, भारत विकास परिषद, हिमाचल प्रदेश पश्चिम), इंजीनियर आरके धीमान (अध्यक्ष) तथा भारत विकास परिषद, नगरोटा बगवां के सभी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में किया।

वहीं, मणिपुर विश्वविद्यालय के अर्थ विज्ञान विभाग के पूर्व प्रोफेसर अरुण कुमार भी विशेष तौर पर उपस्थत हुए थे। यह पहल हिमाचल प्रदेश में डिजिटल कौशल विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है। इस मौके पर पूर्व सेना प्रमुख



मुख्य अतिथि पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीएन शर्मा। अनंत ज्ञान

जनरल वीएन शर्मा ने कहा कि डिजी स्किल सेंटर केवल एक प्रशिक्षण मंच नहीं, बल्कि एक समग्र विकास प्रणाली (ग्रोथ ईको-सिस्टम है), जिसका उद्देश्य युवाओं, विशेषकर लड़कियों और दिव्यांगजनों को आधुनिक डिजिटल कौशल से सशक्त बनाना है।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के 5जी भविष्य को ध्यान में रखते हुए ऐसे युवाओं को तैयार करना है जो न केवल रोजगार योग्य हों, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था में सक्रिय योगदान देने वाले नवाचारकर्ता भी बन सकें। केंद्र में प्रशिक्षण के साथ-साथ मार्गदर्शन, मेंटरशिप और व्यावहारिक अनुभव पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह मॉडल पारंपरिक शिक्षा से आगे बढ़कर व्यावहारिक डिजिटल कौशल, आत्मविश्वास निर्माण और वास्तविक जीवन में ज्ञान के उपयोग पर केंद्रित है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को फ्री-लांसिंग, स्वरोजगार और रोजगार के नए अवसरों की दिशा में प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा को सरल, परिणामोन्मुखी और विद्यार्थी-केंद्रित होना चाहिए। जटिल और केवल सैद्धांतिक ज्ञान के बजाय ऐसे प्रशिक्षण की आवश्यकता है जो सीधे जीवन और करियर से जुड़ा हो।

### युवाओं और छात्रों का समग्र विकास करती है 'विद्या': रश्मि मिश्रा

**सामाजिक** संगठन 'विद्या' की संस्थापक और निदेशक रश्मि मिश्रा ने अपने संदेश में कहा कि यह संस्था विशेष रूप से वंचित वर्ग के बच्चों, युवाओं, छात्रों और महिलाओं के समग्र विकास के लिए कार्य करती है। 'विद्या' का मुख्य उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि 'समग्र विकास' को बढ़ावा देना है। इसके अंतर्गत बच्चों और युवाओं को शैक्षणिक सहायता के साथ-साथ जीवन कौशल, डिजिटल साक्षरता, करियर मार्गदर्शन और व्यक्ति त्व विकास से जोड़ा जाता है।

---

# परागपुर पीएचसी जर्जर हालत में मरीजों को झेलनी पड़ रही दिक्कतें

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** परागपुर का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जो कभी पचास के दशक में एक सिविल अस्पताल हुआ करता था, जो आज पूरी तरह जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। अस्पताल का भवन अपनी उम्र पूरी कर चुका है, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा परागपुर दौरे के दौरान नए भवन की घोषणा की गई थी लेकिन विभागीय स्तर पर इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्वास्थ्य विभाग के नाम पांच साल पहले नौ कनाल छह मरले भूमि की रजिस्ट्री होने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। इसका मुख्य कारण विभाग के कब्जे वाली चौदह कनाल भूमि की तकसीम प्रक्रिया का लंबित होना है।स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन की लेटलतीफी के कारण यह महत्वपूर्ण जनहित का कार्य केवल कागजों तक सीमित रह गया है। इस पूरे मामले में सबसे दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह है कि क्षेत्र के किसी भी नेता ने आज तक इस समस्या को अपनी पार्टी की सरकार या प्रशासन के समक्ष पुरजोर तरीके से नहीं उठाया है। स्थानीय निवासियों ने अब मुख्यमंत्री कार्यालय को ईमेल भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है जिसके बाद डीसी कांगड़ा ने डीआरओ और एसडीएम देहरा को निर्देश दिए थे, लेकिन धरातल पर अब भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। सुनील, कर्ण, मीरा, मधु, संजीव, मोहित, सचिन, वनजीत, राजीव, सुधीर, मनोज, कनिका, गुरमेल, राकेश और राजकुमार समेत तमाम निवासियों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि वे राजनीति से ऊपर उठकर इस सबसे पुराने अस्पताल को नया भवन देने में अपनी प्राथमिकता दिखाएं।

> **जैसे** ही स्वास्थ्य विभाग तकसीम के लिए आवेदन करेगा, वैसे ही तत्काल नियमानुसार कार्रवाइ को पूरा कर लिया जाएगा।
>
> **-कुलवंत सिंह पोटन, एसडीएम, देहरा।**

> **वे** पीएचसी परागपुर की भूमि के रिकॉर्ड का गंभीरता से अवलोकन करेंगे, ताकि समस्या का समाधान निकालने की दिशा में आगे बढ़ा जा सके।
>
> **-सतीश कुमार, बीएमओ, डाडासीबा।**

---

# मटौर में वार्षिक गुरुद्वारा मेला शुरू श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़



**अनंत ज्ञान, आशीष दमीर, कांगड़ा।** मटौर में सोमवार को गुरुद्वारा मेले का आयोजन शुरू हो गया है। इस मेले में न केवल प्रदेश, बल्कि अन्य राज्यों और विदेशों से भी श्रद्धालु एवं व्यापारी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। गुरुद्वारा के ग्रंथी बाबा गुरपाल सिंह जी ने बताया कि यह परंपरा वर्ष 1561 से चली आ रही है और हर साल यह मेला आयोजित होता है। इस अवसर पर एक लाख से अधिक श्रद्धालु गुरुद्वारा में दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। बड़ी संख्या में लोग कनक और प्रसाद भी गुरुद्वारे में अर्पित करते हैं। मेले के दौरान भंडारे का भी आयोजन किया जाता है। लगभग पांच दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में करीब 10 हजार श्रद्धालु प्रतिदिन दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मेले में सेवियां, पकोड़े, जलेबी सहित विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया जाता है, साथ ही झूलों का भी आकर्षण रहता है। मेले के चलते मटोर गांव में वाहनों और श्रद्धालुओं की भारी आवाजाही देखी जा रही है।

---

# पुलिस ने अमृतसर का युवक 15 .18 ग्राम चिट्टे के साथ किया गिरफ्तार



पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार अमृतसर का युवक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** नशा तस्करों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सीआईए टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कंडवाल के पास नागनी माता मंदिर सर्विस रोड क्षेत्र में एक सप्लायर को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया।

आरोपी की पहचान अनिल शर्मा (48), निवासी काली घनूपुर शिहर्ता, जिला अमृतसर (पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने उसे घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 15.18 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने पूरी कानूनी प्रक्रिया और पारदर्शिता के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। बरामद नशीले पदार्थ को जब्त कर लिया गया है तथा आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब इस नेटवर्क के पीछे जुड़े मुख्य सप्लायरों और तस्करी की पूरी चेन का पता लगाने के लिए गहन पूछताछ कर रही है। अधिकारियों ने कहा कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

---

# जगतगिरि आश्रम में विधायक मलेंद्र राजन ने लिया संतों का आशीर्वाद



धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेते विधायक मलेंद्र राजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** विधायक मलेंद्र राजन ने भदरोआ स्थित जगतगिरि आश्रम में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेकर संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक समरसता, सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विधायक ने कहा कि विभिन्न धर्मों और परंपराओं का सम्मान हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान है और सभी वर्गों को साथ लेकर विकास की मुख्यधारा में जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने जगतगिरि आश्रम को आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता का महत्वपूर्ण केंद्र बताया, जो लंबे समय से सेवा और सद्भाव का संदेश दे रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पिछले वर्ष मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी इस आश्रम का दौरा कर संतों का आशीर्वाद लिया था, जिससे इस धार्मिक स्थल का महत्व और बढ़ा है। कार्यक्रम में संत-महात्मा, श्रद्धालु एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

---

# धर्मशाला में सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम वेलनेस सेंटर की स्थापना के प्रयास तेज

◆ **सीजीएचएस चंडीगढ़ के अतिरिक्त निदेशक जल्द करेंगे दौरा**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम वेलनेस सेंटर की स्थापना के सामूहिक प्रयास तेज हैं। सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम वेलनेस सेंटर के लिए चिन्हित भवन का नवीनीकरण कार्य अंतिम चरण में है। हाल ही में अतिरिक्त निदेशक, सीजीएचएस चंडीगढ़, डॉ. सविंदर सिंह तथा अतिरिक्त निदेशक (सेवानिवृत्त) डॉ. टीएस नेगी, जो इस परियोजना की निकट से निगरानी कर रहे हैं, के साथ हुई चर्चा के अनुसार वे अगले सप्ताह धर्मशाला का दौरा करेंगे, ताकि स्थल पर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा सके तथा केंद्र के संचालन की तैयारियों का निरीक्षण किया जा सके।

जिला कांगड़ा पूर्व केंद्रीय सरकारी कर्मचारी एवं सीएपीएफ कार्मिक संघवोधर्मशाला के महासचिव पीजे प्रधान ने बताया कि अतिरिक्त निदेशक, सीजीएचएस चंडीगढ़, डॉ. सविंदर सिंह तथा अतिरिक्त निदेशक (सेवानिवृत्त) डॉ. टीएस नेगी के दौरे को लेकर 20 जून को सुबह 11 बजे गोरखा भवन श्यामनगर धर्मशाला में अहम बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बैठक का निर्णय अध्यक्ष, डीआईजी विनोद थापा (सेवानिवृत्त) तथा सभी पदाधिकारियों से परामर्श के उपरांत लिया गया है।

---

# नूरपुर पुलिस ने 48 घंटे में बरामद की चोरी हुई पिकअप



शाहपुर कंडी (पठानकोट) के पास से बरामद की गाड़ी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** नूरपुर जिला पुलिस ने तेज कार्रवाई करते हुए चोरी हुई पिकअप को शिकायत दर्ज होने के मात्र 48 घंटों के भीतर बरामद कर लिया।

पुलिस टीम ने वाहन को शाहपुर कंडी (पठानकोट) के पास से अपने कब्जे में लिया। 13 जून को शिकायतकर्ता नरेश कुमार, निवासी गांव धड़ूं (तहसील जवाली) ने पुलिस थाना जवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी महिंद्रा पिकअप (एचपी36ए 9386) 12 जून की रात घर के बाहर से चोरी हो गई थी। इस पर थाना जवाली में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस चौकी कोटला की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गहन तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान वाहन को शाहपुर कंडी, पठानकोट के पास पेप्सी फैक्टरी ग्राउंड के निकट से बरामद कर लिया गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही चोरी की वारदात में शामिल अज्ञात आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच तेज कर दी गई है।

---

# अनाथ रोहित के सपनों को मिले पंख सुख-आश्रय योजना ने बदली जिंदगी

अनंत ज्ञान

◆ **आशियाना बनाने के लिए 3 लाख व बहन की शादी के लिए 2 लाख मिले**

**अजय पाल, पालमपुर।** माता-पिता का साया किसी भी संतान के लिए सबसे बड़ा सहारा होता है। जब यह सहारा छिन जाता है, तो जीवन संघर्षों से भर जाता है। हिमाचल प्रदेश के नच्छीर पंचायत के झंझाडला गांव के रहने वाले रोहित की कहानी ऐसे ही संघर्ष और उम्मीद की मिसाल है। माता-पिता के निधन के बाद रोहित पर अपनी छोटी बहन की जिम्मेदारी और जर्जर घर की चिंता एक साथ आ गई। आर्थिक तंगी के कारण नया घर बनाना और बहन की शादी करवाना उसके लिए लगभग असंभव लग रहा था।

ऐसे कठिन समय में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में संचालित मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना रोहित के लिए सहारा बनकर सामने आई। योजना के तहत सरकार ने घर निर्माण के लिए 3 लाख रुपए की सहायता स्वीकृत की, जिसमें से 2 लाख रुपए की राशि मिल चुकी है और घर निर्माण अंतिम चरण में पहुंच गया है। इसके अलावा बहन की शादी के लिए 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई, जिससे रोहित ने सम्मानपूर्वक अपनी बहन का विवाह संपन्न कराया। सरकार रोहित को हर महीने 4 हजार रुपए की पॉकेट मनी भी दे रही है। योजना के तहत 27 वर्ष की आयु तक उसके जीवनयापन, शिक्षा, रोजगार और अन्य जरूरतों का भी ध्यान रखा जाएगा। रोहित का कहना है कि सरकार ने उसे कभी बेसहारा महसूस नहीं होने दिया।



> **सुखाश्रय** योजना को सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार, लाभार्थी बच्चों तक पहुंचाया जा रहा है। किसी भी बच्चे के सिर से यदि मां-बाप का साया उठ जाता है तो उसे सरकार चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट बनाती है और मासिक खर्च से लेकर आजीविका सुरक्षित करने के लिए विभिन्न लाभ प्रदान करती है।
>
> **-रीना, सीडीपीओ, पालमपुर।**

# हमीरपुर में भूकंप आपदा पर राहत व बचाव का किया अभ्यास



10वीं प्रदेशव्यापी मेगा मॉक एक्सरसाइजर आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के तकनीकी सहयोग से सोमवार को आयोजित की गई 10वीं प्रदेशव्यापी मेगा मॉक एक्सरसाइज के तहत जिले में भी बचाव एवं राहत कार्यों को अंजाम दिया गया।

मेगा मॉक एक्सरसाइज के लिए निर्धारित रूपरेखा सुबह करीब 9:15 बजे डीडीएमए के जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (डीईओसी) में भूकंप की सूचना प्राप्त हुई। इसके तुरंत बाद जिला भर में अलर्ट जारी कर दिया गया और जिलास्तर पर विकसित घटना प्रतिक्रिया प्रणाली यानी इंसीडेंस रिस्पांस सिस्टम तुरंत सक्रिय हो गया। आईआरएस से संबंधित सभी नोडल अधिकारी कुछ मिनटों में ही डीईओसी में पहुंच गए। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भूकंप से हुए नुक्सान के प्रति स्थानीय समुदायों की प्रतिक्रिया पर नजर रखी गई और बचाव एवं राहत कार्यों को सुनियोजित ढंग से अंजाम देने के लिए हमीरपुर उपमंडल में दोसड़का के पुलिस मैदान, सुजानपुर में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के परिसर और नादौन में मिनी सचिवालय परिसर में स्टेजिंग एरिया स्थापित किए गए। स्टेजिंग एरिया में सभी संसाधनों को मोबलाइज किया गया और यहीं से बचाव दलों को रवाना किया गया। उपायुक्त एवं डीडीएमए की अध्यक्ष गंधर्वा राठौड़ ने उपायुक्त कार्यालय परिसर के वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम में स्थापित कमांड पोस्ट से बचाव एवं राहत कार्यों की निगरानी की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। बचाव दलों ने मसियाणा चैक के पास भूस्खलन के मलबे में और बहुतकनीकी कालेज के भवन के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालकर डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कालेज अस्पताल भेजे। इसी प्रकार, सुजानपुर उपमंडल के गांव टीहरा और नादौन के गांव कोहला में भी रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए गए तथा घायलों एवं प्रभावितों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया।

## सुजानपुर कॉलेज में करवाई भूकंप मॉकड्रिल



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के लिए भूकंप मॉकड्रिल आयोजित की गई। प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने कहा कि सतर्कता और सही तैयारी से आपदा में जन-धन की हानि कम की जा सकती है। प्रो. राजीव ठाकुर ने भूकंप सुरक्षा और जंगल की आग से बचाव के उपाय बताए। एनसीसी, एनएसएस व रोवर-रेंजर सहित विद्यार्थियों ने सुरक्षित निकासी व सामूहिक सहयोग का अभ्यास किया।




हमीरपुर में सोमवार को नवनिर्वाचित प्रधानों और उप-प्रधानों के शपथग्रहण समारोह में 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र को कुछ इस अंदाज में पढ़ते हुए पंचायत प्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

# अच्छा काम करने वाले पंचायत जनप्रतिनिधियों को पुरस्कृत करेगी सरकार : यादविंद्र गोमा

### आयुष, विधि, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री ने 242 पंचायतों के प्रधानों-उपप्रधानों को दिलाई शपथ

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने सोमवार को जिले की सभी 242 ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित प्रधानों और उपप्रधानों को शपथ दिलाई। यह कार्यक्रम बड़ू स्थित बहुतकनीकी संस्थान के खेल मैदान में आयोजित किया गया। इसमें आयुष, विधि, सभी नवनिर्वाचित प्रधानों और उपप्रधानों को भारत के संविधान के प्रति निष्ठा एवं श्रद्धा तथा कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

इस मौके पर सभी नवनिर्वाचित प्रधानों एवं उपप्रधानों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए गोमा ने कहा कि प्रदेश सरकार पंचायतीराज संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए कृतसंकल्प है। सरकार ने पंचायतघर के निर्माण की राशि बढ़ाकर 1.14 करोड़ रुपए कर दी है और प्रदेश में गत तीन वर्षों के दौरान पंचायतघरों के निर्माण एवं मरम्मत पर लगभग 113 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

प्रदेश सरकार ने निर्विरोध चुनी गई पंचायतों की इनामी राशि में ढाई गुणा वृद्धि करके इसे 25 लाख प्रति पंचायत कर दिया है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश में इस बार 137 पंचायतें निर्विरोध चुनी गई हैं। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सराहनीय कार्य करने वाले पंचायत जनप्रतिनिधियों को विशेष रूप से पुरस्कृत करेगी। वर्ष 2026-27 से 2030-31 की अवधि के दौरान सरकार पंचायतीराज संस्थाओं को 16वें वित्त आयोग के तहत कुल 3744 करोड़ रुपए जारी करेगी। हमीरपुर जिले की पंचायतों को भी 182 करोड़ से अधिक धनराशि मिलेगी। इस धनराशि और अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले बजट का सदुपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे पेयजल, स्वच्छता, नशा निवारण, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य और स्वरोजगार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के साथ-साथ स्थानीय पंचायत की आय में वृद्धि को भी अपनी प्राथमिकताओं शामिल करें। पेयजल योजनाओं को भी ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में शामिल करें। उन्होंने पंचायतों के कार्य में डिजिटल टैक्नोलॉजी के अधिक से अधिक उपयोग पर भी जोर दिया।



यादवेंद्र गोमा और विधायक आशीष शर्मा एवं इंद्र दत्त लखनपाल मंच पर नमस्कार की मुद्रा में अनंत ज्ञान

### बोले- जनप्रतिनिधियों के लिए आयोजित होंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम

**गोमा** ने कहा कि नवनिर्वाचित पंचायत जनप्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। सभी जनप्रतिनिधि इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेकर पंचायतीराज व्यवस्था को गहनता के साथ समझें और अपने-अपने क्षेत्रों के विकास को गति प्रदान करें। गोमा ने जोर देकर कहा कि पंचायत प्रतिनिधि ईमानदारी से काम करें और इस मामले में जनता के साथ तभी न्याय हो सकेगा यदि वे इसके महत्व को हर वक्त जहन में रखेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू, विधायक कैप्टन रणजीत सिंह, इंद्रदत्त लखनपाल और आशीष शर्मा, कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, ओबीसी आयोग के सदस्य राजीव राणा, एपीएमसी अध्यक्ष अजय शर्मा, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमन भारती, पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा, सुभाष ढटवालिया, पूर्व विधायक मनजीत डोगरा, पार्टी के अन्य पदाधिकारी, उपायुक्त गंधर्वा राठौड़, एसपी बलवीर सिंह, जिला पंचायत अधिकारी बबीता गुलेरिया, अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी, 242 पंचायतों के नवनिर्वाचित प्रधान-उपप्रधान और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

**शॉल-टोपी से सम्मान:** जिला प्रशासन ने कार्यक्रम में मौजूद मुखिया नेताओं का तो शॉल टोपी से सम्मान किया ही, इसके अलावा अन्य कांग्रेस के पदाधिकारियों को भी सम्मानित करके मंच की शोभा तो बढ़ाई ही। ऐसा भी लग रहा था कि जितने भी छोटे बड़े नेता मौजूद हैं उनका इतना महत्वपूर्ण हो गया था जिसके लिए थोड़ा वक्त तो लगा ही, जिसकी चर्चा भी खूब हो रही है।

# 26 साल बाद भोरंज बीडीसी चेयरमैन बनीं कांग्रेस समर्थित पूनम कुमारी



एसडीएम शशि पाल शर्मा की अध्यक्षता में हुआ चुनाव। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, भोरंज।** भोरंज विकास खंड समिति (बीडीसी) के चेयरमैन एवं वाइस चेयरमैन पद के लिए सोमवार को एसडीएम भोरंज शशि पाल शर्मा की अध्यक्षता में चुनाव हुआ। इससे पहले 13 जून को सदस्यों की कम उपस्थिति के कारण कोरम पूरा न होने से चुनाव प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी।

सोमवार को हुए चुनाव में चेयरमैन पद के लिए कांग्रेस समर्थित अमरोह वार्ड की पूनम कुमारी और भाजपा समर्थित बधानी वार्ड की अमीषा के बीच सीधा मुकाबला हुआ। मतदान में पूनम कुमारी को 14 वोट मिले, जबकि अमीषा को 8 मत पड़े। इस तरह पूनम ने छह मतों के अंतर से जीत दर्ज कर भोरंज बीडीसी के चेयरमैन पद पर कब्जा जमाया। इसके साथ ही करीब 26 वर्षों बाद भोरंज में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार बीडीसी चेयरमैन बनने में सफल रही। वहीं, वाइस चेयरमैन पद के लिए भाजपा समर्थित धमरोल वार्ड के कुलदीप कुमार उर्फ विक्की तथा कांग्रेस समर्थित लगमनवी वार्ड के प्रवीण कुमार मैदान में थे। मतदान के बाद दोनों उम्मीदवारों को 11-11 वोट मिले, जिससे मुकाबला बराबरी पर छूट गया। इसके बाद नियमानुसार पर्ची के माध्यम से विजेता का फैसला किया गया। पर्ची में कुलदीप कुमार उर्फ विक्की का नाम निकलने पर उन्हें विजयी घोषित किया गया। चुनाव परिणामों में क्रॉस वोटिंग भी अहम भूमिका में रही। चेयरमैन पद पर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार को अपेक्षा से अधिक समर्थन मिला, जबकि वाइस चेयरमैन पद के चुनाव में बदले राजनीतिक समीकरणों के चलते भाजपा समर्थित उम्मीदवार मुकाबले में बने रहे। राजनीतिक गलियारों में दिनभर इस बात की चर्चा रही कि क्रॉस वोटिंग ने भाजपा की लाज बचाने का काम किया, अन्यथा दोनों शीर्ष पद कांग्रेस के खाते में जा सकते थे।

◆ **वाइस चेयरमैन पद पर भाजपा समर्थित कुलदीप ने पर्ची से दर्ज की जीत**

एसडीएम भोरंज शशि पाल शर्मा ने बताया कि बीडीसी चेयरमैन एवं वाइस चेयरमैन पद के लिए चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाई गई। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों के सहयोग से चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# नीलामी आधारित प्रणाली से बदली कोयला आवंटन व्यवस्था, पारदर्शिता को मिली मजबूती : अनुराग

अनंत ज्ञान

◆ **ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए की कोयला ब्लॉक नीलामी व्यवस्था की समीक्षा**

**हमीरपुर।** हमीरपुर से सांसद एवं संसदीय स्थायी समिति (कोयला, खान एवं इस्पात) के अध्यक्ष अनुराग सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आज समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोयला मंत्रालय, विद्युत मंत्रालय तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य कोयला ब्लॉक नीलामी एवं आवंटन प्रक्रिया की व्यापक समीक्षा करना था, ताकि कोयला क्षेत्र में पारदर्शिता को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके, परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जा सके तथा दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित की जा सके।

समिति ने अवलोकन किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ववर्ती यूपीए सरकार के दौरान प्रचलित अपारदर्शी एवं घोटालों से ग्रस्त कोयला आवंटन व्यवस्था को समाप्त कर एक पारदर्शी एवं प्रतिस्पर्धी नीलामी-आधारित प्रणाली स्थापित की गई है। सरलीकृत स्वीकृति प्रक्रियाओं एवं व्यापक नीतिगत सुधारों के माध्यम से भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगा है, परियोजनाओं के संचालन में उल्लेखनीय तेजी आई है तथा देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कोयले की आपूर्ति अधिक कुशल एवं टिकाऊ बनी है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किए गए ये सुधार भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं तथा विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को गति प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समिति इन नीतियों के क्रियान्वयन की निरंतर समीक्षा करती रहेगी और संबंधित मंत्रालयों को रचनात्मक सुझाव प्रदान करेगी, ताकि शेष चुनौतियों का समाधान किया जा सके। साथ ही जिम्मेदार खनन, पर्यावरणीय संरक्षण तथा राष्ट्रीय विकास के लिए आवश्यक कोयला संसाधनों के तीव्र एवं संतुलित विकास को भी बढ़ावा दिया जा सके।

# सर्वांगीण विकास पर जोर, हिम अकादमी की पहल ने दिया सकारात्मक संदेश



हिम अकादमी बाल वाटिका में प्रथम दिवस शिविर आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी बाल वाटिका में प्रथम दिवस शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर नन्हें विद्यार्थियों के लिए आनंददायक एवं शिक्षाप्रद गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे उनके विद्यालय जीवन की शुरुआत उत्साह और खुशी के साथ हो सके।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वास्थ्य जांच सत्र से हुआ, जिसमें सभी बच्चों की ऊंचाई एवं वजन माप कर दर्ज किया गया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य एवं समग्र विकास पर निरंतर निगरानी रखना है। शिविर के दौरान बच्चों ने विभिन्न मनोरंजक एवं रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल-खेल में सीखने, मित्रों के साथ संवाद स्थापित करने तथा नई गतिविधियों का आनंद लेने से बच्चों में आत्मविश्वास, सहयोग की भावना और सक्रिय सहभागिता का विकास हुआ। पूरे परिसर में उल्लास और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। नन्हें विद्यार्थियों की मुस्कान और ऊर्जा ने इस आयोजन को और भी यादगार बना दिया। यह शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, स्वास्थ्य एवं खुशहाल शिक्षण वातावरण के प्रति हिम अकादमी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रथम दिवस शिविर बच्चों के लिए एक सुखद, प्रेरणादायक और अविस्मरणीय अनुभव सिद्ध हुआ।

### विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम की बैठक में लंबित भुगतान व स्मार्ट मीटरिंग का किया विरोध

# कर्मचारी व पेंशन विरोधी आदेशों को बिना किसी देरी के वापस ले सरकार

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम जिला हमीरपुर की बैठक अणु में ई. जेपी शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा, जिला महासचिव विजय शर्मा सहित लगभग 50 पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में 01-01-2016 से 30-04-2022 तक सेवानिवृत पेंशनर्स की बकाया राशि, लीव-इन-केशमेंट और ग्रेच्युटी के शीघ्र भुगतान की मांग उठाई गई। साथ ही 2022 के बाद सेवानिवृत कर्मचारियों को लंबित वित्तीय लाभ तुरंत देने की भी अपील की गई। फोरम ने 15 प्रतिशत महंगाई भत्ता केंद्र सरकार के पैटर्न पर जारी करने की मांग दोहराई।

प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने कहा कि कई पेंशनर्स अभी भी लंबित भुगतान का इंतजार कर रहे हैं और केवल कुछ वर्गों को ही आंशिक लाभ मिला है। उन्होंने बोर्ड अध्यक्ष से फोरम प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सभी मुद्दों का समाधान निकालने की मांग की। बैठक में वर्क-चार्ज कर्मचारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि से संबंधित हालिया आदेशों पर भी चिंता जताई गई। फोरम ने इसे पूर्व आदेशों के विपरीत बताते हुए वापस लेने की मांग की।

इसके साथ ही स्मार्ट मीटरिंग योजना का विरोध करते हुए इसे जनहित के खिलाफ बताया गया। फोरम ने आरोप लगाया कि निजी कंपनियों को महत्वपूर्ण कार्य सौंपना पारदर्शिता पर प्रश्न खड़ा करता है। बैठक में निर्णय लिया गया कि पेंशनर्स के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा।



अणु में ई. जेपी शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक। अनंत ज्ञान

# पेंशनर्स की मांगों पर सहानुभूति विचार करें मुख्यमंत्री सुक्खू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्ज संघ के प्रदेशाध्यक्ष केसी गौतम, मुख्य संरक्षक योगराज शर्मा, महासचिव ओम राज कंवर, मुख्य सलाहकार हरनाम सिंह ठाकुर, मुख्य संगठन सचिव पुरषोत्तम दास शर्मा व वित्त सचिव शंभू राम जसवाल ने प्रेस बयान में मुख्यमंत्री द्वारा 12 मार्च को नादौन प्रवास के दौरान संघ शिष्टमंडल को दिए गए 65 से 70 वर्ष आयु वर्ग के पेंशनरों के पेंशन संशोधन के लाभ जल्द जारी करने संबंधी आश्वासन के अनुरूप अगले माह तक भुगतान करने की घोषणा का स्वागत किया है। उक्त पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि इस घोषणा के अनुसार 65 वर्ष से ऊपर सभी पेंशनर्स पेंशन संशोधन की वकाया राशि का अपना एरियर प्राप्त कर पाएंगे, परन्तु पेंशनर्ज कैटेगरी में अगस्त, 2019 से जनवरी, 2022 के दौरान सेवानिवृत्त बहुत कम संख्या में पेंशनर्स अपना पेंशन संशोधन का एरियर पाने से वंचित रह जाएंगे जिससे उनके दिलों को गहरी ठेस पहुंचना स्वाभाविक ही है। पेंशनरों ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि जनवरी, 2016 से जनवरी, 2022 के दौरान सेवानिवृत्त पेंशनरों की कैटेगरी में बहुत कम संख्या में वंचित रह रहे 62 से 65 वर्ष आयु वर्ग के पेंशनरों के मामला में सहानुभूतिपूर्वक विचार करके इन्हें भी भुगतान हेतु शामिल करते हुए सरकार द्वारा आवश्यक आदेश जारी करवाने का आग्रह किया गया है। जिससे सरकार समस्त पेंशनरों की पेंशन संशोधन की देनदारियों से पूरी तरह भारमुक्त हो जाएगी व वंचित वर्ग भी समय पर न्याय मिल पाएगा।

# बाहड़ू में वर्षों पुरानी समस्या का समाधान विधायक रणजीत ने किया पुली का लोकार्पण

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बैरी पंचायत के बाहड़ू गांव में लोगों की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हो गया है। विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने संपर्क मार्ग से जुड़े घरों की सुविधा के लिए निर्मित पुलिया का विधिवत उद्घाटन कर इसे जनता को समर्पित किया।

बाहड़ू गांव पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक का गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधायक ने पूजा-अर्चना कर पुलिया का लोकार्पण किया। लोगों ने वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर विधायक का आभार जताया।

विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान करना उनका प्रथम दायित्व है। उन्होंने कहा कि चाहे समस्या छोटी हो या बड़ी, जनता की सुविधा और क्षेत्र के विकास के लिए वह सदैव तत्पर हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में खड्डु में पानी बढ़ जाने के कारण उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। वाहनों को घरों से काफी दूर खड़ा करना पड़ता था तथा आम लोगों को भी आवागमन में परेशानी होती थी। कई बार दैनिक कार्यों के लिए भी जोखिम उठाना पड़ता था। ग्रामीणों ने कहा कि विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने उनकी मांग को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र पुलिया निर्माण का कार्य करवाया, जिससे अब उनकी वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हो गया है। ग्रामीणों ने विधायक का धन्यवाद करते हुए कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिली है और जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बैरी की नवनिर्वाचित प्रधान रेखा देवी, वार्ड पंच बंटी कुमार, इंस्पेक्टर प्यार चंद, प्रवीण कुमार, प्रकाश चंदेल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



पुलिया का लोकार्पण करते विधायक कैप्टन रणजीत सिंह। अनंत ज्ञान

# सीएंडवी अध्यापक संघ की जिला इकाई ने जताया शिक्षा मंत्री व डीसी का आभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय सीएंडवी अध्यापक संघ जिला हमीरपुर की इकाई के समस्त पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का तहेदिल से जनगणना 2027 के लिए प्रगणक और पर्यवेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त सभी प्रकार के शिक्षकों के हित की पैरवी करने के लिए बहुमूल्य योगदान देने के लिए तथा जिला हमीरपुर उपायुक्त महोदया गंधर्वा राठौड़ का जनगणना 2027 में शिक्षकों की डयूटी को लेकर बनी असमंजस की स्थिति को समाप्त करने केलिए आभार जताया। विदित है कि पिछले दिनों से चल रहे गतिरोध को उपायुक्त ने जिला राजस्व अधिकारी के माध्यम से पुनः स्पष्टीकरण आदेश जारी करवाकर सभी प्रगणकों, पर्यवेक्षकों को राहत दिलाई है। संघ का कहना है कि जब हम सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने अपने अपने वर्ग के अन्य साथियों सहित इस मूद्दे को लेकर इनके कार्यालय में जाकर भेंट की थी तथा बड़े ही सौहार्द पूर्ण वातावरण में शिक्षक संगठनों ने जिलाधीश के सामने शिक्षकों का पक्ष रखा था, तो सब कुछ सुनने के बाद मैडम उपायुक्त ने आश्वासन दिया था कि जारी किए आदेशों पर पुनर्विचार किया जाएगा तथा यथास्थिति स्पष्ट कर दी जाएगी। अत: 14-6-2026 को जिला भर के सभी शिक्षकों की समस्या को उपायुक्त कार्यालय द्वारा त्वरित स्पष्टीकरण के आदेश जारी कर हल कर दिया गया।

# जाहू पुलिस की माइनिंग एक्ट के तहत कार्रवाई, एक वाहन का काटा चालान



पत्थर, रेत और बजरी लेकर जाने वाले वाहनों की जांच करते पुलिस टीम।

अनंत ज्ञान

**जाहू।** पुलिस चौकी जाहू द्वारा अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए लगातार माइनिंग एक्ट के तहत वाहनों की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार सुबह पुलिस कर्मचारियों ने पत्थर, रेत और बजरी लेकर जाने वाले वाहनों की गहन जांच की तथा उनके दस्तावेजों के साथ-साथ एम-फॉर्म की भी जांच की। इसके अतिरिक्त माइनिंग एक्ट के तहत एक वाहन का चालान भी काटा गया। पुलिस चौकी प्रभारी अजय कुमार के नेतृत्व में जाहू स्थित शिव मंदिर के पास नाका लगाया गया, जहां आने-जाने वाले सभी वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान माइनिंग एक्ट के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के चालान भी किए गए।

चौकी प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि बिना वैध एम-फॉर्म के पत्थर, रेत या बजरी का परिवहन करने वाले किसी भी वाहन को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध खनन रोक लगाने के लिए पुलिस की यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### ध्वाली में हेल्थ कैंप में 350 लोगों का जांचा स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** ग्राम पंचायत ध्वाली के किसान भवन में निशुल्क नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के 350 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में भानु हॉस्पिटल चक्कर, नेरचौक से नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम, सिविल अस्पताल धर्मपुर से स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं त्वचा रोग विशेषज्ञ, सिविल अस्पताल सरकाघाट से एमडी मेडिसिन विशेषज्ञ, सिविल अस्पताल गोहर से ईएनटी विशेषज्ञ तथा जीवनधारा एमएमयू मंडी की चिकित्सक टीम और लैब तकनीशियनों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के आयोजक एवं ग्राम पंचायत ध्वाली के प्रधान सुनील कुमार ने बताया कि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधान सुनील कुमार ने सभी चिकित्सकों एवं उनकी टीमों का मां जालपा की तस्वीर भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया तथा शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले पंचायत प्रतिनिधियों, युवक मंडलों, महिला मंडलों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

### युवाओं ने लगाया जल और फलों का लंगर



**अनंत ज्ञान, जय देवी।** मंडी जनपद के अराध्य देव कमरूनाग जी के सरनाहुली मेला के उपलक्ष्य में चांबी में गांव भराड़ी के युवाओं के द्वारा जल और फलों का लंगर लगाया गया। देव कमरूनाग मेला में इस बार हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। आते और जाते श्रद्धालुओं की स्वागत के लिए युवाओं के द्वारा फल और जल वितरित किया गया। क्षेत्र युवाओं की देव कमरूनाग जी में अटूट आस्था है। युवाओं में चुन्नी लाल, हरिंदर, हरीश, उदित, धीरज, पूर्ण चंद, पाल चंद, विशाल ने ने सहयोग किया। युवाओं ने बताया कि किस प्रकार हम आम जनमानस की सेवा करते हुए धर्म के मार्ग में आगे बढ़ सकते हैं। इस अवसर पर सभी युवाओं ने धर्म व गौ सेवा करने के लिए कसम खाई।

### सनौर की प्राजिता ने उत्तीर्ण की तीन परीक्षाएं

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** मंडी जिले की तहसील धर्मपुर के गांव सनौर (डाकघर सरी) की बेटी प्राजिता ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है।



प्राजिता का चयन पटना एम्स में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने हिमाचल प्रदेश में असिस्टेंट स्टाफ नर्स की दो अलग-अलग भर्ती परीक्षाएं भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की हैं। इस प्रकार प्राजिता ने कुल तीन महत्वपूर्ण परीक्षाएं पास कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्राजिता के पिता रंजीत सिंह तथा माता लता देवी ने बेटी की इस सफलता पर गर्व व्यक्त किया है। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोंगनी से प्राप्त की और बाद में आईजीएमसी शिमला से पोस्ट बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की। उनकी इस उपलब्धि से गांव और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्राजिता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

पधर व बरोट में 17 जून को गुल रहेगी बिजली

### पधर-बरोट के गांवों में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, पधर।** 33 केवी सब स्टेशन गवाली में आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते 17 जून को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल पधर के सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल पधर ई. नितिन चंदेल ने बताया कि 33/11 केवी सब स्टेशन गवाली में जरूरी कार्य एवं रखरखाव के लिए 17 जून को प्रातः 10 बजे से कार्य समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान विद्युत उपमंडल पधर तथा बरोट के अधीन आने वाले सभी गांव प्रभावित रहेंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि निर्धारित अवधि के दौरान आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लें तथा विभाग के साथ सहयोग करें। उन्होंने बताया कि कार्य पूरा होते ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### सतबाड़ा देव मंदिर चांबी में भक्तिमय हुआ माहौल

**राजेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, जय देवी।** सतबाडा देव मंदिर भराड़ी गांव चांबी में देव कमरूनाग मेला सरनाहुली के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में मां संतोषी भजन मंडली तरोट के कलाकारों ने समां बांधा। मंदिर के पुजारी नरेश शर्मा ने सभी कलाकारों का स्वागत किया तथा सभी को प्रसाद वितरित किया। भजन मंडली के प्रमुख कलाकार नारायण ने प्रसिद्ध भजन 'हृदय से करो पुकार राधा रानी दौड़ी आएगी' भजन गाकर भक्तों को भाव विभोर व रोने के लिए विवश कर दिया। राजेंद्र कुमार, विनय आर्या टेकचंद ने भी भजन गाकर समां बांधा। भजन संध्या में मुख्य रूप से कथावाचक पंडित तेजस्वी दत्त शर्मा ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई व भक्तों को धर्म के मार्ग में चलने व नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया की किस प्रकार सत्संग के माध्यम से ईश्वर की प्राप्ति की जा सकती है।

### रूमा नप सुंदरनगर की अध्यक्ष, लकेश उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** नगर परिषद सुंदरनगर में सोमवार को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव संपन्न हुए। इस अवसर पर एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी सुंदरनगर अमर नेगी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नगर परिषद के 13 में से 11 पार्षद उपस्थित रहे। चुनावी प्रक्रिया के दौरान अध्यक्ष पद के लिए वार्ड नंबर-10 चांगर की पार्षद रूमा देवी तथा उपाध्यक्ष पद के लिए वार्ड नंबर-7 बनायक के पार्षद लकेश कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन पत्रों की जांच एवं अन्य औपचारिकताएं पूरी होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी अमर नेगी ने रूमा देवी को नगर परिषद सुंदरनगर का अध्यक्ष तथा लकेश कुमार को उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया।

# मंत्री अनिरुद्ध ने प्रधानों-उपप्रधानों को दिलाई शपथ

## कहा-16वें वित्त आयोग के तहत मंडी जिले को मिलेंगे 429 करोड़, जनप्रतिनिधियों का जनहित को प्राथमिकता देने का आह्वान

अनंत ज्ञान




**अनिल शर्मा, मंडी।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने सोमवार को पड्डल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह में मंडी जिले की 577 ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित प्रधानों एवं उपप्रधानों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता देकर कार्य करने का आह्वान किया।

अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायतें लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल इकाइयां हैं तथा इनके सशक्तीकरण में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि 16वें वित्त आयोग के तहत वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक प्रदेश की पंचायतीराज संस्थाओं को लगभग 3744 करोड़ रुपए मिलेंगे। इनमें से मंडी जिले को 429.11 करोड़ रुपए प्राप्त होंगे, जबकि चालू वर्ष में 68.89 करोड़ रुपए जारी किए जाएंगे। यह राशि टाइड और अनटाइड निधि के रूप में विकास कार्यों पर खर्च होगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने पंचायत घरों के निर्माण एवं उन्नयन पर पिछले तीन वर्षों में लगभग 113 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। पंचायत घर निर्माण की राशि 33 लाख रुपए से बढ़ाकर 1.14 करोड़ रुपए की गई है।

पंचायत प्रतिनिधियों से पंचायत घरों के लिए भूमि उपलब्ध करवाने तथा विकास कार्यों के लिए वन मंजूरी संबंधी मामलों को प्राथमिकता देने का भी आग्रह किया गया। मंत्री ने कहा कि पंचायतों के डिजिटलीकरण और ऑनलाइन सेवाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। नवनिर्वाचित प्रधानों और उपप्रधानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं तथा डिजिटल प्रशिक्षण प्रणाली भी विकसित की जा रही है। उन्होंने बताया कि निर्विरोध चुनी गई पंचायतों की प्रोत्साहन राशि 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दी गई है। इस बार प्रदेश में 137 पंचायतें निर्विरोध चुनी गई हैं।

समारोह में सदर से विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिल शर्मा, धर्मपुर से विधायक चंद्रशेखर, द्रंग से विधायक पूर्ण चंद ठाकुर, पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर, हि.प्र. राज्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम के अध्यक्ष लाल सिंह कौशल, राज्य जल प्रबंधन बोर्ड के उपाध्यक्ष शशि शर्मा, एपीएमसी मंडी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, जिला कांग्रेस समिति की अध्यक्षा चंपा ठाकुर, हि.प्र. निजी शिक्षण संस्थान नियामक आयोग के सदस्य विजय पाल सिंह, एचपीएमसी निदेशक मंडल के सदस्य जोगिंदर गुलेरिया, पूर्व प्रत्याशी पवन ठाकुर, नरेश चौहान, जीवन ठाकुर, सराज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश रेड्डी, डॉ. चंद्रशेखर, देवेंद्र शर्मा, भागमल भरमौरिया, उपायुक्त अपूर्व देवगन, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह, जिला पंचायत अधिकारी अंचित डोगरा और जिला विकास अधिकारी गोपीचंद पाठक सहित अन्य उपस्थित रहे।

## हिमाचल स्विमिंग एसोसिएशन की चयन प्रक्रिया पर सवालिया निशान

अनंत ज्ञान

◆ कुछ खिलाड़ियों और अभिभावकों ने मांगा जनरल सक्रेटरी का इस्तीफा

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन की चयन प्रक्रिया को लेकर खिलाड़ियों और अभिभावकों में असंतोष देखने को मिल रहा है। चयन सूची और क्वालिफाइंग टाइम सार्वजनिक न किए जाने के आरोपों के बीच कुछ खिलाड़ियों और अभिभावकों ने एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी ईशान अख्तर के इस्तीफे की मांग उठाई है। जानकारी के अनुसार राज्य स्तरीय स्विमिंग ट्रायल्स दो जून को मंडी में आयोजित किए गए थे। प्रतिभागियों का आरोप है कि ट्रायल्स संपन्न होने के बाद भी अब तक चयनित खिलाड़ियों की अंतिम आधिकारिक सूची जारी नहीं की गई है। उनका कहना है कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता नजदीक होने के बावजूद चयन प्रक्रिया को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं मिलने से खिलाड़ियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। खिलाड़ियों का दावा है कि चयन के मानदंडों और क्वालिफाइंग टाइम को सार्वजनिक करने की मांग कई बार उठाई गई, लेकिन इस संबंध में कोई विस्तृत जानकारी साझा नहीं की गई। उनका आरोप है कि 12 जून को एक सूची साझा की गई थी, जिसमें भी पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं थी। प्रतिभागियों के अनुसार जब उन्होंने इस संबंध में एसोसिएशन के पदाधिकारियों से जानकारी लेने का प्रयास किया तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

वहीं कुछ अभिभावकों का आरोप है कि चयन प्रक्रिया में पर्याप्त पारदर्शिता नहीं बरती गई, जिससे खिलाड़ियों के बीच असंतोष बढ़ा है। जानकारी के अनुसार चयन समिति में चेतन शर्मा, मोहिंद्र सिंह जम्वाल और राकेश कुमार वालिया शामिल थे। कुछ खिलाड़ियों और अभिभावकों का दावा है कि चयन प्रक्रिया से जुड़ी अंतिम सूची को लेकर समिति के अन्य सदस्यों को भी पूरी जानकारी नहीं दी गई। हालांकि इस संबंध में एसोसिएशन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 15 जून से अहमदाबाद में आयोजित होनी है। ऐसे में खिलाड़ियों और अभिभावकों ने चयन प्रक्रिया की पूरी जानकारी सार्वजनिक करने तथा मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही कुछ अभिभावकों ने जनरल सेक्रेटरी से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद छोड़ने की मांग भी उठाई है।

## देवीदहड़ बना श्रद्धालुओं व पर्यटकों की पहली पसंद

**अनंत ज्ञान, भौर।** मां शिकारी देवी और देव कमरूनाग के मध्य स्थित देवीदहड़ इन दिनों श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पहाड़ों के बीच स्थित यह रमणीय स्थल गर्मियों और सर्दियों दोनों मौसमों में लोगों को अपनी ओर खींचता है। सुंदरनगर के महादेव क्षेत्र से पहुंचे पर्यटकों ने यहां बच्चों के साथ प्राकृतिक वातावरण का भरपूर आनंद लिया। स्थानीय टैक्सी चालक मुलख राज ने बताया कि वह अक्सर लोगों को इस स्थान के बारे में जानकारी देते हैं। यहां न वाहनों का शोर है और न ही प्रदूषण। प्राकृतिक सौंदर्य के बीच बना पार्क बच्चों और बड़ों सभी को आकर्षित करता है। देवदार के घने पेड़ों से आने वाली ठंडी हवा पर्यटकों को बार-बार यहां आने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने बताया कि सर्दियों में बर्फबारी का आनंद लेने के लिए भी बड़ी संख्या में लोगों को यहां लाया जाता है। देवीदहड़ से एक मार्ग मां शिकारी देवी और दूसरा जाछ के रास्ते देव कमरूनाग की ओर जाता है। वर्षभर यहां श्रद्धालुओं और पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है। मुलख राज का कहना है कि नाचन विधानसभा क्षेत्र में आने वाले इस महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल को अब तक अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं। कोट से देवीदहड़ तक सड़क की हालत खराब होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उनका मानना है कि यदि इस सड़क का विस्तार और सुधार किया जाए तो क्षेत्र में पर्यटन को नया आयाम मिल सकता है। उन्होंने सरकार से देवीदहड़ को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने और यहां मौजूद प्राकृतिक स्थलों को पर्यटन मानचित्र पर प्रमुखता से लाने की मांग की है।

## होमगार्ड भर्ती में 498 में से सिर्फ 41 अभ्यर्थी ही सफल

अनंत ज्ञान

**सुनील शर्मा, गोहर।** मंडी जिला में चल रही होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया के तहत रविवार को छठी वाहिनी प्रशिक्षण केंद्र जासन (चैलचौक) में शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। भर्ती बोर्ड द्वारा जारी जानकारी के अनुसार 830 अभ्यर्थियों को नामांकन पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 498 अभ्यर्थियों ने भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया, जबकि 332 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

भर्ती प्रक्रिया के दौरान निर्धारित मानकों के अनुरूप अभ्यर्थियों की लंबाई, सीना माप, दौड़, ऊंची कूद एवं लंबी कूद की परीक्षाएं निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित की गईं। भर्ती स्थल पर अभ्यर्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल, चिकित्सा दल, पेयजल तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई गई थीं। भर्ती बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि पूरी भर्ती प्रक्रिया वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में संपन्न हुई। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक शारीरिक दक्षता परीक्षा की वीडियोग्राफी भी करवाई गई, ताकि किसी प्रकार की अनियमितता की संभावना न रहे।

भर्ती प्रक्रिया के परिणामों के अनुसार कुल 498 प्रतिभागियों में से 41 अभ्यर्थी निर्धारित मानकों को पूरा कर सफल घोषित किए गए, जबकि 457 अभ्यर्थी विभिन्न शारीरिक दक्षता परीक्षाओं में आवश्यक मानकों को पूरा न कर पाने के कारण अयोग्य घोषित हुए। होमगार्ड भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष कुशल चंद ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि भर्ती के आगामी चरण भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न करवाए जाएंगे।

## वार्ड सदस्य नेकराम ने शपथ से पूर्व पूरा किया अपना वादा

अनंत ज्ञान

**धर्मपुर।** सरसकान पंचायत के कुसरी वार्ड से नवनिर्वाचित वार्ड सदस्य नेकराम (डिम्पल) ने शपथ ग्रहण से पहले ही विकास कार्यों की शुरुआत कर जनता से किए वादों को निभाने की पहल की है। वार्ड में पिछली बरसात से बंद पड़ी सड़क किनारे की नालियों की सफाई के लिए उन्होंने विधायक चंद्रशेखर से मामला उठाया। विधायक के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सफाई कार्य शुरू करवा दिया।



◆ विधायक चंद्रशेखर के हस्तक्षेप से शुरू करवाई नालियों की सफाई

नालियों के बंद होने से बरसात के दिनों में पानी सड़क पर बहने लगता था, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बनने से सड़क को भी नुकसान पहुंचने का खतरा बना रहता था। स्थानीय लोग लंबे समय से इस समस्या के समाधान की मांग कर रहे थे। चुनाव प्रचार के दौरान नेकराम (डिंपल) ने वार्डवासियों को भरोसा दिलाया था कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। जीत के बाद उन्होंने अपने वादे को अमल में लाते हुए सबसे पहले नालियों की सफाई का कार्य शुरू करवाया। नेकराम (डिंपल) ने कहा कि जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वार्ड की अन्य समस्याओं का भी संबंधित विभागों के सहयोग से चरणबद्ध तरीके से समाधान किया जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित वार्ड सदस्य की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शपथ ग्रहण से पहले ही विकास कार्य शुरू होना एक सकारात्मक संकेत है। लोगों ने उम्मीद जताई कि क्षेत्र की अन्य लंबित समस्याओं का भी शीघ्र समाधान होगा। नालियों की सफाई शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी है और आगामी बरसात में जलभराव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

## रोहित शर्मा ने बीए में हासिल किया 9वां स्थान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रविंद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय, सरकाघाट के मेधावी छात्र रोहित शर्मा ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय (एसपीयू) मंडी की बीए परीक्षा-2026 में नौवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रोहित की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने रोहित शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि रोहित की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। प्राचार्य ने उनके उज्ज्वल भविष्य, निरंतर प्रगति एवं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता की कामना की। रोहित शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, प्राचार्य तथा महाविद्यालय के शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन, प्रेरणा और सहयोग के कारण ही वह यह उपलब्धि हासिल कर सके हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन और मेहनत के साथ अध्ययन करने का संदेश भी दिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल, डॉ. राजीव राणा, प्रो. अशोक पठानिया, डॉ. शबनम शर्मा, प्रीति, संजीव कुमार, सुनीता पठानिया, रीता देवी, मालविंदर सिंह, दिनेश कुमार, नवीन शर्मा और राजेश कुमार सहित महाविद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## टिक्करी सधवानी स्कूल में भाषण में शिवांगी ड्राइंग में कशिश रही प्रथम

अनंत ज्ञान




**सरकाघाट।** खंड चिकित्सा अधिकारी बलद्वारा डॉ. अनिल कुमार के सौजन्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टिक्करी सधवानी में विश्व रक्तदाता दिवस का आयोजन उप प्रधानाचार्य विनोद कुमार की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें प्रशिक्षित स्वास्थ्य शिक्षक अचला कुमारी ने रक्तदाता दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। रक्तदान किसी स्वस्थ व्यक्ति द्वारा स्वेच्छा से अपना रक्त किसी जरूरतमंद मरीज के उपचार के लिए देना रक्तदान कहलाता है। रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है । रक्त की आवश्यकता निम्न परिस्थितियों में पड़ती है सड़क दुर्घटनाओं में, बड़े ऑपरेशन के दौरान, प्रसव के समय अत्यधिक रक्तस्राव होने पर, कैंसर रोगियों में, थैलेसीमिया के मरीजों में, गंभीर एनीमिया के मामलों में,जलने के गंभीर मामलों में आयु । अचला कुमारी ने बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति जो 18 से 65 वर्ष का हो और उसका वजन कम से कम 45-50 किलोग्राम हो। हीमोग्लोबिन कम से कम 12.5 ग्राम/डीएल ,व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ हो और रक्तचाप सामान्य हो।अचला कुमारी ने ये भी बताया कि कौन व्यक्ति रक्तदान नहीं कर सकता गर्भवती महिलाएं,स्तनपान कराने वाली माताएं ,गंभीर एनीमिया वाले व्यक्ति ,बुखार या संक्रमण से पीड़ित व्यक्ति, एच आई वी/एड्स,हेपेटाइटिस बी या सी से ग्रसित व्यक्ति ,हाल ही में बड़ी सर्जरी कराने वाले व्यक्ति ,अनियंत्रित गंभीर हृदय रोग वाले व्यक्ति । पुरुष हर 3 महीने बाद और महिलाएं हर 4 महीने बाद रक्तदान कर सकते है और एक समय में 350-450मिलीमीटर तक रक्त दिया जाता है।अचला कुमारी ने बताया कि रक्तदान से पहले पर्याप्त नींद लें। हल्का एवं पौष्टिक भोजन करें। पर्याप्त पानी पीएं। शराब या नशीले पदार्थों का सेवन न करें। और रक्तदान के बाद 10-15 मिनट आराम करें।अधिक पानी और तरल पदार्थ लें।भारी व्यायाम या वजन उठाने से कुछ समय बचें। चक्कर आने पर तुरंत बैठ जाएं या लेट जाएं। इस अवसर पर भाषण व कला प्रतियोगिता भी करवाई गई। भाषण प्रतियोगिता में शिवांगी प्रथम, अंशिका द्वितीय, पलक व रुचिका तृतीय रहे। कला स्पर्धा में प्रथम कशिश, द्वितीय कोमल व तृतीय कृतिका रही।

**श्रद्धा** — कमरुनाग आस्था, नव अन्न और लोक संस्कृति का दिव्य पर्व है बकरयाला साजा

# संक्रांति पर देव कमरुनाग को लगाया अन्न का भोग

अनंत ज्ञान

**लक्की शर्मा, करसोग।** आषाढ़ संक्रांति के अवसर पर प्रसिद्ध देव कमरुनाग से जुड़ा पारंपरिक पर्व 'बकरयाला साजा' श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। समुद्र तल से लगभग नौ हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित कमरुनाग में सरानाहुली मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

मंडी, सराज, सुकेत, करसोग और पांगणा सहित प्रदेश तथा देश-विदेश में बसे श्रद्धालुओं ने भी अपने घरों में परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार इस पर्व का आयोजन किया। श्रद्धालुओं ने प्रातः स्नान और व्रत के बाद पूजा स्थल में देव कमरुनाग की स्थापना की। एक थाली में जल और गंगाजल भरकर कमरुनाग झील का प्रतीकात्मक स्वरूप बनाया गया। इसके साथ देवदार के परागकण, पुष्प, शुष्क मेवे, ऋतु फल, हलवा तथा अन्य प्रसाद सामग्री अर्पित की गई।

पूजा संपन्न होने के बाद आटे से बने बकरे के टुकड़ों को नैवेद्य के रूप में परिवार के सदस्यों में वितरित किया गया। इन्हें बबरू, हलवा और अन्य पारंपरिक व्यंजनों के साथ प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया गया। देव कमरुनाग को नए गेहूं का भोग लगाने के बाद ही नवान्न का सेवन करने की परंपरा निभाई गई।

सुकेत संस्कृति साहित्य एवं जन कल्याण मंच के अध्यक्ष डॉ. हेमेन्द्र बाली ने कहा कि हिमाचल की देव परंपराएं प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान हैं। पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के बीच इन लोक परंपराओं और आस्थाओं के संरक्षण के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर कार्य करना चाहिए।

इस वर्ष बकरयाला साजा के दिन सोमवती अमावस्या का भी विशेष संयोग रहा। पज्याणु गांव के विद्वान रमेश शास्त्री ने बताया कि श्रद्धालुओं ने पितरों की शांति के लिए तर्पण किया तथा अपनी सामर्थ्य अनुसार अन्न, वस्त्र और धन का दान भी दिया। महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि और पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखकर मंगलकामनाएं कीं।

### आटे के बकरों की बलि से निभाई अनोखी परंपरा

**पूजा** के दौरान नए गेहूं के आटे से बने दो बकरों की स्थापना कर देव कमरुनाग को नव अन्न का भोग लगाया गया। धूप, दीप और पुष्प अर्पित करने के बाद इन बकरों की प्रतीकात्मक बलि दी गई। संस्कृति मर्मज्ञ डॉ. जगदीश शर्मा के अनुसार इसी विशिष्ट परंपरा के कारण मंडी जनपद में आषाढ़ संक्रांति को 'बकरयाला साजा' कहा जाता है। लोकमान्यता है कि इस दिन देव कमरुनाग प्रत्येक घर में अंश रूप में विराजमान होकर अपने भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि कमरुनाग झील के प्रतीक रूप में स्थापित जल में सिक्के अर्पित करने और प्रतीकात्मक बलि देने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा जीवन के कष्ट दूर होते हैं।

### जातरुओं के लिए लगाई ठंडे मीठे पानी की छबील

**अनंत ज्ञान,महादेव।** एक ओर जहां देव कमरुनाग के यहां आयोजित की गई जातर के शुभ अवसर पर नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते जंक्शन प्वाइंट धनोटू से लेकर रोहांडा तक के बीच के खास -खास स्थानों पर लोगों ने जातरुओं के लिए ठंडे मीठे पानी की छबील आदि लगाई वहीं। इस सरनाहुली मेले के अवसर पर बकरयाले का साजा (संक्रांति) को धार्मिक श्रद्धा एवं पारंपरिक तरीके से मनाया गया। दैवी शक्तियों के आगे नतमस्तक हुए श्रद्धालु लोगों ने अपने घरों में आटे के मीठे बकरे तैयार कर उनकी तलाई की और पूजा-अर्चना कर उन्हें दैवी शक्तियों खासकर वर्षा के देव (बड़ा देव) कमरुनाग को प्रणाम कर समर्पित किया। तदोपरांत अनाज के इस बकरे को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया इसके साथ ही अन्य पारंपरिक तरीके से तले (फ्राई) किए गए व्यंजनों का भी मेहमानों संग लुत्फ उठाते हुए मौज की।

## द्रंग कॉलेज में मॉक ड्रिल का आयोजन

**अनंत ज्ञान, पधर।** राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला में आपदा प्रबंधन के तहत निकासी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में एनसीसी कैडेट्स, महाविद्यालय के विद्यार्थी तथा शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मॉक ड्रिल के दौरान आपातकालीन स्थिति की सूचना मिलते ही सभी प्रतिभागियों को निर्धारित निकासी मार्गों से सुरक्षित रूप से खुले सुरक्षित स्थल तक पहुंचाया गया। वहां पहुंचने के उपरांत सभी विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों की हेड काउंट प्रक्रिया संपन्न की गई ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी व्यक्ति सुरक्षित रूप से भवन से बाहर निकल चुके हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या निशा वैद्य ने कहा कि इस प्रकार के अभ्यास आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं व्यवस्थित निकासी सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित अनुशासन एवं सहयोग की सराहना की। मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन महाविद्यालय प्रशासन के निर्देशन में किया गया।

## मंडी में धूमधाम से मनाया जाएगा ओलंपिक दिवस

अनंत ज्ञान

◆ आयोजनों के लिए समितियां गठित

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य ओलंपिक संघ के तत्वावधान में आज विभिन्न खेल संस्थानों व जिला खेल संघों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश नेटबॉल संघ के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह ने की। बैठक के दौरान राज्य ओलंपिक संघ के कार्यकारी सदस्य अशोक आनंद ने आगामी 23 जून 2026 को जिला मुख्यालय सहित दो-तीन अन्य दूर-दराज के क्षेत्रों में भी 'ओलंपिक दिवस' भव्य रूप से मनाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। राज्य ओलंपिक संघ ने जिला मंडी में इस विशेष दिवस के सफल आयोजन की कमान अशोक आनंद को सौंपी है। इस गरिमामयी दिवस को सुचारू रूप से आयोजित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के लिए आयोजन समितियों का गठन भी किया गया। इसके तहत मंडी शहर में होने वाले कार्यक्रमों के लिए डीएवी स्कूल मंडी के प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह गुलेरिया को संयोजक और जिला एथलेटिक्स संघ मंडी के सचिव विनोद आर्य को सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, जोगिंदर नगर क्षेत्र में स्थानीय 'पीएम श्री स्कूल' के शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता विक्रम सिंह को संयोजक पद की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि धर्मपुर के ग्रयोह में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए संजीव ठाकुर को संयोजक मनोनीत किया गया है। सभी कमेटियों ने ओलंपिक दिवस के अवसर पर खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं।

देश कभी चोर उचक्कों की करतूतों से बरबाद नहीं होता बल्कि शरीफ लोगों की कायरता और निकम्मेपन से होता है। –शिव खेड़ा

## संपादकीय

# रक्तरंजित होती देवभूमि

देवभूमि हिमाचल प्रदेश की धरती पर बढ़ती आपराधिक घटनाओं ने चिंता की लकीरें खींच दी हैं। प्रदेश में बार-बार हो रही हत्याओं और हिंसक घटनाओं ने आम लोगों के मन में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। शिमला और चंबा में सामने आए हत्या के मामलों ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर हिमाचल में कानून-व्यवस्था की स्थिति किस दिशा में जा रही है?

शिमला में एक स्कूल संचालिका की नकाबपोश हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना इतनी भयावह थी कि पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस मामले में अभी तक अपराधी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। वहीं, दूसरी ओर चंबा जिले के चुराह क्षेत्र में एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, लेकिन यह सवाल बना हुआ है कि क्या केवल कुछ गिरफ्तारियां ही पर्याप्त समाधान हैं।

इसके अलावा पालमपुर की एक घटना ने भी लोगों को चौंका दिया, जहां एक होटल में पनीर में नमक अधिक होने पर ग्राहक की ओर से शिकायत करने पर विवाद इतना बढ़ गया कि होटल मालिक ने गुस्से में आकर ग्राहक के साथ मारपीट कर दी और पिस्तौल तक तान दी। सौभाग्य से इस घटना में कोई जान नहीं गई, अन्यथा यह मामला भी एक गंभीर हत्या में बदल सकता था।

इन घटनाओं के लगातार सामने आने से यह प्रतीत होने लगा है कि हिमाचल प्रदेश में अपराध का ग्राफ धीरे-धीरे बढ़ रहा है। चिंता की बात यह है कि शांत और सुरक्षित माने जाने वाले हिमाचल में अब लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। आम जनता के मन में यह सवाल उठ रहा है कि क्या हिमाचल की शांत वादियों को किसी की नजर लग गई है या फिर समाज में सहनशीलता समाप्त होती जा रही है, जिसके कारण छोटे-छोटे विवाद भी हिंसक रूप ले रहे हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि इन घटनाओं के पीछे कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। कुछ लोग इसे तेजी से बदलती जीवनशैली, पैसों की अंधी दौड़ और रातों-रात अमीर बनने की इच्छा से जोड़कर देखते हैं। वहीं, प्रॉपर्टी विवाद और व्यक्तिगत रंजिश भी ऐसे अपराधों की बड़ी वजह बनते जा रहे हैं। इसके साथ ही नशे का बढ़ता प्रचलन भी एक गंभीर समस्या के रूप में उभर रहा है। विशेषकर चिट्टे की बढ़ती उपलब्धता और तस्करी ने युवाओं को अपराध की ओर धकेलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

जब किसी राज्य में अपराध बढ़ता है, तो उसका सीधा असर विकास और सामाजिक वातावरण पर पड़ता है। निवेश, पर्यटन और सामान्य जनजीवन सभी प्रभावित होते हैं। पर्यटन प्रधान राज्य हिमाचल के लिए यह स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है। यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं पाया गया, तो आने वाले समय में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

इस परिस्थिति में सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। पुलिस व्यवस्था को अधिक सशक्त बनाना होगा, साथ ही अपराधियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। कई लोगों का मानना है कि पुलिस को त्वरित कार्रवाई की अधिक स्वतंत्रता मिलनी चाहिए, ताकि अपराधियों में कानून का भय बना रहे।


हालांकि, यह भी जरूरी है कि कानून के दायरे में रहकर ही सभी कार्रवाई की जाए, ताकि व्यवस्था में संतुलन बना रहे। पुलिस बल में ऐसे सक्षम और ईमानदार अधिकारियों की आवश्यकता है जो परिस्थितियों को नियंत्रित करने में सक्षम हों और जिनके प्रति अपराधियों में वास्तविक भय हो। साथ ही, समाज में भी जागरूकता लाने की आवश्यकता है ताकि लोग छोटे-छोटे विवादों को बातचीत और समझदारी से सुलझाएं, न कि हिंसा का रास्ता अपनाएं। शिक्षा, सामाजिक संवाद और नशे के खिलाफ सख्त अभियान इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

उम्मीद की जानी चाहिए कि पुलिस प्रशासन शिमला और चंबा के हत्या मामलों में जल्द से जल्द निष्कर्ष तक पहुंचेगा और अपराधियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी। निश्चित रूप से इससे न केवल पीड़ितों को न्याय मिलेगा, बल्कि समाज में कानून का विश्वास भी मजबूत होगा। हिमाचल प्रदेश की शांति और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयास ही एकमात्र समाधान है।

## आज की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध पार्श्वगायक एवं संगीतकार

**हेमंत कुमार मुखोपाध्याय** (16 जून 1920–26 सितंबर 1989), जिन्हें प्रेमपूर्वक 'हेमंत दा' कहा जाता था, हिंदी और बांग्ला फिल्म संगीत जगत के महान पार्श्वगायक, संगीतकार तथा निर्माता थे। उनका जन्म वाराणसी, उत्तर प्रदेश में हुआ और प्रारंभिक शिक्षा कोलकाता के मित्रा इंस्टीट्यूट में हुई। बाद में उन्होंने जादवपुर विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू की, लेकिन संगीत के प्रति गहरी रुचि के कारण उसे अधूरा छोड़ दिया। उन्होंने शैलेश दत्त गुप्ता और उस्ताद फैयाज खान से संगीत की शिक्षा प्राप्त की तथा 1930 के दशक के अंत में आकाशवाणी और ग्रामोफोन रिकॉर्डिंग के माध्यम से अपने संगीत जीवन की शुरुआत की।



**हेमंत कुमार मुखोपाध्याय**
**जन्म :** 16 जून, 1920
**मृत्यु :** 26 सितंबर, 1989

हेमंत कुमार ने हिंदी और बांग्ला दोनों भाषाओं में असाधारण सफलता प्राप्त की। 1951 की फिल्म 'आनंदमठ' के संगीत ने उन्हें हिंदी फिल्म उद्योग में पहचान दिलाई। 1954 की फिल्म 'नागिन' उनके करियर की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक रही, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। 'मन डोले मेरा तन डोले', 'याद किया दिल ने', 'है अपना दिल तो आवारा', 'ना तुम हमें जानो', 'ये नयन डरे-डरे' और 'मुझे पुकार लो' जैसे गीत आज भी श्रोताओं के बीच लोकप्रिय हैं। उनकी गहरी, मधुर और भावपूर्ण आवाज ने उन्हें भारतीय संगीत के सबसे सम्मानित गायकों में स्थान दिलाया।

संगीतकार और गायक होने के साथ-साथ हेमंत कुमार एक सफल फिल्म निर्माता भी थे। उन्होंने 'हेमंता बेला प्रोडक्शन' की स्थापना की और 'बीस साल बाद', 'कोहरा', 'खामोशी' तथा 'फरार' जैसी चर्चित फिल्मों का निर्माण किया। उनकी बंगाली फिल्म 'नील आकाशेर नीचे' को राष्ट्रपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। रवींद्र संगीत के विशेषज्ञ माने जाने वाले हेमंत कुमार ने लगभग पांच दशकों तक भारतीय संगीत को समृद्ध किया। 1989 में ढाका से लौटने के बाद उन्हें हृदयाघात हुआ और 26 सितंबर 1989 को उनका निधन हो गया। उनकी अमर रचनाएं आज भी संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध करती हैं।



कविता

### आत्मा की पुकार

डॉ. पीसी कौंडल, वरिष्ठ साहित्यकार, गांव ददोह डा. धावन, त. बल्ह, जिला मंडी (हि.प्र.)

ऐ जीव, यह नहीं है घर अपना, हरगिज है जाना यहां से।
आज नहीं तो कल जरूर, पैगाम है आना वहां से।।
जिसने जहां में भेजा, पैगाम होगा उसी का।
खबर मौत की होगी, ठिकाना यहां न किसी का।।
इस जहां में न है अपना कोई, जो हैं बेगाने सारे।
कौन नहीं जो इसे, अपना बनाते हारे।।
यह जहां भवसागर है, कैसे लगें किनारे।
हमें दुखी देखकर, प्रभु खुद ही पुकारे।।
यह नहीं मालूम, माया का जाल क्यों फैलाया।
जिसकी चपेट में आकर, प्रभु को हम भुलाया।।
इस जहां में रहकर, तूने अच्छा कर्म न कमाया।
कुकर्म करते करते, सारा जन्म व्यर्थ गंवाया।।
निर्धन भले धनवान, जाना सभी को प्यारे।
खेल उस प्रभु के, बड़े अजीब और न्यारे।।
किसे दें दोष हे प्रभु, ये सब कर्म हैं हमारे।
दिखे न कोई अपना, शिवाय एक तुम्हारे।।

# बदलती जनसांख्यिकी से निपटने के लिए समावेशी नीतियों की दरकार

विश्व वर्तमान में एक महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जिसमें वृद्धजन आबादी तेजी से बढ़ रही है। चिकित्सा विज्ञान की प्रगति, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं तथा जीवन प्रत्याशा में वृद्धि के कारण लोगों की औसत आयु लगातार बढ़ रही है। भारत भी इस परिवर्तन से प्रभावित है और आने वाले वर्षों में वृद्धजनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है। वर्ष 2011 में भारत में 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों की संख्या लगभग 10.4 करोड़ थी, जो भविष्य में और बढ़ेगी। इसके साथ ही देश की औसत आयु भी निरंतर बढ़ रही है।



**डॉ. बलदेव सिंह नेगी**
संकाय सदस्य (ग्रामीण विकास)
अंतर्विषयक अध्ययन विभाग, एचपीयू

वृद्धजन आबादी में वृद्धि से स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, आय संरक्षण, मानसिक स्वास्थ्य तथा देखभाल संबंधी सेवाओं की मांग बढ़ेगी। वृद्धावस्था निर्भरता अनुपात में वृद्धि कार्यशील आयु वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक और सामाजिक दायित्व डालेगी। इसलिए वृद्धावस्था को केवल सामाजिक कल्याण का विषय न मानकर विकास, नीति-निर्माण और सामाजिक नियोजन के महत्वपूर्ण मुद्दे के रूप में देखा जाना चाहिए। वृद्धजनों के सम्मानपूर्ण, सुरक्षित और सक्रिय जीवन हेतु प्रभावी नीतियों का निर्माण समय की आवश्यकता है।

**भारत की तुलनात्मक स्थिति :** जापान विश्व के सबसे वृद्ध देशों में से एक है, जहां 65 वर्ष से अधिक आयु की जनसंख्या लगभग एक-तिहाई है। वहां सरकार ने दीर्घकालिक देखभाल, सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुरक्षा तथा वृद्ध-अनुकूल अवसंरचना का प्रभावी विकास किया है। इसके विपरीत भारत अभी अपेक्षाकृत युवा देश है, किंतु तीव्र गति से वृद्ध समाज की ओर बढ़ रहा है। नगरीकरण, प्रवासन और एकल परिवारों की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण पारंपरिक पारिवारिक सहारा कमजोर पड़ रहा है। विशेष रूप से वृद्ध महिलाएं स्वास्थ्य, संपत्ति अधिकार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में अनेक चुनौतियों का सामना करती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, फ्रांस में वृद्धजन आबादी के अनुपात में वृद्धि होने में लगभग 150 वर्ष लगे, जबकि भारत में यही परिवर्तन 20-25 वर्षों में होने की संभावना है। इससे भारत के सामने स्वास्थ्य सेवाओं, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा और देखभाल तंत्र के विकास की चुनौती अधिक गंभीर हो जाती है। इन चुनौतियों से निपटने हेतु भारत सरकार ने राष्ट्रीय वृद्धजन नीति, वरिष्ठ नागरिक कल्याण अधिनियम, अटल वयो अभ्युदय योजना तथा आयुष्मान भारत जैसी पहलें शुरू की हैं। फिर भी पेंशन की



अपर्याप्तता, सीमित स्वास्थ्य सुविधाएं, मानसिक स्वास्थ्य, अकेलापन, डिजिटल बहिष्करण और वृद्धजन उत्पीड़न जैसी समस्याएं अभी भी प्रभावी समाधान की प्रतीक्षा कर रही हैं।

**वृद्धजन उत्पीड़न :** वृद्धजन उत्पीड़न आज एक गंभीर सामाजिक चुनौती बनकर उभर रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, यह किसी विश्वासपूर्ण संबंध में किया गया ऐसा कार्य या उपेक्षा है, जिससे वृद्ध व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक, आर्थिक या सामाजिक हानि पहुंचती है। यह समस्या परिवार, समुदाय तथा देखभाल संस्थानों में देखी जा सकती है। वैश्विक स्तर पर प्रत्येक छह में से एक वृद्ध व्यक्ति किसी न किसी प्रकार के उत्पीड़न का शिकार होता है। भारत में संपत्ति विवाद, आर्थिक निर्भरता, अकेलापन, पारिवारिक तनाव और सामाजिक अलगाव इसके प्रमुख कारण हैं। इस समस्या के समाधान हेतु केवल कानूनी उपाय पर्याप्त नहीं हैं। समाज में वृद्धजनों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और सहानुभूति का विकास आवश्यक है। आयु-आधारित भेदभाव को समाप्त करने, जागरूकता बढ़ाने, प्रभावी सहायता तंत्र विकसित करने तथा परिवार एवं समुदाय आधारित देखभाल को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। हेल्पलाइन, परामर्श सेवाएं और स्थानीय संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी भी वृद्धजनों की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

**हिमाचल प्रदेश में वृद्धजन : अवसर और चुनौतियां :** हिमाचल प्रदेश में लगभग 10 प्रतिशत जनसंख्या, यानी करीब 7 लाख लोग, 60 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग में आते हैं। राज्य की दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां, युवाओं का पलायन तथा दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवाओं की सीमित उपलब्धता वृद्धजनों की चुनौतियों को बढ़ाती हैं। यद्यपि सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धाश्रम, डे-केयर केंद्र, राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य कार्यक्रम (NPHCE) और जेरियाट्रिक स्वास्थ्य सेवाएं संचालित हैं, फिर भी बढ़ती आवश्यकताओं के अनुरूप इनका और विस्तार आवश्यक है। जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न भूस्खलन, बादल फटना और वनाग्नि जैसी आपदाएं भी वृद्धजनों की संवेदनशीलता बढ़ाती हैं।

वृद्धजनों के सम्मानपूर्ण जीवन हेतु सामाजिक सुरक्षा पेंशन का सार्वभौमिक कवरेज, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं, सामुदायिक सहायता तंत्र तथा परामर्श सेवाओं को मजबूत करना जरूरी है। साथ ही उन्हें केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास के सक्रिय भागीदार के रूप में देखना चाहिए। ग्राम सभाओं, स्वयं सहायता समूहों और सामुदायिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित कर उनके अनुभव और ज्ञान का उपयोग किया जा सकता है। वास्तव में वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिनका सम्मान और संरक्षण समावेशी विकास की आधारशिला है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# महंगाई की बढ़ती मार से आम आदमी की जेब पर बढ़ता बोझ

भारत जैसे विशाल और विकासशील देश में महंगाई केवल एक आर्थिक अवधारणा नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के दैनिक जीवन को प्रभावित करने वाली वास्तविकता है। हाल के महीनों में खाद्य तेल, साबुन, डिटर्जेंट, कॉफी, दालें, शैंपू और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में 15 से 20 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों ने आम उपभोक्ता की चिंताओं को और बढ़ा दिया है।



**डॉ. प्रियंका 'सौरभ'**
सामाजिक चिंतक

महंगाई का सबसे अधिक असर मध्यम और निम्न आय वर्ग पर पड़ता है। इन परिवारों की आय सीमित होती है और उनका अधिकांश खर्च भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आवास जैसी बुनियादी जरूरतों पर होता है। वस्तुओं के दाम बढ़ने पर उनकी बचत घट जाती है और कई बार उन्हें अपनी आवश्यकताओं में कटौती करनी पड़ती है या ऋण का सहारा लेना पड़ता है। खाद्य तेलों की कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि देखने को मिली है। भारत अपनी आवश्यकता का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों के उतार-चढ़ाव का सीधा प्रभाव घरेलू बाजार पर पड़ता है। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति शृंखला में व्यवधान और परिवहन लागत में वृद्धि ने खाद्य तेलों को और महंगा बना दिया है।

महंगाई का दूसरा प्रमुख कारण ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी है। पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर महंगे होने से परिवहन लागत बढ़ती है, जिसका असर कृषि, उद्योग और व्यापार सहित पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। खेत से मंडी और फैक्ट्री से बाजार तक हर स्तर पर लागत बढ़ने के कारण वस्तुओं के दाम ऊंचे हो जाते हैं। बढ़ती लागत का दबाव कंपनियों पर भी दिखाई दे रहा है। कच्चे माल, बिजली,




परिवहन और पैकेजिंग की बढ़ी हुई लागत की भरपाई के लिए कंपनियां या तो कीमतें बढ़ा रही हैं या उत्पादों की मात्रा कम कर रही हैं। समान कीमत पर कम मात्रा में उत्पाद मिलने की इस प्रवृत्ति को 'श्रिंकफ्लेशन' कहा जाता है, जो महंगाई का छिपा हुआ रूप है।

महंगाई का सबसे सीधा प्रभाव घरेलू रसोई पर पड़ता है। यदि किसी परिवार का मासिक रसोई बजट पहले 15 हजार रुपए था, तो अब यह बढ़कर 17 से 18 हजार रुपए तक पहुंच सकता है। यह अतिरिक्त खर्च वार्षिक स्तर पर हजारों रुपए का बोझ बन जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी डीजल, खाद, बीज और कीटनाशकों की बढ़ती कीमतों ने कृषि लागत को बढ़ाया है, जिससे किसान और उपभोक्ता दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

महंगाई के सामाजिक प्रभाव भी गंभीर हैं। परिवार सबसे पहले मनोरंजन और गैर-जरूरी खर्चों में कटौती करते हैं, लेकिन स्थिति लंबे समय तक बनी रहने पर शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण पर भी असर पड़ने लगता है। इससे बच्चों के पोषण स्तर और मानव संसाधन विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। यद्यपि नियंत्रित महंगाई आर्थिक विकास का संकेत मानी जाती है, लेकिन जब कीमतें आय और रोजगार की वृद्धि से अधिक तेजी से बढ़ने लगती हैं, तब लोगों की वास्तविक क्रय शक्ति घटने लगती है। वर्तमान समय में यही चुनौती सामने है।

महंगाई पर नियंत्रण के लिए सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक विभिन्न कदम उठाते हैं, लेकिन वैश्विक परिस्थितियों के कारण इनके परिणाम सीमित रह सकते हैं। आवश्यक है कि घरेलू उत्पादन बढ़ाया जाए, कृषि अवसंरचना को मजबूत किया जाए, आपूर्ति शृंखला को अधिक कुशल बनाया जाए तथा जमाखोरी और कृत्रिम मूल्य वृद्धि पर कड़ी निगरानी रखी जाए।

महंगाई आम आदमी की थाली, रसोई और भविष्य से जुड़ा प्रश्न है। इसका समाधान सरकार, उद्योग और उपभोक्ताओं के साझा प्रयासों से ही संभव है। जब तक महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण नहीं होगा, तब तक विकास का वास्तविक लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंच पाएगा।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# तृणमूल कांग्रेस : क्षेत्रीय दलों के 'अवसान' की कड़ी में एक और नाम

भारतीय राजनीति में क्षेत्रीय दलों ने लोकतंत्र को मजबूत करने और राज्यों की आकांक्षाओं को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, किंतु समय-समय पर इन दलों के भीतर नेतृत्व और उत्तराधिकार को लेकर उत्पन्न विवादों ने उनके संगठनात्मक ढांचे को कमजोर किया है।



**तनवीर जाफरी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हाल के वर्षों में पश्चिम बंगाल की राजनीति में भी ऐसे प्रश्न उठने लगे हैं कि क्या ममता बनर्जी द्वारा स्थापित ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस भी परिवारवाद और नेतृत्व संबंधी विवादों की चुनौती का सामना कर रही है।

तृणमूल कांग्रेस की स्थापना 1998 में ममता बनर्जी ने कांग्रेस से अलग होकर की थी। पिछले ढाई दशकों में पार्टी ने पश्चिम बंगाल की राजनीति में उल्लेखनीय सफलता हासिल की और राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। लोकसभा चुनावों में उसके प्रदर्शन ने उसे प्रमुख क्षेत्रीय दलों की श्रेणी में स्थापित किया। हालांकि, हाल के वर्षों में पार्टी के भीतर नेतृत्व संरचना और संगठनात्मक निर्णयों को लेकर समय-समय पर असंतोष की खबरें सामने आती रही हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का एक वर्ग मानता है कि नेतृत्व के केंद्रीकरण तथा नई पीढ़ी को आगे लाने की प्रक्रिया ने कुछ वरिष्ठ नेताओं में असहजता पैदा की है।

भारतीय राजनीति में यह कोई नई घटना नहीं है। महाराष्ट्र में बाल ठाकरे के बाद नेतृत्व को लेकर उत्पन्न विवाद ने शिव सेना को विभाजन की ओर धकेला। राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के बीच मतभेदों ने नई राजनीतिक परिस्थितियां पैदा कीं। हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल के भीतर उत्तराधिकार संबंधी विवादों ने संगठन को कमजोर किया। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी में भी नेतृत्व को लेकर




पारिवारिक मतभेद सार्वजनिक रूप से सामने आए। बिहार की राष्ट्रीय जनता दल, पंजाब की शिरोमणि अकाली दल, आंध्र प्रदेश की तेलगू देशम पार्टी तथा महाराष्ट्र की नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी भी विभिन्न समयों में नेतृत्व और उत्तराधिकार से जुड़े विवादों का सामना कर चुकी हैं।

इन उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि जब किसी दल की पहचान एक परिवार या सीमित नेतृत्व समूह से अत्यधिक जुड़ जाती है, तब संगठनात्मक संतुलन बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। हालांकि परिवारवाद का प्रश्न केवल क्षेत्रीय दलों तक सीमित नहीं है। राष्ट्रीय दलों में भी नेताओं के परिजन राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। इसलिए समस्या केवल किसी एक दल या विचारधारा की नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की व्यापक प्रवृत्ति से जुड़ी हुई है। महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि राजनीतिक दलों में नेतृत्व चयन की प्रक्रिया कितनी लोकतांत्रिक, पारदर्शी और संस्थागत है। तृणमूल कांग्रेस के संदर्भ में भी भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि वह संगठनात्मक एकता बनाए रखने, वरिष्ठ और युवा नेतृत्व के बीच संतुलन स्थापित करने तथा कार्यकर्ताओं के विश्वास को मजबूत करने में कितनी सफल होती है। भारतीय राजनीति का अनुभव बताता है कि जिन दलों ने संस्थागत नेतृत्व विकसित किया, वे अधिक स्थायी साबित हुए, जबकि केवल व्यक्तित्व-आधारित राजनीति पर निर्भर दलों को समय-समय पर संकटों का सामना करना पड़ा।

बहरहाल, परिवारवाद और उत्तराधिकार की राजनीति भारतीय लोकतंत्र के लिए एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। किसी भी राजनीतिक दल की स्थायी सफलता केवल किसी एक नेता की लोकप्रियता पर नहीं, बल्कि मजबूत संगठनात्मक ढांचे, आंतरिक लोकतंत्र, पारदर्शी नेतृत्व चयन और सामूहिक निर्णय प्रक्रिया पर निर्भर करती है। जो दल समय रहते इन मूल्यों को अपनाते हैं, वही लंबे समय तक जनता का विश्वास बनाए रखने में सफल होते हैं। आने वाले वर्षों में क्षेत्रीय दलों की प्रासंगिकता भी इसी कसौटी पर परखी जाएगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# ...जब विकल्प मिल जाए तो पुराने रिश्ते भुला दिए जाते हैं

आज के समय में रिश्तों की प्रकृति तेजी से बदल रही है। पहले संबंध भावनाओं, विश्वास और आपसी सहयोग पर आधारित होते थे, लेकिन अब कई बार वे आवश्यकता और सुविधा के आधार पर तय होते दिखाई देते हैं। जब तक किसी व्यक्ति से कोई काम निकल रहा होता है, तब तक उसका महत्व बना रहता है, और जैसे ही कोई बेहतर विकल्प सामने आता है, पुराने रिश्ते धीरे-धीरे पीछे छूट जाते हैं। यह बदलाव केवल व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक व्यवहार का व्यापक हिस्सा बन चुका है।



**नरेंद्र भारती**
स्वतंत्र लेखक

मानव स्वभाव में स्वार्थ का तत्व हमेशा से मौजूद रहा है, लेकिन पहले इसे सामाजिक मर्यादाओं, नैतिकता और भावनात्मक जिम्मेदारी के कारण संतुलित किया जाता था। आज डिजिटल युग में यह संतुलन कमजोर पड़ता दिख रहा है। संवाद की जगह मौन ने ले ली है। संदेश पढ़ लिए जाते हैं, लेकिन उत्तर नहीं आते; कॉल अनदेखी कर दी जाती है; और मुलाकातें औपचारिकता तक सीमित रह जाती हैं। इस तरह बिना स्पष्ट कारण के दूरी बना लेना अब सामान्य व्यवहार बनता जा रहा है। विकल्पों की बढ़ती उपलब्धता ने इस प्रवृत्ति को और मजबूत किया है। जब किसी व्यक्ति को लगता है कि उसका काम किसी और माध्यम से अधिक तेज या बेहतर तरीके से हो सकता है, तो वह तुलना करने लगता है। नया विकल्प अधिक सुविधाजनक और प्रभावी प्रतीत होता है, जबकि पुराना संबंध अनावश्यक या बोझिल लगने लगता है। कई बार यह मानसिकता भी विकसित होती है कि पुराने रिश्ते को बनाए रखना भावनात्मक निर्भरता है, इसलिए दूरी बनाना ही बेहतर विकल्प है। डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया ने इस प्रक्रिया को और आसान बना दिया है। पहले किसी रिश्ते को खत्म करने के लिए आमने-सामने बातचीत और स्पष्टीकरण



आवश्यक होता था, लेकिन अब केवल एक क्लिक में अनफॉलो, म्यूट या ब्लॉक करके दूरी बनाई जा सकती है। इससे टकराव से बचाव तो होता है, लेकिन संवाद और भावनात्मक जिम्मेदारी कमजोर पड़ती जाती है।

इस प्रवृत्ति का प्रभाव केवल व्यक्तिगत संबंधों तक सीमित नहीं है। राजनीति, व्यापार, पत्रकारिता और अन्य सामाजिक क्षेत्रों में भी यह व्यवहार देखा जा सकता है, जहां आवश्यकता समाप्त होते ही पुराने सहयोगी या संबंध पीछे छोड़ दिए जाते हैं। इससे विश्वास की नींव कमजोर होती है और संबंधों में अस्थिरता बढ़ती है।

हालांकि, इस स्थिति को केवल नकारात्मक दृष्टि से देखना भी पूर्णतः सही नहीं होगा। आधुनिक जीवन में विकल्पों का होना आवश्यक है, क्योंकि यह व्यक्ति को अधिक स्वतंत्र, सक्षम और प्रतिस्पर्धी बनाता है। समस्या विकल्प चुनने में नहीं, बल्कि संबंधों को बिना सम्मान और स्पष्ट संवाद के समाप्त करने में है। यदि कोई रिश्ता आगे नहीं चल सकता, तो उसे ईमानदारी और आभार के साथ स्वीकार करना अधिक मानवीय और संतुलित दृष्टिकोण है। रिश्तों की मजबूती केवल उपयोगिता पर आधारित नहीं हो सकती। वे संवेदना, सम्मान और पारस्परिक समझ पर टिके होते हैं। जब व्यक्ति अपने पुराने संबंधों को पूरी तरह नकार देता है, तो वह केवल दूसरों को नहीं, बल्कि अपने भावनात्मक आधार को भी कमजोर करता है। जीवन में आगे बढ़ना आवश्यक है, लेकिन अतीत और उन लोगों को सम्मान देना भी उतना ही जरूरी है जिन्होंने किसी न किसी रूप में हमारे जीवन को प्रभावित किया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## 'क्वाइट असैसिन' एलेना रायबाकिना

एलेना रायबाकिना टेनिस में कजाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करती हैं। इनका जन्म रूस की राजणानी मॉस्को में 1999 हुआ था। रायबाकिना बहुत आक्रामक और बड़ी सर्विस के लिए जानी जाती हैं। रायबाकिना को मीडिया द्वारा 'क्वाइट असैसिन' (शांत हत्यारा) कहा जाता है क्योंकि वह अपनी आक्रामक खेल शैली के साथ बेहद शांत रहती हैं।



## स्पोर्ट्स विंडो

### दाइची कामाडा के गोल से जापान ने नीदरलैंड को बराबरी पर रोका

**एजेंसी, आर्लिंगटन।** दाइची कामाडा ने अंतिम सीटी बजने से कुछ मिनट पहले गोल किया जिससे जापान ने विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप एफ के मैच में नीदरलैंड को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। जब जापान की हार सुनिश्चित लग रही थी तब कामाडा ने यह महत्वपूर्ण गोल किया जिसे उनका देश वर्षों तक याद रखेगा। कोकी ओगावा के कॉर्नर किक पर कामाडा ने 88वें मिनट में हेडर से गोल किया, जिससे समुराई ब्लू (जापानी टीम) के प्रशंसक खुशी से झूम उठे। इससे जापान ने अपने से अधिक रैंकिंग वाले नीदरलैंड की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। नीदरलैंड की टीम को भले ही अंक बांटने पड़े लेकिन इस ड्रॉ से उसने विश्व कप के ग्रुप चरण में अपने अजेय अभियान को 17 मैच तक पहुंचा दिया है। कामाडा के गोल से नारंगी रंग की जर्सी पहने नीदरलैंड के प्रशंसक सन्न रह गए। (अनंत ज्ञान)

### घुटने में दर्द की वजह से ओली रॉबिन्सन ओवल टेस्ट से बाहर

**एजेंसी, ओवल।** न्यूजीलैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट से पहले इंग्लैंड को एक और झटका लगा है, उसके तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन अपने दाहिने घुटने में लगी चोट के कारण टीम से बाहर हो गए हैं। 32 साल के रॉबिन्सन ने दो साल तक टीम से बाहर रहने के बाद हाल ही में इंग्लैंड की टेस्ट टीम में वापसी की थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ वापसी करते ही उन्होंने जबरदस्त छाप छोड़ी और मैच में सात विकेट लिए। रॉबिन्सन की इस नई मुश्किल ने उनसे शीर्ष स्तर पर अपनी फिटनेस और लंबे समय तक खेलने की क्षमता (ड्यूरेबिलिटी) को साबित करने का एक और मौका भी छीन लिया है। उनका पिछला टेस्ट फरवरी 2024 में रांची में हुआ था, जहां उन्होंने पूरे टेस्ट में सिर्फ़ 13 ओवर फेंके थे और दूसरी पारी में तो एक भी ओवर नहीं डाला था। उनके अंतरराष्ट्रीय करियर में फिटनेस की समस्याएं हमेशा से एक मुद्दा रही हैं, और लॉर्ड्स में शानदार वापसी के बाद, अब उन्हें अपनी लय को आगे बढ़ाने के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा। (अनंत ज्ञान)

### आर्चरी वर्ल्ड कप में भारत का डबल गोल्डः धीरज-अनिल ने रचा इतिहास

**एजेंसी, अंताल्या (तुर्किये)।** तुर्किये के अंताल्या में आयोजित आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-3 में भारतीय तीरंदाजी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। भारत की रिकर्व मिक्स्ड टीम जोड़ी धीरज बोम्मादेवरा और कुमकुम अनिल मोहोड ने विश्व नंबर-1 दक्षिण कोरिया को 5-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने फाइनल से पहले डेनमार्क, अमेरिका और जर्मनी जैसी मजबूत टीमों को मात देकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी। भारत के लिए यह उपलब्धि खास रही क्योंकि 2021 के बाद पहली बार किसी वर्ल्ड कप चरण में देश ने रिकर्व मिक्स्ड टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता है। इसके बाद धीरज बोम्मादेवरा ने पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने फाइनल में दक्षिण कोरिया के ली वू सियोक को 7-3 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके साथ ही धीरज 2021 के बाद वर्ल्ड कप स्तर पर पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय तीरंदाज बन गए। (अनंत ज्ञान)

### फतेहाबाद में तेज रफ्तार प्राइवेट बस खेत में पलटी, 3 की मौत; 12 घायल

**एजेंसी, फतेहाबाद।** हरियाणा के फतेहाबाद जिले में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जब टोहाना की ओर जा रही एक तेज रफ्तार प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। हादसे में एक महिला सहित तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस में क्षमता से अधिक 50 से 55 यात्री सवार थे। यात्रियों ने आरोप लगाया कि चालक बस को तेज गति और लापरवाही से चला रहा था। गांव भोड़ी के पास एक कट पर अचानक मोड़ लेने के दौरान चालक नियंत्रण खो बैठा, जिससे बस पलटकर खेत में जा गिरी। हादसे के बाद ग्रामीणों ने शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला और राहत कार्य में मदद की। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंच गया। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने भी घटनास्थल का दौरा कर राहत कार्यों की निगरानी की। (अनंत ज्ञान)

### पाक वायुसेना का प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, दोनों पायलट मारे

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मर्दान के पास सोमवार को पाकिस्तान वायुसेना का एक प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में दोनों पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेंट मोहम्मद कासिम अब्दुल्ला और लेफ्टिनेंट तल्हा अब्बासी की मौत हो गई। दुनिया न्यूज ने इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार हादसे की वजह का पता लगाने के लिए वायु सेना मुख्यालय ने जांच बोर्ड का गठन किया है। देश के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने हादसे पर दुख जताते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने विमान हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। (अनंत ज्ञान)

# नेशंस कप में भारतीय टीम की विजयी शुरुआत, अमेरिका को 3-2 से हराया

## दीपिका ने दो गोल दागकर बनाई वापसी की राह, नवनीत कौर ने दिलाई निर्णायक बढ़त

**एजेंसी, ऑकलैंड**

भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2026 के अपने पहले मुकाबले में दमदार वापसी करते हुए सोमवार को अमेरिका को 3-2 से हराकर टूर्नामेंट का विजयी आगाज़ किया।

ऑकलैंड के नॉर्थ हार्बर नेशनल हॉकी सेंटर में खेले गए पूल-ए मुकाबले में भारत ने शुरुआती झटकों के बाद शानदार खेल दिखाया। मैच की शुरुआत भारत के लिए चुनौतीपूर्ण रही। अमेरिका ने आक्रामक खेल दिखाते हुए चौथे मिनट में एशले सेसा के फील्ड गोल से बढ़त बनाई। इसके बाद सातवें मिनट में मैडलिन जिमर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अमेरिका को 2-0 की बढ़त दिला दी।

दो गोल से पीछे होने के बाद भारतीय टीम ने धीरे-धीरे मैच पर पकड़ बनानी शुरू की। दूसरे क्वार्टर में वापसी कर रही ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ दीपिका ने 17वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर अंतर कम किया।

इसके बाद भारतीय टीम का दबाव लगातार बढ़ता गया। 24वें मिनट में भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और दीपिका ने एक बार फिर शानदार कन्वर्जन करते हुए स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।



बराबरी के बाद भारत ने अपनी लय बरकरार रखी और हाफ टाइम से पहले ही बढ़त हासिल कर ली। 28वें मिनट में नवनीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 3-2 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने कई मौके बनाए, लेकिन दोनों ओर की रक्षापंक्ति मजबूत रही। पूरे मैच में दोनों टीमों को छह-छह पेनल्टी कॉर्नर मिले, हालांकि कोई भी टीम आगे गोल नहीं कर सकी। भारत ने अंतिम क्षणों तक बढ़त बनाए रखी और महत्वपूर्ण तीन अंक अपने नाम किए। दो गोल करने वाली दीपिका को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ भारतीय टीम पूल-ए में तीन अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई। जापान भी तीन अंकों पर है, लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण शीर्ष पर बना हुआ है। अब भारतीय महिला टीम अपना अगला मुकाबला 16 जून को जापान के खिलाफ खेलेगी। (अनंत ज्ञान)

## यासिन अयारी के दो गोलों की बदौलत स्वीडन ने ट्यूनीशिया को 5-1 से रौंदा

**एजेंसी, मोंटेरे**



फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-एफ मुकाबले में स्वीडन ने सोमवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्यूनीशिया को 5-1 से हराकर अपने अभियान की दमदार शुरुआत की। मोंटेरे स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में यासिन अयारी दो गोल दागकर जीत के नायक बने। स्वीडन ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और सातवें मिनट में बढ़त हासिल कर ली। यासिन अयारी ने बॉक्स के बाहर से जोरदार शॉट लगाकर गेंद को गोल में पहुंचाया।

इसके बाद 30वें मिनट में स्टार स्ट्राइकर अलेक्जेंडर इसाक ने दूसरा गोल कर स्वीडन की बढ़त को दोगुना कर दिया। पहले हाफ के अंतिम क्षणों में ट्यूनीशिया ने वापसी की उम्मीद जगाई। ओमर रेकीक ने शानदार हेडर लगाकर टीम के लिए गोल किया और स्कोर 2-1 कर दिया। हालांकि दूसरे हाफ में स्वीडन ने मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण कर लिया। 59वें मिनट में विक्टर ग्योकेरेस ने तीसरा गोल कर ट्यूनीशिया की वापसी की संभावनाओं को लगभग खत्म कर दिया। इसके बाद मैच में उतरे स्थानापन्न खिलाड़ी मटियास स्वानबर्ग ने मैदान पर आने के मात्र 18 सेकंड के भीतर गोल दागकर स्वीडन की बढ़त 4-1 कर दी। इंजरी टाइम में एक बार फिर यासिन अयारी ने बॉक्स के बाहर से शानदार शॉट लगाकर अपना दूसरा और टीम का पांचवां गोल किया।

इस जीत के साथ स्वीडन ने ग्रुप-एफ में तीन अंक हासिल कर शानदार शुरुआत की, जबकि ट्यूनीशिया को अपने अगले मुकाबले में वापसी की चुनौती का सामना करना होगा। (अनंत ज्ञान)

## शुरुआत में हमने अपने ऊपर दबाव डाल दिया: हरमनप्रीत

**एजेंसी, बर्मिंघम**

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप एक मैच में रविवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ 64 रन की आसान जीत के बाद कहा कि उनकी टीम ने शुरुआत में अपने ऊपर गैरजरूरी दबाव डाल दिया था।



भारत के 171 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा (10 रन पर पांच विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने 17 ओवर में 106 रन पर सिमट गई। बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी (21 रन पर तीन विकेट) और शैफाली वर्मा (22 रन पर एक विकेट) ने भी दीप्ति का अच्छा साथ निभाया।

स्मृति मंधाना ने इससे पहले दो जीवनदान का फायदा उठाते हुए 44 गेंद में नौ चौकों और दो छक्कों से 68 रन की पारी खेलने के अलावा कप्तान हरमनप्रीत कौर (36 रन, 35 गेंद, चार चौके) के साथ तीसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी भी की जिससे भारत ने छह विकेट पर 170 रन बनाए जो टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ उसका सर्वोच्च स्कोर है। ऋचा घोष ने अंत में 17 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के से 34 रन की पारी खेली और दीप्ति शर्मा (नाबाद 12) के साथ छठे विकेट के लिए सिर्फ 21 गेंद में 45 रन की तेजतर्रार साझेदारी भी की।

हरमनप्रीत ने मैच के बाद स्मृति और दीप्ति की सराहना करते हुए कहा, ''जब भी हमें जरूरत होती है वे टीम का हौसला बढ़ाने के लिए हमेशा मौजूद रहती हैं। पिच ठीक-ठाक थी। शुरुआत में हमने बिना वजह खुद पर दबाव बना लिया था लेकिन जब स्मृति और मैं बल्लेबाजी कर रहे थे तो हमने खेल को नियंत्रित करने की कोशिश की। (अनंत ज्ञान)

## जोसेफ ने बरपाया कहर, वेस्टइंडीज ने श्रीलंका से छीनी सीरीज

### वेस्टइंडीज ने तीसरे टी-20 में श्रीलंका को 5 विकेट से हराया, सीरीज 2-1 से जीती

**एजेंसी, जमैका**

तेज गेंदबाज़ शमार जोसेफ की करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ी और शेरफेन रदरफोर्ड की संयमित अर्धशतकीय पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने तीसरे और निर्णायक टी20 मुकाबले में सोमवार को श्रीलंका को 5 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज़ 2-1 से अपने नाम कर ली।

पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी रही। कमिल मिशारा और पथुम निसांका ने तेज रन बनाए और टीम ने शुरुआती ओवरों में मजबूत स्थिति बना ली। पांचवें ओवर तक स्कोर 48/1 पहुंच गया था और बड़ा स्कोर बनने की उम्मीद दिख रही थी।

हालांकि इसके बाद मैच का रुख पूरी तरह बदल गया। तेज गेंदबाज़ शमार जोसेफ ने अपने पहले ही ओवर में दो बड़े विकेट लेकर श्रीलंका की लय तोड़ दी। मिशारा 23 गेंदों पर 28 रन बनाकर आउट हुए और इसके बाद श्रीलंका लगातार विकेट गंवाता चला गया। मध्यक्रम में दासुन शनाका और दुनिथ वेलालागे ने पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन शनाका के आउट होने के बाद दबाव और बढ़ गया। वेलालागे ने कुछ आक्रामक शॉट लगाकर टीम को संभालने का प्रयास किया, लेकिन अंतिम ओवर में फिर शमार जोसेफ ने तीन विकेट लेकर श्रीलंका को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 169 रन पर सिमट गई। जोसेफ ने 5 विकेट लेकर 33 रन दिए और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला पांच विकेट हॉल दर्ज किया। 170 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत धीमी रही। शुरुआती तीन ओवरों में सिर्फ 10 रन बने और कप्तान शाई होप जल्दी आउट हो गए।

इसके बाद शिमरॉन हेटमायर ने तेज बल्लेबाज़ी करते हुए टीम को संभाला। मध्य ओवरों में श्रीलंका के स्पिनरों, खासकर वानिंदु हसरंगा, ने मैच में वापसी कराई और वेस्टइंडीज का स्कोर 10 ओवर में 64/4 हो गया। ऐसे समय में शेरफेन रदरफोर्ड ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने दबाव में बल्लेबाज़ी करते हुए नाबाद 54 रन (40 गेंद) बनाए और टीम को जीत के करीब पहुंचाया। अंत में जेसन होल्डर ने तेज़ी से रन बनाते हुए मैच खत्म कर दिया। वेस्टइंडीज ने 19.4 ओवर में 170/5 बनाकर मुकाबला जीत लिया और सीरीज़ पर कब्ज़ा जमा लिया। (अनंत ज्ञान)



**संक्षिप्त स्कोरः**

| | |
|---|---|
| **श्रीलंका** | **169 ऑलआउट (20 ओवर)** |
| दुनिथ वेलालागे | 43 रन |
| शमार जोसेफ | 5/33 |
| **वेस्टइंडीज** | **170/5 (19.4 ओवर)** |
| शेरफेन रदरफोर्ड | 54* |
| **जेसन होल्डर** | **21*** |
| वानिंदु हसरंगा | 2/17 |

**परिणामः** वेस्टइंडीज 5 विकेट से विजयी, सीरीज 2-1 से जीती।

## बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम पहुंचे मुकेश अंबानी बीकेटीसी को 10 करोड़ रुपए का दिया दान

**एजेंसी, बद्रीनाथ/केदारनाथ**

देश के प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी ने सोमवार को उत्तराखंड स्थित भगवान बदरीविशाल और बाबा केदारनाथ के दर्शन कर देश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) को 10 करोड़ रुपये का दान भी दिया।

बीकेटीसी के अनुसार अंबानी ने सबसे पहले बद्रीनाथ धाम पहुंचकर भगवान बदरीविशाल के दर्शन और पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने केदारनाथ धाम में बाबा केदारनाथ के दर्शन किए। दोनों धामों में मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत कर प्रसाद भेंट किया। इस दौरान अंबानी ने बीकेटीसी को बदरीनाथ धाम की व्यवस्थाओं के लिए पांच करोड़ रुपये और केदारनाथ धाम की व्यवस्थाओं के लिए पांच करोड़ रुपए के दो चेक सौंपे। बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि अंबानी परिवार की भगवान बदरीविशाल और बाबा केदारनाथ के प्रति गहरी आस्था है। उन्होंने कहा कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी मुकेश अंबानी ने मंदिर समिति को उदार सहयोग दिया है, जिसके लिए समिति उनकी आभारी है।



बद्रीनाथ धाम में इस अवसर पर बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, सदस्य धीरज मौनू पंचभैया, रजनीश भट्ट,मुख्य कार्याधिकारी सोहन सिंह रांगड़, पूर्व सीईओ बीडी सिंह, प्रभारी अधिकारी गिरीश चौहान, पूर्व सदस्य भास्कर डिमरी, धर्माधिकारी स्वयंबर सेमवाल, वेदपाठी रविन्द्र भट्ट, प्रमोद नौटियाल, भूपेंद्र रावत सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने मुकेश अंबानी का स्वागत किया और उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

केदारनाथ धाम में बीकेटीसी उपाध्यक्ष विजय कप्रवान, सदस्य डा.विनीत पोस्ती प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी, केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी पुजारी टी गंगाधर लिंग, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डीएस भुजवाण,वरिष्ठ सहायक विपिन तिवारी जेई विपिन कुमार, विवेक शुक्ला,दीपक पंवार,सूरज जमलोकी आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिकी हमले पर निराशाजनक भारत का रुखः कांग्रेस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ओमान की खाड़ी में अमेरिकी हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत पर दुख जताया है। पार्टी ने सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि हमारे नागरिकों की मौत पर सरकार चुप क्यों है? पार्टी ने पीड़ितों के लिए न्याय की मांग करते हुए वैश्विक मंच पर सरकार के रुख को बेहद कमजोर और निराशाजनक बताया है। कांग्रेस-सोशल मीडिया व डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकारवार्ता में कहा कि 11 जून को ओमान की खाड़ी में एमटी सेटेबेलो जहाज पर अमेरिकी हमले में भारत के तीन बहादुर नाविक हिमाचल प्रदेश के आदित्य शर्मा, यूपी के शिवानंद चौरसिया और आंध्र प्रदेश के पटनाला सुरेश की मौत हो गयी। इस युद्ध से भारत का कोई लेना-देना नहीं है, इसके बावजूद भारतीय नागरिक इस टकराव में अकारण मारे जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिका-ईरान समझौते का पीएम मोदी ने किया स्वागत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अमेरिका और ईरान के बीच पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए बनी सहमति का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत को उम्मीद है कि इस समझौते के क्रियान्वयन से क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल होगी तथा वैश्विक व्यापार और नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित हो सकेगी।



प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण दुनिया भर में गंभीर आर्थिक व्यवधान उत्पन्न हुआ है और कई देशों में जनहानि भी हुई है। ऐसे में अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष समाप्त करने के लिए बनी समझ का वह स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा, 'भारत को आशा है कि इस समझ के प्रभावी क्रियान्वयन से क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल होगी तथा नौवहन और वाणिज्य की स्वतंत्रता सुनिश्चित होगी। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि शेष लंबित मुद्दों पर जारी वार्ता एक टिकाऊ और अंतिम समझौते तक पहुंचेगी, जिससे क्षेत्र में दीर्घकालिक शांति स्थापित हो सके।

प्रधानमंत्री मोदी की यह प्रतिक्रिया उस समय आई जब खबरें सामने आईं कि अमेरिका और ईरान ने युद्ध समाप्त करने, रणनीतिक महत्व वाले होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर वार्ता दोबारा शुरू करने के उद्देश्य से एक प्रारूप ढांचे पर सहमति बनाई है। (अनंत ज्ञान)

## चांदी 8,429 बढ़कर 2.51 लाख पर पहुंची सोना 2,369 महंगा होकर हुआ 1.50 लाख

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सोना-चांदी के दाम में 15 जून को तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, एक किलो चांदी 8,429 रुपए बढ़कर 2.51 लाख रुपए पर पहुंच गई। इससे पहले इसकी कीमत 2.43 लाख रुपए प्रति किलो थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,369 रुपए बढ़कर 1.50 लाख रुपए पर पहुंच गया है। सोना-चांदी में ये तेजी अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता फिर शुरू होने से आई है। इससे कच्चे तेल की कीमतें गिरी हैं, महंगाई का डर कम हुआ और डॉलर कमजोर पड़ा, जिससे निवेशक सोने-चांदी की तरफ लौटे हैं।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 17 हजार रुपए और चांदी 21 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10g सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.50 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.51 लाख रुपए पर पहुंच गई है। (अनंत ज्ञान)



### सेंसेक्स 1200 अंक चढ़ा और निफ्टी में आई 350 अंकों की तेजी

**एजेंसी, मुंबई।** ईरान-अमेरिका के बीच संभावित शांति समझौते की खबरों से शेयर बाजार में आज यानी 15 जून को बढ़त है। सेंसेक्स 1200 अंक (1.50%) की तेजी के साथ 76,700 पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 350 अंकों (1.53%) की तेजी है, ये 23,985 के स्तर पर आ गया है। ऑटो, बैंक और रियल्टी शेयर्स में सबसे ज्यादा खरीदारी का ट्रेंड है। इधर, होर्मुज स्ट्रेट को खोले जाने की खबर के चलते ब्रेंट क्रूड यानी कच्चे तेल के दाम में आज 4% की गिरावट है। यह 83 प्रति बैरल पर आ गया है।

## टीवी अभिनेत्री संचिता उगले ने की आत्महत्या

**एजेंसी, मुंबई।** टेलीविजन जगत की जानी मानी अभिनेत्री संचिता उगले अपने घर में मृत पाई गईं हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उन्होंने कथित तौर पर आत्महत्या की है। पुलिस मामले की गहन छानबीन कर रही है। घटना के बाद मनोरंजन जगत और उनके प्रशंसकों के बीच शोक की लहर दौड़ गई है।

पुलिस के मुताबिक संचिता अपने माता-पिता और बहन के साथ मुंबई महानगर क्षेत्र के नालासोपारा में रहती थीं। घटना के समय वह घर में अकेली थीं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि उन्होंने साड़ी के सहारे फांसी लगाई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। संचिता उगले टीवी के कई चर्चित धारावाहिकों जैसे 'कुमकुम भाग्य', 'दिलवाली दूल्हा ले जाएगी' और 'साजन घर' में काम किया था। उन्होंने फिल्मों में भी काम किया और हाल ही में विक्की कौशल अभिनीत फिल्म 'छावा' में 'ताराबाई' के किरदार में दिखाई दी थीं। खास बात यह है कि मौत से कुछ घंटों पहले ही उन्होंने सोशल मीडिया पर एक रील वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह बेहद खुश नजर आ रही थीं। उनकी अचानक मौत की खबर से फैंस स्तब्ध हैं व सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाला : लगातार दूसरे दिन ईडी के समक्ष पेश हुए अभिषेक बनर्जी

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर से लोकसभा सांसद व तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी सोमवार को प्राथमिक शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय पहुंचे। उन्हें सुबह 11 बजे सॉल्टलेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में तलब किया गया था। हालांकि, वह निर्धारित समय से पहले ही वहां पहुंच गए। ईडी कार्यालय में प्रवेश करते समय उन्होंने मीडिया के सवालों पर कोई टिप्पणी नहीं की। अभिषेक की पेशी को लेकर इस बार सीजीओ कॉम्प्लेक्स में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था देखने को नहीं मिली। परिसर में न तो अतिरिक्त पुलिस बल और न ही केंद्रीय बलों की तैनाती की गई थी। इससे पहले जब भी अभिषेक जांच एजेंसियों के समक्ष पेश होते थे, तब पूरे क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरती जाती थी और आवाजाही पर भी नियंत्रण लगाया जाता था।



रविवार को भी अभिषेक ने विधानसभा हस्ताक्षर जालसाजी मामले में सीआईडी के समक्ष भवानी भवन में लगभग साढ़े आठ घंटे तक पूछताछ का सामना किया था। इसी मामले में बेलियाघाटा से तृणमूल विधायक कुणाल घोष को भी बुलाया गया था। सूत्रों के अनुसार, दोनों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की गई। सीआईडी कार्यालय से निकलने के बाद अभिषेक सीधे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आवास पहुंचे थे।

अभिषेक को मंगलवार को भी सीआईडी ने फिर से तलब किया है। इसके अलावा सॉल्टलेक में दर्ज एक अन्य शिकायत के संबंध में राज्य पुलिस की खुफिया शाखा बुधवार को भी उनसे पूछताछ करना चाहती है। हालांकि, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने विधानसभा हस्ताक्षर जालसाजी मामले में उन्हें जांच में सहयोग करने का निर्देश देते हुए अगले दो सप्ताह तक उनके खिलाफ किसी भी कठोर कार्रवाई पर रोक लगाई है। लेकिन प्राथमिक भर्ती मामले और सॉल्टलेक के अन्य मामले में उन्हें ऐसी कोई राहत प्राप्त नहीं है। प्राथमिक शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले की जांच ईडी लंबे समय से कर रही है। इससे पहले केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की जांच के दौरान सामने आए एक ऑडियो क्लिप में अभिषेक बनर्जी नाम के व्यक्ति का उल्लेख हुआ था। (अनंत ज्ञान)

# पंचायतीराज लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी, बिना भेदभाव करें जनसेवा : चंद्र

## 242 पंचायतों के प्रधान-उपप्रधानों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार चौधरी ने सोमवार को कुल्लू जिले के छह विकास खंडों की 242 पंचायतों के नवनिर्वाचित प्रधानों एवं उपप्रधानों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कुल्लू के अटल सदन सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह लोकतांत्रिक मूल्यों और पंचायतीराज व्यवस्था के प्रति जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक बना।

समारोह में कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर, बंजार के विधायक सुरिंदर शौरी, आनी के विधायक लोकिंदर कुमार तथा एपीएमसी के अध्यक्ष राम सिंह मियां विशेष रूप से उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और गणमान्य लोगों की मौजूदगी में नवनिर्वाचित प्रधानों और उपप्रधानों ने अपने दायित्वों का ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करने का संकल्प लिया।

प्रो. चंद्र कुमार ने सभी नवनिर्वाचित प्रधानों एवं उपप्रधानों को बधाई देते हुए कहा कि पंचायतीराज व्यवस्था भारतीय लोकतंत्र की सबसे मजबूत और प्रभावी कड़ी है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें विकास की आधारशिला हैं और गांवों के समग्र विकास में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव किसी राजनीतिक दल के चुनाव चिन्ह पर नहीं लड़े जाते, जो लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती है। इससे निर्वाचित प्रतिनिधियों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर केवल जनहित में कार्य करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि पंचायतों को पर्याप्त अधिकार इसलिए दिए गए हैं ताकि स्थानीय स्तर पर मूलभूत सुविधाओं का विकास हो और आम लोगों की समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने सभी प्रधानों और उपप्रधानों से आग्रह किया कि वे बिना किसी गुण-दोष, भेदभाव या पक्षपात के प्रत्येक नागरिक के हित में कार्य करें और जनसेवा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पंचायतों में बड़ी संख्या में शिक्षित और जागरूक युवा प्रतिनिधि चुनकर आए हैं। ऐसे में आवश्यक है कि वे अपनी शक्तियों, अधिकारों और जिम्मेदारियों को भली-भांति समझें तथा पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ पंचायतों का संचालन करें। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि आगामी पांच वर्षों तक वे अपनी पंचायतों की निस्वार्थ भाव से सेवा करें और गांवों को विकास, स्वच्छता, पारदर्शिता तथा जनकल्याण के आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित करने का प्रयास करें।



कुल्लू के अटल सदन सभागार में नवनिर्वाचित प्रधानों व उपप्रधानों को शपथ दिलाई मंत्री प्रो. चंद्र कुमार। अनंत ज्ञान

## केवल पठानिया ने केलांग में प्रधानों और उपप्रधानों को दिलाई शपथ, ग्रामीण विकास को बताया प्राथमिकता

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** केलांग में जिला लाहौल-स्पीति के नवनिर्वाचित पंचायत प्रधानों एवं उप-प्रधानों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया।

उप मुख्य सचेतक एवं विधायक शाहपुर केवल सिंह पठानिया ने सभी प्रतिनिधियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा और उपायुक्त किरण भड़ाना भी उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में अनुराधा राणा ने सभी नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि वे अपने क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास और जनकल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से शुभकामनाएं देते हुए पंचायतों को ग्रामीण विकास की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में पंचायतों की अहम भूमिका है। उन्होंने नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता अभियानों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 16वें वित्त आयोग के तहत 2026 से 2031 तक पंचायत विकास के लिए 3744 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सरकार डिजिटल पंचायत व्यवस्था और ऑनलाइन सेवाओं को बढ़ावा दे रही है। निर्विरोध चुनी गई 17 पंचायतों को 25 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा भी की गई। कार्यक्रम में सभी पंचायत प्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


पंचायत प्रतिनिधियों का शपथ दिलाई केवल सिंह पठानिया। अनंत ज्ञान

### शीतकालीन खेलों को मिली नई पहचान, युवाओं को मिलेगा प्रतिभा दिखाने का अवसर

## फेडरेशन ऑफ इंटर नेशनल स्की ने भारतीय स्की एवं स्नो बोर्ड एसोसिएशन को दी मान्यता

◆ भारतीय स्की एंड स्नो बोर्ड के अध्यक्ष रूप चंद ने दी जानकारी

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** अंतरराष्ट्रीय स्की एवं स्नोबोर्ड महासंघ फिस (फेडरेशन ऑफ इंटर नेशनल स्की) ने भारत में स्की और स्नोबोर्ड खेलों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए भारतीय स्की एवं स्नो बोर्ड एसोसिएशन को राष्ट्रीय मान्यता प्रदान कर दी है।

फिस ने पूर्व संस्था ने इंडियन स्की एंड सनों बोर्ड की सदस्यता समाप्त कर भारतीय स्की एंड सनों बोर्ड को भारत की आधिकारिक राष्ट्रीय संस्था के रूप में पूर्ण सदस्यता दी है। इसकी जानकारी भारतीय स्की एंड स्नो बोर्ड के अध्यक्ष रूप चंद नेगी ने मनाली में पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि यह फैसला जून 2026 में सर्बिया के बेलग्रेड में आयोजित फिस कांग्रेस के दौरान लिया गया। उन्होंने कहा कि इससे भारतीय शीतकालीन खेलों को नई दिशा मिलेगी और खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक अवसर प्राप्त होगा। बेलग्रेड में आयोजित फिस कांग्रेस में लिए गए इस निर्णय से देश में शीतकालीन खेलों के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। मनाली के युवाओं ने जो शीतकालीन खेलों में भाग लेते हैं। सभी खिलाड़ियों और खेल प्रशासकों ने इसे भारतीय स्की एवं स्नोबोर्ड खेलों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। विंटर स्पोर्ट्स क्लब मनाली के फाउंडर मेंबर अमरनाथ और जगदीश लाल ने बताया कि रूप चंद नेगी की कार्य कुशलता से ही फिस ने भारतीय स्की एंड सनों बोर्ड को मान्यता मिली है। अब हमारे शीत कालीन खेलों के युवाओं को अंतर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि मनाली शीत कालीन खेलों की आपार संभावनाएं हैं अगर सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाए तो साहसिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सकता है ।


मनाली में पत्रकारों से बातचीत करते रूप सिंह नेगी। अनंत ज्ञान

## निजी दौरे पर पहुंचे विक्रमादित्य ने किया सड़क का औचक निरीक्षण

### लोक निर्माण मंत्री ने बंजार-बठाहड़ सड़क की गुणवत्ता जांची, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश



निरीक्षण के दौरान मंत्री विक्रमादित्य ने बंजार-बठाहड़ सड़क पर चल रहे मेटलिंग कार्य का जायजा लिया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह इन दिनों अपने निजी प्रवास पर तीर्थन घाटी में हैं। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण एवं विकास कार्यों का अनौपचारिक निरीक्षण कर संबंधित विभागों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मंत्री के इस दौरे की जानकारी पहले सार्वजनिक नहीं थी और बाद में सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंची। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने बंजार-बठाहड़ सड़क पर चल रहे मेटलिंग कार्य का जायजा लिया और निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है।

मंत्री ने बरसात के मौसम को देखते हुए सड़क किनारे आवश्यक नालियों का निर्माण शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा के दौरान सड़कों को नुकसान न पहुंचे। इसके अलावा जिन स्थानों पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य अभी बाकी है, वहां कार्य में तेजी लाने को भी कहा गया ।दौरे के दौरान क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही गुशैणी कैंची समस्या भी मंत्री के समक्ष उठाई गई। उन्होंने संबंधित विभाग को इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक तकनीकी और प्रशासनिक प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए ।बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए बंजार-बठाहड़ चौक को आधुनिक ढंग से विकसित करने का सुझाव भी मंत्री के समक्ष रखा गया। इस पर उन्होंने विभाग को व्यवहारिक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। मंत्री ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों, सड़क धंसाव और भूस्खलन वाले स्थानों का भी संज्ञान लिया। उन्होंने अधिकारियों को ऐसे सभी संवेदनशील स्थलों की पहचान कर मरम्मत एवं सुरक्षा कार्य युद्धस्तर पर शुरू करने के निर्देश दिए। तीर्थन घाटी के युवा समाजसेवी पवन सिंह ठाकुर ने भी क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे मंत्री के समक्ष रखे। उन्होंने बंजार-बठाहड़ सड़क पर मेटलिंग कार्य की गुणवत्ता सुधारने, बरसात से पहले नालियों के निर्माण, सड़क चौड़ीकरण कार्य पूरा करने, गुशैणी कैंची का समाधान करने तथा बंजार-बठाहड़ चौक को आधुनिक स्वरूप देने की मांग उठाई। मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार बंजार विधानसभा क्षेत्र और तीर्थन घाटी के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## 24 वर्षों बाद होगा शृंगा ऋषि और देवता जमलू महाराज का महामिलन

### ऊझी घाटी में उमड़ेगी आस्था, 5 जुलाई को निकलेगी शृंगा ऋषि की देव यात्रा

अनंत ज्ञान




◆ व्यवस्थाओं व तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप : इंद्र देव

**मनाली।** ऊझी घाटी में 24 साल बाद आस्था का बड़ा संगम देखने को मिलेगा। शृंगा ऋषि अपने लाभ लश्कर के साथ हामटा पहुंचेंगे और वहां देवता जमलू महाराज से महामिलन करेंगे। जानकारी के अनुसार 5 जुलाई को ऋषि महाराज देव रथ एवं पारंपरिक लश्कर के साथ हामटा दौरे के लिए प्रस्थान करेंगे। देव परंपराओं के अनुसार जब भी विशेष दौरा हो तो पांच कोठी के प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक जिसे स्थानीय भाषा में' झाड़ा' कहा जाता है, आयोजित की जाती है। इसी प्रक्रिया में 14 जून को आयोजित बैठक में हामटा दौरे को स्वीकृति प्रदान करते हुए उसकी संपूर्ण रूप रेखा तैयार की गई है। शृंगा ऋषि के पुजारी इंद्र देव ने बताया कि हामटा दौरे को लेकर हरियानो और श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा काफी समय बाद आयोजित हो रही है। उन्होंने कहा कि दौरे को सफल करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया है और परंपराओं के अनुरूप सभी तैयारियां की गई हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, हामटा का प्रमुख पड़ाव लगभग 10 हजार फुट ऊंचाई पर स्थित है, जहां देव यात्रा पारंपरिक रीति-रिवाजों और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सम्पन्न होती है। इस दौरान देवता के साथ पांच कोठी के हरियान, श्रद्धालु अपने पारंपरिक बाध्य यंत्रों से सुसज्जित देव दल भी यात्रा में शामिल होते है।

घाटी के लोगों का मानना है कि शृंगा ऋषि महाराज के ऐसे ऐतिहासिक दौरे से न केवल धार्मिक आस्था सुदृढ़ होती है बल्कि क्षेत्र की प्राचीन देव संस्कृति, सामाजिक एकता और पारंपरिक विरासत को भी नई ऊर्जा मिलती है। इस ऐतिहासिक यात्रा को लेकर पूरे क्षेत्र में श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है और ऊझी घाटी के लोगों में खुशी की लहर है और इस दुर्लभ मिलन को देखने के लिए दूर-दूर से भक्तों के पहुंचने की उम्मीद है।

## हिडिंबा मंदिर में श्रीमद्‌भागवत कथा के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश जारी

अनंत ज्ञान

**मनाली।** हिडिंबा मंदिर मनाली के ढुंगरी क्षेत्र में 17 जून से 27 जून तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं विभिन्न देवी-देवताओं के आगमन की संभावना को देखते हुए यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने, जनसुविधा सुनिश्चित करने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु निम्नलिखित यातायात प्रतिबंध एवं दिशा-निर्देश प्रभावी रहेंगे । भारी वाहनों के प्रवेश प्रातः 08:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक ढुंगरी क्षेत्र में किसी भी भारी वाहन, जैसे टेम्पो ट्रैवलर, बस, ट्रक अथवा अन्य बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंध स्कूल बसों तथा आपातकालीन सेवाओं (एम्बुलेंस एवं अग्निशमन वाहनों) पर लागू नहीं होगा। स्थानीय निवासियों की आवाजाही



केवल छोटे निजी वाहनों के माध्यम से ही आ-जा सकेंगे। इस के अलावा पर्यटक वाहनों को ढुंगरी क्षेत्र स्थित होटलों में पूर्व बुकिंग रखने वाले पर्यटकों को केवल छोटे वाहनों में अपने संबंधित होटल तक जाने की अनुमति होगी ।प्रतिबंधित अवधि के दौरान सर्किट हाउस की ओर से ढुंगरी की तरफ किसी भी टेम्पो ट्रैवलर, बस, ट्रक अथवा अन्य भारी वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगी। हिडिंबा मंदिर से डीपीएस स्कूल तक सड़क के दोनों ओर किसी भी प्रकार के वाहन की पार्किंग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। जिन वाहनों को क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति होगी, वे सीधे अपने संबंधित होटल अथवा निवास स्थान तक जाएंगे। स्थानीय निवासी यह सुनिश्चित करें कि उनके वाहन केवल उनके निजी परिसर में ही पार्क किए जाएं । भारी वाहनों के लिए अनुमत समय टेम्पो ट्रैवलर, बस एवं ट्रक सहित सभी भारी वाहनों को ढुंगरी क्षेत्र में केवल रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 08:00 बजे तक प्रवेश की अनुमति होगी। प्रातः 08:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक किसी भी भारी वाहन को प्रवेश नहीं दिया जाएगा, सिवाय स्कूल बसों एवं आपातकालीन सेवाओं के वाहनों के। धार्मिक आयोजन के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन, यातायात नियंत्रण तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

## बंजार सब्जी मंडी का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करे सरकार: सुरेंद्र शौरी

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने जिला कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के नवनिर्वाचित प्रधानों एवं उपप्रधानों के शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्री चंद्र कुमार जी से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया तथा बंजार विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण जनहित के विषय उनके समक्ष प्रमुखता से रखे। विधायक शौरी ने क्षेत्र के किसानों एवं बागवानों की वर्षों पुरानी मांग का उल्लेख करते हुए बंजार सब्जी मंडी के मार्केट यार्ड निर्माण कार्य को शीघ्र पुनः प्रारंभ करवाने और निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि लगभग सात करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित यह परियोजना वर्ष 2022 से लंबित पड़ी हुई है, जिसके कारण क्षेत्र के किसानों और बागवानों को अपनी उपज के विपणन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र के कृषि एवं बागवानी क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी तथा किसानों को बेहतर विपणन सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त विधायक शौरी ने पूर्व सरकार द्वारा वर्ष 2022 में पशु अस्पताल के रूप में स्तरोन्नत किए गए बजौरा एवं बाहु पशु औषधालयों को पुनः पशु अस्पताल का दर्जा प्रदान करने की मांग भी मंत्री महोदय के समक्ष रखी। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों के माध्यम से बड़ी संख्या में पशुपालकों को सुविधाएं प्राप्त होती है तथा इनके पुनः स्तरोन्नयन से ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सा सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी।


चंद्र कुमार के समक्ष जनहित मुद्दों को रखते विधायक सुरेंद्र। अनंत ज्ञान

## पांचवें दिन भी आमरण अनशन पर डटे कर्ण देव

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर कर्ण देव बोध का आमरण अनशन सोमवार को पांचवें दिन भी जिला उपायुक्त कार्यालय, कुल्लू के बाहर जारी रहा। वे टेंट लगाकर शांतिपूर्ण ढंग से भूख हड़ताल पर बैठे हैं और उनका कहना है कि उन्होंने पिछले पांच दिनों से अन्न ग्रहण नहीं किया है।



कर्ण देव बोध ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन व्यक्तिगत नहीं बल्कि गरीबों, फोरलेन प्रभावित परिवारों और क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए है। उन्होंने तहसीलों में लंबित भूमि मामलों के शीघ्र निपटारे, मणिकरण सड़क की टायरिंग शुरू करने और फोरलेन प्रभावितों के फैक्टर-2 मुआवजे से जुड़े स्टे को हटाने की मांग की है। उन्होंने जिले में कानून-व्यवस्था मजबूत करने, स्थानीय लोगों के सहयोग, पर्यटकों की उचित जांच और अवैध हथियारों पर सख्त कार्रवाई की भी मांग उठाई है। अनशनकारी ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, उनका आमरण अनशन जारी रहेगा। मौके पर विभिन्न क्षेत्रों से लोग पहुंचकर उनके आंदोलन को समर्थन दे रहे हैं।

## कुल्लू, किन्नौर व मंडी के शोधकर्ता और इतिहासकार किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, आनी।** भाषा एवं संस्कृति विभाग कुल्लू तथा हिम संस्कृति शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में संस्थान का प्रथम वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। समारोह में इतिहासकार शोध संस्थान हमीरपुर के संस्थापक एवं मुख्य अतिथि विशेष रूप से उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन शास्त्री हीरा लाल ने किया। उन्होंने संस्थान की गतिविधियों एवं उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर टाकरी पुरालेख प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें हिम संस्कृति शोध संस्थान द्वारा प्राचीन लिपियों, भाषाओं एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों को प्रदर्शित किया गया ।संस्थान के अध्यक्ष ने बताया कि संस्थान हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में टाकरी, पहाड़ी, संस्कृत तथा अन्य प्राचीन भाषाओं एवं लिपियों के संरक्षण और शोध कार्य में जुटा हुआ है। इसके लिए किन्नौर से लेकर कांगड़ा तक शोधकर्ताओं की टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रदेश के विद्यार्थियों को टाकरी सहित अन्य प्राचीन लिपियों का प्रशिक्षण देने की योजना है। प्रदेश के विभिन्न देवी-देवता मंदिरों में सुरक्षित प्राचीन पांडुलिपियों का हिंदी एवं अंग्रेजी में अनुवाद भी किया जा रहा है। समारोह में प्रदेश के विभिन्न जिलों में संस्कृति, इतिहास एवं प्राचीन लिपियों के संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शोधकर्ताओं एवं इतिहासकारों को सम्मानित किया गया। जिला किन्नौर के शोधकर्ता को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि चेत राम गर्ग ने कहा कि अपनी सांस्कृतिक विरासत और प्राचीन भाषाओं को संरक्षित रखना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि टाकरी लिपि और पहाड़ी भाषा के संरक्षण में हिम संस्कृति शोध संस्थान सराहनीय कार्य कर रहा है।

## पतलीकूहल में भाजपा की जीत का जश्न, वेदराम ठाकुर बने बीडीसी अध्यक्ष और हंसराज उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** मनाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नग्गर खंड में पांच साल और पांच महीने के लंबे इंतजार के बाद पंचायत समिति, मनाली परिषद और जिला परिषद के चुनावों में भाजपा ने जबरदस्त वापसी की है, जिसकी गूंज आज पतलीकूहल में साफ सुनने को मिली। इसी कड़ी में नग्गर खंड पंचायत समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव सोमवार को खंड कार्यालय के सभागार में बेहद कड़े और दिलचस्प मुकाबले के बीच संपन्न हुए। चुनावी कार्यक्रम में खंड के सभी 25 पंचायत समिति सदस्य मौजूद रहे। उपमंडलाधिकारी (मनाली) गुंजित सिंह चीमा और नग्गर खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार की देख-रेख में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से मतदान व मतगणना की प्रक्रिया पूरी की गई। इस बेहद रोमांचक चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी वेदराम ठाकुर को नग्गर बीडीसी का नया अध्यक्ष चुना गया, जबकि कांग्रेस समर्थित हंसराज ठाकुर को उपाध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया। निर्वाचित अध्यक्ष वेदराम ठाकुर को 25 में से 13 मत पड़े, वहीं उपाध्यक्ष हंसराज ठाकुर को भी 13 मत हासिल हुए। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर का बढ़ा कद; नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने जताया आभार, विकास का दिया भरोसा

इस शानदार जीत और राजनैतिक उलटफेर के बाद मनाली के पूर्व मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद सिंह ठाकुर का कद और सम्मान क्षेत्र में और अधिक बढ़ गया है। नवनिर्वाचित बीडीसी अध्यक्ष वेदराम ठाकुर ने अपनी इस जीत का श्रेय शीर्ष नेतृत्व को देते हुए पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर और समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं का सहदिल से धन्यवाद किया। चुनाव के मौके पर उपस्थित सदस्यों ने पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता और अधिकारियों के कुशल संचालन की जमकर सराहना की। गोविंद ठाकुर ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी जनहित, विकास और क्षेत्र की समृद्धि के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण भाव से कार्य करेंगे तथा जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे।' वहीं, नग्गर खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार ने कहा कि नए नेतृत्व से जनसुविधाओं में सुधार और जनभागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में समिति की पहली बैठक बुलाकर प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाएगी।


पूर्व मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद ठाकुर ने दी बधाई। अनंत ज्ञान

## बलदेव ठाकुर फिर बने जय हिमाचल वीर कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जय हिमाचल वीर कल्याण समिति का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन सोमवार को भुंतर के शाढ़ावाई में आयोजित किया गया। सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने, सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों तथा भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से बलदेव ठाकुर को पुनः समिति का प्रदेशाध्यक्ष चुना गया। साथ ही उन्हें प्रदेशभर में संगठन के विस्तार के लिए नई कार्यकारिणी गठित करने तथा विभिन्न पदों पर नियुक्तियां करने के अधिकार भी सौंपे गए। नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष बलदेव ने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस जिम्मेदारी का वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि समिति सभी वर्गों को साथ लेकर समाजहित में कार्य करेगी तथा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाएगी। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं में बढ़ते नशे के प्रचलन पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके खिलाफ व्यापक जनजागरण अभियान शुरू करने की बात कही। साथ ही संगठन का विस्तार हिमाचल प्रदेश की सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों तक किया जाएगा और अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ा जाएगा। बलदेव ठाकुर ने प्रदेश सरकार द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की भी सराहना की।

# ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा

## सोलन में गरिमामयी समारोह में स्वास्थ्य मंत्री ने नवनिर्वाचित प्रधान व उप प्रधानों को दिलाई शपथ

अनंत ज्ञान

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि ज़िला सोलन के ग्रामीण विकास सामाजिक प्रगति एवं सुशासन की दिशा तय करेंगे। डॉ. शांडिल आज यहां नवनिर्वाचित प्रधान व उप-प्रधानों को शपथ दिलवाने के उपरांत उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे।



स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल पंचायत प्रतिनिधियों को शपथ दिलाते हुए। अनंत ज्ञान

डॉ. शांडिल ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को शपथ दिलवाने के उपरांत बधाई देते हुए कहा कि ज़िला सोलन की जनता ने प्रतिनिधियों पर अपना विश्वास व्यक्त किया है और जन सेवा का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। उन्होंने कहा कि नवनिर्वाचित प्रतिनिधि हजारों नागरिकों की आशाओं, अपेक्षाओं और विश्वास का प्रतीक है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र की आधारशिला है। यह संस्थाएं जनता एवं प्रशासन के मध्य सेतु के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं है बल्कि जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने की सतत प्रक्रिया है।

जनप्रतिनिधि का मूल्यांकन उनके कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों, उनकी ईमानदारी, पारदर्शिता और जन सेवा की भावना से होता है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि सभी मिलकर संकल्प लें कि सोलन ज़िला की प्रत्येक पंचायत को विकास, सुशासन, स्वच्छता, पारदर्शिता और जन भागीदारी का आदर्श बनाएंगे तथा हिमाचल प्रदेश ग्रामीण विकास क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज का आधार मज़बूत स्वास्थ्य सेवाएं और सक्षम मानव संसाधन होते है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ करने और युवाओं को रोज़गार के अधिक अवसर उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा नशाबंदी पर लघु नाटिका तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उपलब्धियों पर आधारित गीत-संगीत के माध्यम से विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कसौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद सुल्तानपुरी तथा नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरदीप सिंह बावा ने इससे पूर्व नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई दी तथा अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

हिमाचल प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम के उपाध्यक्ष अनुराग शर्मा, खण्ड कांग्रेस समिति सोलन के अध्यक्ष मनीष ठाकुर, पुलिस अधीक्षक सोलन तिरुमलाराजू एस.डी. वर्मा, ज़िला पंचायत अधिकारी जोगिन्द्र राणा, ज़िला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित रंजन तलवार, ज़िला विकास अधिकारी रमेश शर्मा, ज़िला सोलन के समस्त खंड विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं और इनके सशक्त होने से ही प्रदेश में समग्र विकास संभव है। उन्होंने नवचयनित प्रतिनिधियों से पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित को प्राथमिकता देने की अपील की। साथ ही कहा गया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

स्थानीय लोगों ने भी शपथ ग्रहण समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लिया और नए प्रतिनिधियों से क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के सुधार की उम्मीद जताई। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी आकर्षक बना दिया। सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा।

## चायल मेले के दूसरे दिन खेलकूद मुकाबलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

अनंत ज्ञान



**कंडाघाट।** ऐतिहासिक सिद्ध बाबा मेले चायल के दूसरे दिन खेलकूद मुकाबले और स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया । मेले में पुरुष वर्ग वॉलीबाल में 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमे सेमीफाइनल मुकाबले में कुफरी की टीम ने शिलोनबाग को हराकर फाईनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में श्रीजी परिवार चायल की टीम ने नगाली की टीम को हराकर फाईनल में प्रवेश किया। फाईनल मुकाबला कुफरी और श्रीजी परिवार चायल की टीमों के बीच होगा। महिला वर्ग में वॉलीबाल की आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। इसमें अभी लीग मैच चल रहे हैं। मंगलवार को मेले के आखिरी दिन वॉलीबाल फाईनल और महिला व पुरुष वर्ग के रस्सा कस्सी मुकाबले होंगे वॉलीबॉल प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में विजेता टीम को 21हजार, उपविजेता टीम को 15 हजार का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। महिला वर्ग में विजेता टीम को 11हजार और उपविजेता टीम को 8 हजार का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सोमवार को प्राइमरी व सीनियर सकेंडरी स्कूल चायल, एचडी पब्लिक स्कूल जनेडघाट, भारती पब्लिक मिहाणी , बाबा बधावा सिंह स्कूल भलावग सहित कई स्कूलों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समा बांधा।

इसको देखने के लिए लोग बारिश के बावजूद डटे रहे। सोमवार और मंगलवार को सांस्कृतिक संध्याओं में प्रदेश के कई लोक कलाकार उपस्थित रहेंगे। दोनों दिन कुश्ती के मुकाबलों में कई राज्यों के पहलवान हिस्सा ले रहे हैं।मेले के समापन पर मंगलवार को सांसद सुरेश कश्यप बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### यातायात बाधित करने के आरोप में पुलिस ने दर्ज किया केस

**अनंत ज्ञान, नाहन।** थाना पांवटा साहिब में विश्वकर्मा चौक पर सड़क अवरुद्ध कर यातायात बाधित करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार स्थानीय लोगों द्वारा सड़क जाम किए जाने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक, कुछ व्यक्तियों ने नाहन-पांवटा मार्ग, विश्वकर्मा चौक-रामपुरघाट मार्ग तथा विश्वकर्मा-कुल्हाल मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रोक दी, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। स्थिति को सामान्य करने के लिए पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को कई बार समझाया और सड़क खोलकर यातायात बहाल करने का आग्रह किया, लेकिन आरोप है कि प्रदर्शनकारी नहीं माने और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। पुलिस का कहना है कि इस कारण करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा, जिससे आम लोगों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रारंभिक जांच में संयम गुप्ता, पुत्र श्री अरविंद गुप्ता, निवासी मकान नंबर 41, वार्ड नंबर 9, देवीनगर, पांवटा साहिब, पर अपने साथी हिमांशु तथा अन्य करीब 15-20 व्यक्तियों के साथ भीड़ एकत्र कर सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध करने और सरकारी कर्मचारियों के कर्तव्य पालन में बाधा पहुंचाने के आरोप पाए गए हैं। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और पूरे घटनाक्रम की आगामी जांच शुरू कर दी है।

### पांवटा साहिब के रामपुरघाट में पुलिस कर्मी से मारपीट, दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब के रामपुरघाट क्षेत्र में यातायात जांच के दौरान पुलिस कर्मी के साथ कथित मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी को न्यायालय ने तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है, जबकि महिला आरोपी को भी हिरासत में लेकर नियमानुसार अदालत में पेश करने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस थाना पुरुवाला में पुलिस बूथ रामपुरघाट में तैनात मुख्य आरक्षी प्रदीप कुमार की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार 13 जून की शाम वह रामपुरघाट, कुंजा मतरालियों, पहाड़ी कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों में नियमित यातायात जांच पर तैनात थे। इसी दौरान रामपुरघाट चौक के समीप एक एक्टिवा स्कूटी (एचपी-17एच-1248) को जांच के लिए रोका गया। पुलिस के अनुसार स्कूटी चालक ने हेलमेट नहीं पहना था और ड्राइविंग लाइसेंस मांगने पर उसने बताया कि लाइसेंस के लिए आवेदन किया गया है, लेकिन अभी तक जारी नहीं हुआ है।

### रेणुका विकास मुद्दे पर प्रताप सिंह रावत का पलटवार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने जारी बयान में आरोप लगाया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद रेणुका विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार क्षेत्र का अपेक्षित विकास करवाने में विफल रहे हैं। रावत ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के कार्यकाल में नोहराधार में डिग्री कॉलेज, बोगधार में लोक निर्माण विभाग का सहायक अभियंता कार्यालय, हरिपुरधार में सिविल अस्पताल, विद्युत विभाग का सहायक अभियंता कार्यालय, संगड़ाह में विद्युत विभाग का अधिशासी अभियंता कार्यालय, ददाहू में विकास खंड कार्यालय तथा गाताधार में जल शक्ति विभाग का कनिष्ठ अभियंता कार्यालय सहित कई संस्थान खोले गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के पदभार संभालते ही इनमें से कई संस्थानों को बंद कर दिया गया। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सरकार का उद्देश्य विकास होना चाहिए, न कि विकास कार्यों को बंद करना। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार का कार्यकाल चार वर्ष पूरा होने की ओर है, लेकिन पीसीसी अध्यक्ष विनय कुमार अभी तक रेणुका विधानसभा क्षेत्र में कोई बड़ा सरकारी संस्थान नहीं खुलवा पाए हैं, जबकि विधानसभा चुनाव से पहले क्षेत्र की जनता से विकास के बड़े-बड़े वादे किए गए थे। प्रताप सिंह रावत ने कहा कि मां भगायणी मेले के दौरान बतौर मुख्य अतिथि विनय कुमार ने हरिपुरधार में सिविल अस्पताल बहाल करने की घोषणा की थी और कहा था कि पहली कैबिनेट बैठक में इसकी अधिसूचना जारी की जाएगी, लेकिन अब तक यह घोषणा पूरी नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे क्षेत्र के लोग स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि रेणुका की जनता ने हाल ही में तीनों जिला परिषद सीटों पर कांग्रेस को हराकर अपना संदेश दे दिया है और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भी जनता पीसीसी अध्यक्ष विनय कुमार को वोट की चोट से जवाब देगी।



### गडोल-पीड़ग विद्यालय में आपदा प्रबंधन पर मॉक ड्रिल का आयोजन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गडोल-पीड़ग, शिक्षा खंड राजगढ़ में सोमवार को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्राकृतिक तथा मानव जनित आपदाओं से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आपदा प्रबंधन संबंधी मॉक ड्रिल एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों और समस्त अध्यापकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान भूकंप, बादल फटना, आगजनी जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के उपायों तथा जीवन रक्षक कौशलों की जानकारी दी गई। पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार चेतावनी संकेत मिलते ही विद्यार्थियों को सुरक्षित रूप से कक्षाओं से बाहर निकालकर खुले मैदान में एकत्रित किया गया। इसके बाद घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार देने तथा सुरक्षित रूप से अस्पताल पहुंचाने का प्रदर्शन भी किया गया।इस अभ्यास में विद्यार्थियों ने टीम भावना के साथ भाग लेते हुए विभिन्न आपदाओं के समय स्वयं, अपने परिवार तथा अन्य नागरिकों के जीवन की सुरक्षा से संबंधित महत्त्वपूर्ण कौशल सीखे।प्रशिक्षण के उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरजीत सिंह ने विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाएं जान-माल की हानि का कारण बन सकती हैं, लेकिन सही प्रशिक्षण और जागरूकता से नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने सभी से इस प्रकार के जीवन रक्षक कौशलों का लाभ उठाकर जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।

## मंजयाट में पारंपरिक दंगल एवं भंडारे का आयोजन

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान ज़िन्दगी अर्की।** उप मंडल की ग्राम पंचायत देवरा के मंजयाट गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक दंगल एवं भंडारे का आयोजन किया गया। समस्त पंचायतवासियों के सहयोग से आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम क्षेत्र की सांस्कृतिक और सामाजिक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है।



पहलवानों के साथ मुख्य अतिथि। अनंत ज्ञान

दंगल कमेटी मंजयाट के संस्थापक शहाबुद्दीन ने बताया कि इस वर्ष गांव में 36वां दंगल तथा 28वां भंडारा आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन पिछले 35 वर्षों से स्थानीय लोगों के सहयोग और सहभागिता से निरंतर आयोजित होता आ रहा है, जिससे क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिल रहा है। सहसंयोजक राजीव बंटी ने बताया कि लगभग 35 वर्षो से बाड़ गोदाम कालका से आये ढोली गुलजार खान व उनके भतीजे इकबाल खान इब से दंगल हो रहा है तब से लगातार सेवा कर रहे है।। पैरा कमांडो स्पेशल फोर्स के पूर्व कमांडो जम्मालुद्दीन ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमीरपुर वासी पैरा कमांडो स्पेशल फोर्स के पूर्व कमांडो त्रिलोककुमार शर्मा व उनके परिवार ने पकोड़े ओर जलेबी का भंडारा दिया

दंगल में क्षेत्र प्रदेश व अन्य राज्यो पंजाब हरियाणा उत्तरप्रदेश व जम्मू क़श्मीर के पहलवानों ने भाग लिया। दंगल में बड़ी माली पवन सोनीपत व छोटी माली विजय चंडीगढ़ ने जीती। दंगल में मुख्य आकर्षण रेफरी नीतू रहे।

दंगल में बतौर मुख्यातिथि पूर्व प्रधान रूपसिंह ठाकुर,पूर्व उपप्रधान अमर सिंह ठाकुर वर्तमान प्रधान दलीप कुमार उपप्रधान धीरज ठाकुर वर्तमान बीडीसी0अखिलेश कुमार कमेटी प्रधान जयसिंह ठाकुर प्रसिद्ध समाजसेवी रोशनलाल वर्मा ने सफलता पूर्वक दंगल करवाने पर दंगल कमेठी को बधाई दी। दंगल कमेटी और सभी सहयोगियों को बधाई दी।

## शिव-पार्वती के दिव्य विवाह प्रसंग से मिला समर्पण और संस्कारों का संदेश

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** श्री बाडूबाड़ा देव प्रांगण में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के अष्टम दिवस कथावाचक आचार्य हरि जी महाराज ने भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।



कथा सुनते हुए श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

अपने प्रवचन में आचार्य हरि जी महाराज ने कहा कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। उनकी अटूट श्रद्धा, भक्ति और समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि शिव-पार्वती का विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि शक्ति और शिव के दिव्य स्वरूप का संगम है, जो संसार को संतुलन और सृजन का संदेश देता है।

आचार्य हरि जी महाराज ने कहा कि जीवन में सफलता और सुख प्राप्त करने के लिए धैर्य, विश्वास और समर्पण आवश्यक हैं। माता पार्वती की तपस्या हमें लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प और भगवान के प्रति अटूट आस्था रखने की प्रेरणा देती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से परिवार में प्रेम, सम्मान और संस्कारों को अपनाने का आह्वान किया। कथा के अंत में आरती और प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लेकर आचार्य के प्रवचनों को आत्मसात किया और आयोजन की सराहना की।कार्यक्रम शांतिपूर्ण और श्रद्धा भाव से संपन्न हुआ।

## सिरमौर में जिला स्तरीय मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन, 8 जगहों पर आपदा अभ्यास

अनंत ज्ञान

**पावंटा /नाहन।** आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने एवं विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला सिरमौर में आज जिला स्तरीय मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास भूकंप, बादल फटने, भूस्खलन, बाढ़, भवन ध्वस्त होने तथा वन अग्नि जैसी विभिन्न आपदा परिस्थितियों पर आधारित था। ड्रिल का आयोजन जिला प्रशासन, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा संबंधित विभागों के सहयोग से किया गया।



आयोजित मेगा मॉक ड्रिल के अंतर्गत जिला के सभी उपमंडलों में कुल 8 आपदा स्थलों पर विभिन्न आपदा परिदृश्यों का अभ्यास किया गया। नाहन में रुचिरा पेपर्स मिल में आग लगने एवं भूकंप से क्षति तथा नाहन के बनेठी क्षेत्र में रात्रिकालीन वनाग्नि, पच्छाद के एसवीएन कालोनी सराहां में भवन ध्वस्त होने, राजगढ़ के शिरगुल मार्केट चैक में भवन ध्वस्त होने, पांवटा साहिब के सिरमौरी ताल क्षेत्र में भूस्खलन, शिलाई के टिंबी क्षेत्र में बाढ़ एवं भवन ध्वस्त होने, कफोटा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सतौन में भवन ध्वस्त होने एवं आग लगने, संगड़ाह के पुरानी तहसील रेणुका जी भवन ध्वस्त होने की काल्पनिक परिस्थितियों का सफलतापूर्वक अभ्यास किया गया।

अभ्यास के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा खोज एवं बचाव कार्य, घायलों को प्राथमिक उपचार एवं अस्पतालों तक पहुंचाने, राहत शिविर स्थापित करने, प्रभावित लोगों के पुनर्वास, संचार व्यवस्था बहाल करने तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की प्रक्रियाओं का परीक्षण किया गया।

कार्यकारी उपयुक्त सिरमौर एल. आर. वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के अभ्यास वास्तविक आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मॉक ड्रिल के दौरान प्राप्त अनुभवों एवं सुझावों के आधार पर जिला आपदा प्रबंधन योजना को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों के समन्वय की भी सराहना की।इस मेगा मॉक ड्रिल के दौरान कुल 2,500 मृतक, 18,000 घायल, 6,000 अस्पताल में भर्ती तथा 1,50,000 बेघर व्यक्तियों की काल्पनिक स्थिति को आधार बनाकर राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का आकलन किया गया।

## सोलन सब्जी मंडी में लहसुन चोरी का मामला, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सब्जी मंडी में लहसुन के कट्टों की चोरी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, कुछ युवक देर रात करीब 3 बजे लहसुन के कट्टे चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए। बताया जा रहा है कि चोरी के बाद आरोपी सुबह उसी सोलन सब्जी मंडी में चोरी का माल बेचने के लिए व्यापारियों के पास पहुंच गए। व्यापारियों को जब मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने सतर्कता दिखाई और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। सीसीटीवी फुटेज में कथित तौर पर चोरी की पूरी घटना रिकॉर्ड होने की बात सामने आ रही है, जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।



चोरी की घटना के दौरान व्यापारी। अनंत ज्ञान

सब्जी मंडी के व्यापारियों ने इस घटना पर चिंता जताते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग की है। उनका कहना है कि मंडी में रात के समय निगरानी बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

फिलहाल मामले को लेकर संबंधित अधिकारियों और पुलिस को भी सूचना दिए जाने की बात सामने आ रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है। मामले की पुष्टि और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर आधिकारिक जानकारी का इंतजार किया जा रहा है।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आसपास के इलाकों में लगे अन्य कैमरों की फुटेज भी खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि आरोपियों के आने-जाने के रास्ते का पता लगाया जा सके। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि चोरी की यह घटना सुनियोजित तरीके से अंजाम दी गई हो सकती है। व्यापारियों का कहना है कि मंडी में सुरक्षा गार्डों की कमी और रात के समय पर्याप्त निगरानी न होने के कारण ऐसी घटनाओं को बढ़ावा मिल रहा है। जांच में तेजी लाई गई है।

## दक्षिण भारत में बढ़ी लहसुन की मांग

### सोलन मंडी से एक सीजन में जाते हैं 700 बड़े ट्राले

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी लहसुन की मांग इस बार देश के दक्षिणी राज्यों में काफी बढ़ गई है। सोलन सब्जी मंडी से एक सीजन के दौरान करीब 700 बड़े ट्राले लहसुन लेकर बाहरी राज्यों की मंडियों के लिए रवाना हो रहे हैं। खास तौर पर केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में हिमाचली लहसुन की भारी मांग देखने को मिल रही है।



सब्जी मंडी में बिक्री को पहुंचा लहसुन। अनंत ज्ञान

जानकारी के अनुसार, सोलन मंडी में पहुंचने वाला अधिकांश पहाड़ी लहसुन इन तीनों राज्यों की मंडियों में भेजा जा रहा है, जहां किसानों और व्यापारियों को अच्छे दाम भी मिल रहे हैं। गुणवत्ता और तेज सुगंध के कारण हिमाचल के लहसुन की पहचान देशभर में अलग बनी हुई है, जिससे दक्षिण भारत के बाजारों में इसकी मांग लगातार बढ़ रही है।

व्यापारियों का कहना है कि इस बार उत्पादन के साथ-साथ बाजार में बेहतर कीमतें मिलने से किसानों को भी अच्छा लाभ मिलने की उम्मीद है। सोलन मंडी से हर दिन बड़ी मात्रा में लहसुन की खेप दक्षिण भारत के विभिन्न शहरों के लिए रवाना हो रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि हिमाचली लहसुन की बढ़ती मांग प्रदेश के किसानों के लिए सकारात्मक संकेत है और आने वाले समय में इसका कारोबार और अधिक विस्तार ले सकता है। सुपर टॉप क्वालिटी 150 रुपये प्रति किलो: सोलन सब्जी मंडी में लहसुन की विभिन्न किस्मों और गुणवत्ता के अनुसार थोक भाव निर्धारित किए गए हैं। बेहतर गुणवत्ता वाले पहाड़ी लहसुन को अच्छे दाम मिल रहे हैं, जिससे किसानों और व्यापारियों में उत्साह है।

मंडी में गोली व खिला लहसुन का थोक भाव 50 से 80 रुपये प्रति किलो दर्ज किया गया। वहीं मीडियम क्वालिटी का लहसुन 80 से 110 रुपये प्रति किलो के बीच बिका। अच्छी गुणवत्ता वाले सुपर क्वालिटी लहसुन के दाम 110 से 120 रुपये प्रति किलो रहे।

## पच्छाद में चार पर केस रास्ता रोकने और धमकी का आरोप

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस थाना पच्छाद में रास्ता अवरुद्ध किए जाने और ग्रामीणों को धमकाने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में केसर सिंह पुत्र शादी राम, निवासी गांव कन्योडी (छोई), डाकघर ठाकुरद्वारा, जिला सिरमौर ने बताया कि गांव सतौडा लिंक रोड से कन्योडी तक ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से करीब 8-9 वर्ष पूर्व एक कच्ची सड़क बनाई थी। इस मार्ग का उपयोग ग्रामीणों, वाहनों तथा पशुओं के आवागमन के लिए लंबे समय से किया जा रहा है। शिकायत के अनुसार 8 जून 2026 को सुमित्रा देवी, सोमदत्त उर्फ रिंकू, रघुवीर और रत्नी देवी ने जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क को खोद दिया, जिससे मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। आरोप है कि जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो उन्हें धमकियां भी दी गईं।

## उद्योग मंत्री ने जिला सिरमौर के नवनिर्वाचित पंचायत प्रधान व उप-प्रधानों के दिलाई शपथ

**एसपी जैरथ, नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आज जिला सिरमौर के नाहन चौगान में नवनिर्वाचित पंचायत प्रधान व उप-प्रधानों के शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिला के समस्त 273 प्रधान तथा 273 उप-प्रधानों को विधिवत रूप से पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाकर पंचायती राज संस्थाओं में उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी।



इस अवसर पर उन्होंने नव निर्वाचित प्रधानों तथा उप-प्रधानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पंचायती राज संस्थाएं प्राथमिक प्रजातंत्र की मूल इकाइयां है। ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वागीण विकास के लिए इन संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। जनता अपने प्रतिनिधि को बहुत विश्वास और अकांक्षाओं से चुनती है इसलिए सभी चुने हुए प्रतिनिधि बिना पक्षपात के पूर्ण इमानदारी, कर्मठता व पारदर्शिता से कार्य करने का संकल्प लें।

उन्होंने कहा कि आज पंचायतों में डिजिटल तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। पंचायत की प्रत्येक सेवा ऑनलाइन माध्यम से आम जनता को प्रदान की जा रही है। पंचायत के रिकॉर्ड तथा लेखों का संधारण विभिन्न एपों के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से डिजिटल तकनीक का अधिक से अधिक प्रयोग करने और पंचायत कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का आवाहन किया। उन्होंने विकास कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने पंचायतों को आत्मनिर्भर और पारदर्शी बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई।

# समृद्ध गांव से समृद्ध बनेगा हिमाचल : मुकेश

## उपमुख्यमंत्री ने ऊना जिले के पंचायत प्रधानों-उपप्रधानों को दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** गांवों को विकास, सुशासन और सामाजिक परिवर्तन की सबसे मजबूत इकाई बताते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि गांव मजबूत और समृद्ध होंगे तो हिमाचल भी समृद्ध होगा। उन्होंने नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जनसेवा, गरीब कल्याण, नशा उन्मूलन और युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए एकजुट होकर कार्य करने तथा गांवों को विकास की नई दिशा देने का आह्वान किया।

सोमवार को लता मंगेशकर कला केंद्र, समूरकलां में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपमुख्यमंत्री ने ऊना जिले की 249 ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित प्रधानों और उपप्रधानों को पद-निष्ठा की शपथ दिलाई। समारोह में करीब 500 पंचायत जनप्रतिनिधि और उनके परिजन उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्री अग्निहोत्री ने आह्वान किया कि सभी पंचायत प्रतिनिधि विकास और जनता के सवालों के समाधान के मामलों में राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर एकजुट होकर काम करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि गांवों और ऊना के भविष्य के निर्माता हैं तथा अगले पांच वर्षों में गांवों को क्या दिशा मिलेगी, यह काफी हद तक उनकी कार्यशैली और सोच पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान यदि किसी कारणवश कटुता पैदा हुई है तो उसे पीछे छोड़कर संवाद और सहयोग की नई शुरुआत करनी चाहिए। पंचायतों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए और हर पंचायत को विकास, शिक्षा, स्वच्छता, सामाजिक सरोकार और जनकल्याण के क्षेत्र में आदर्श बनने का प्रयास करना चाहिए। गरीबों की सेवा, युवाओं के भविष्य का निर्माण और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि ऊना देश के तेजी से विकसित हो रहे जिलों में शामिल है। जिले में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से देश की महत्वाकांक्षी बल्क ड्रग पार्क परियोजना स्थापित की जा रही है, जिसमें केंद्र और प्रदेश सरकार समान रूप से एक-एक हजार करोड़ रुपये का योगदान दे रही हैं। इसके अतिरिक्त मलाहत में अत्याधुनिक पीजीआई सैटेलाइट सेंटर का निर्माण किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के समग्र विकास और आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रदेश सरकार लगभग 250 करोड़ रुपये व्यय करेगी। पहले चरण में इसमें सवा सौ करोड़ रुपये के करीब खर्चा जाएगा।



प्रधानों-उपप्रधानों के शपथ समारोह में मौजूद डिप्टी सीएम व अन्य कांग्रेस नेता। अनंत ज्ञान

### विकास के लिए मिलकर आगे बढ़ने का किया आह्वान

उपमुख्यमंत्री ने पंचायत प्रतिनिधियों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि पात्र लोगों को पेंशन, आवास और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए। निराश्रित बच्चों, जरूरतमंद परिवारों और कमजोर वर्गों के प्रति विशेष संवेदनशीलता बरती जाए। उन्होंने कहा कि नशा निवारण को जन आंदोलन का रूप देने की आवश्यकता है और पंचायतें इसमें अग्रणी भूमिका निभाएं। चिट्टे सहित किसी भी प्रकार के नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों का किसी स्तर पर संरक्षण या बचाव न किया जाए। उन्होंने कहा कि गांवों को नशामुक्त बनाने की जिम्मेदारी पंचायत प्रतिनिधियों को अपने कंधों पर लेनी होगी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशासनिक और न्यायिक अधिकार भी प्राप्त होंगे, इसलिए इनका उपयोग पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा पद का दुरुपयोग करने का प्रयास किया जाता है तो ऐसे मामलों को तुरंत संज्ञान लें। पंचायत प्रतिनिधि स्वयं भी अपने अधिकारों का उपयोग पूरी निष्पक्षता और ईमानदारी से करें। उन्होंने जिला प्रशासन से भी नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के साथ समन्वय और सहयोग की भावना से कार्य करने का आग्रह किया।

# आपदा से निपटने की तैयारियां परखीं

## राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की निगरानी में हुई मेगा मॉक ड्रिल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** जिला ऊना में आपदा प्रबंधन एवं त्वरित राहत-बचाव व्यवस्थाओं को परखने के लिए आयोजित 10वें राज्य स्तरीय वृहद मॉक अभ्यास (मेगा मॉक ड्रिल) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) तथा हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एचपीएसडीएमए) के दिशा-निर्देशों में आयोजित इस अभ्यास में विभिन्न प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं से निपटने की जिला प्रशासन की तैयारियों, संसाधनों और विभागीय समन्वय का व्यापक परीक्षण किया गया।

अभ्यास का उद्देश्य आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को सुदृढ़ बनाना तथा राहत एवं बचाव कार्यों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना था। मेगा मॉक अभ्यास की निगरानी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के वरिष्ठ सलाहकार मेजर जनरल सुधीर बहल (सेवानिवृत्त) ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। उनके साथ राज्य स्तर से एचपीएसडीएमए के वरिष्ठ अधिकारी एवं राज्य आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली से जुड़े अधिकारी भी वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे। जिला स्तर पर सहायक आयुक्त ऊना विनय मोदी तथा एनडीआरएफ की 14वीं बटालियन नूरपुर के असिस्टेंट कमांडेंट पवन कुमार सहित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) एवं इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम (आईआरएस) के अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने जिले में बनाए गए पांच सिमुलेशन स्थलों पर संचालित अभ्यासों की जानकारी साझा की।

### भूस्खलन में फंसे लोगों को किया रेस्क्यू



**अंब।** उपमंडल अंब में भी मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान पिंडी दास आश्रम के समीप भारी वर्षा के कारण भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ की काल्पनिक स्थिति बनाकर विभिन्न विभागों की आपदा से निपटने की तैयारियों का परीक्षण किया गया। मॉक ड्रिल के तहत सुबह करीब 9:30 बजे सूचना प्राप्त हुई कि पिंडी दास आश्रम के निकट भूस्खलन होने से 25 लोग अपने घरों में फंस गए हैं। सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हो गया और मेडिकल टीम, पुलिस, होमगार्ड, फायर सर्विस तथा अन्य राहत एवं बचाव दलों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। राहत एवं बचाव अभियान के दौरान होमगार्ड, फायर सर्विस, पुलिस तथा स्वयंसेवकों की संयुक्त टीम ने 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। इनमें छह लोग गंभीर रूप से घायल बताए गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार देने के बाद राहत शिविर से सिविल अस्पताल अंब भेजा गया।

# ऊना कॉलेज में बीबीए-बीसीए में बढ़ा छात्र-छात्राओं का रुझान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** राजकीय महाविद्यालय ऊना में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए व्यवसाय प्रशासन स्नातक (बीबीए) तथा कंप्यूटर अनुप्रयोग स्नातक (बीसीए) पाठ्यक्रमों में प्रवेश को लेकर विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार इन व्यावसायिक एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के लिए बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। महाविद्यालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार इच्छुक विद्यार्थी 19 जून 2026 तक अपने आवेदन पत्र जमा करवा सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः मेरिट के आधार पर संपन्न की जाएगी। प्रथम मेरिट सूची 20 जून 2026 को सायं 5 बजे महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी। महाविद्यालय की प्राचार्या एवं निदेशक डॉ. मीता शर्मा ने विद्यार्थियों से समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि बीबीए और बीसीए जैसे पाठ्यक्रम वर्तमान समय की आवश्यकताओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं तथा विद्यार्थियों को रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराते हैं। बीबीए समन्वयक डॉ. शाम सिंह बैंस ने बताया कि विद्यार्थियों में बीबीए पाठ्यक्रम के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं बीसीए समन्वयक प्रो. सवर्ण सिंह ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा का महत्व लगातार बढ़ रहा है, जिसके चलते बीसीए पाठ्यक्रम विद्यार्थियों की पहली पसंद बनता जा रहा है।

# चेक मीटर के साथ स्मार्ट मीटर लगवाने को दुकानदार राजी

## बिजली विभाग के एसडीओ की व्यापार मंडल बड़ूही के साथ हुई बैठक में बनी सहमति

अनंत ज्ञान

**बड़ूही।** विद्युत उपमंडल चौकीमन्यार के तहत बड़ूही बाजार में स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर पिछले कुछ दिनों से चल रहा विवाद सोमवार को आपसी सहमति के साथ सुलझ गया। विद्युत उपमंडल चौकीमन्यार के एसडीओ विवेक ठाकुर, व्यापार मंडल बड़ूही के पदाधिकारियों तथा स्थानीय दुकानदारों के बीच आयोजित बैठक में स्मार्ट मीटर स्थापना को लेकर महत्वपूर्ण सहमति बनी।

बैठक के दौरान बिजली बोर्ड अधिकारियों ने व्यापारियों की सभी शंकाओं और आशंकाओं का विस्तार से समाधान किया। एसडीओ विवेक ठाकुर ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक स्मार्ट मीटर के साथ एक चेक मीटर भी लगाया जाएगा, जिससे उपभोक्ता दोनों मीटरों की रीडिंग का मिलान कर सकेंगे और पारदर्शिता को लेकर किसी प्रकार की चिंता नहीं रहेगी। व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों और दुकानदारों ने भी अपनी मांगें तथा चिंताएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। विस्तृत चर्चा के बाद दुकानदार स्मार्ट मीटर के साथ चेक मीटर लगाने के प्रस्ताव पर सहमत हो गए। इसके साथ ही पिछले कई दिनों से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो गया।



बैइक के बाद व्यापार मंडल बड़ूही के सदस्य सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

एसडीओ विवेक ठाकुर ने कहा कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने और बिजली व्यवस्था को अधिक पारदर्शी तथा आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

उन्होंने बताया कि विभाग उपभोक्ताओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रहा है तथा किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत के समाधान के लिए सदैव तत्पर है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भी बैठक को सकारात्मक बताते हुए कहा कि अधिकारियों ने उनकी बात गंभीरता से सुनी और उचित आश्वासन दिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि अब स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ेगी।

# चुनाव टलने से कांग्रेस को मिला नए समीकरण बनाने का समय

अनंत ज्ञान

**गगरेट।** नगर पंचायत गगरेट के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव में अंतिम समय पर आए प्रशासनिक पेच ने राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ा दी हैं। सोमवार को दूसरी बार निर्धारित चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से ठीक पहले चुनाव स्थगित कर दिया गया। ऐसे में अब कांग्रेस को अपने पक्ष में माहौल बनाने और राजनीतिक जोड़तोड़ के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है।

दिलचस्प बात यह है कि नगर पंचायत के सात निर्वाचित पार्षदों में से छह पार्षदों को भाजपा विचारधारा का माना जा रहा है। इसके बावजूद भाजपा अब तक अपना अध्यक्ष और उपाध्यक्ष निर्वाचित करवाने में सफल नहीं हो पाई है। सोमवार को निर्धारित समय पर एक धड़े के चार पार्षद चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पहुंच भी गए थे। राजनीतिक गलियारों में चर्चा थी कि वार्ड नंबर चार से पार्षद बबीता कुमारी को अध्यक्ष तथा वार्ड नंबर एक से पार्षद विकास कालिया को उपाध्यक्ष चुना जाना लगभग तय माना जा रहा था। इसी बीच चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से कुछ समय पहले एडवोकेट जनरल कार्यालय से फोन के माध्यम से चुनाव अधिकारी को उच्चतम न्यायालय के एक फैसले की जानकारी दी गई। इस फैसले के अनुसार संबंधित क्षेत्र के विधायक को भी नगर निकाय के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव में मतदान का अधिकार प्राप्त है। हालांकि उस समय तक इस संबंध में कोई लिखित आदेश उपलब्ध नहीं थे।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रथम स्थान पाने वाली तृप्ता की सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की द्वितीय वर्ष की छात्रा तृप्ता ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में ज़िले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने गायत्री परिवार के संयोजक आरके टंडन की उपस्थिति में छात्रा को सम्मानित किया। प्राचार्य ने तृप्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उनके परिश्रम, लगन और उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रमाण है। यह उपलब्धि न केवल तृप्ता के लिए, बल्कि उनके परिवार, महाविद्यालय और पूरे ज़िले के लिए भी गौरव का विषय है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि तृप्ता भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करें और अपने ज्ञान, संस्कार एवं कर्मठता से समाज तथा राष्ट्र का नाम रोशन करें। इस अवसर पर महाविद्यालय पीटीए उपाध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, गायत्री परिवार सदस्य चमन मेहता, प्रो. अनुप्रिया, डॉ. श्याम लाल और डॉ. अजीत कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### कविता, गीत और गजल से बांधा समां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में कल्याण कला मंच की मासिक बहुभाषी कला-कलम संगोष्ठी बंदला धार में उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम में जिले भर से आए लगभग 40 कवियों, साहित्यकारों और लोकगायकों ने कविता, गीत और गजल प्रस्तुत कर समां बांध दिया। संगोष्ठी की अध्यक्षता निदेशक सुरेन्द्र मिन्हास ने की, जबकि संचालन महासचिव बाबू राम धीमान ने किया। कार्यक्रम में भक्ति गीत से शुरुआत हुई और इसके बाद सामाजिक, हास्य व लोक-सांस्कृतिक रचनाओं की प्रस्तुति हुई। नरेंद्र दत्त शर्मा और रविंदर कमल चंदेल के लोकगीतों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। बाल प्रतिभाओं ने भी अपनी कविताओं से आकर्षित किया। जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने आयोजन की सराहना करते हुए लोकभाषा व संस्कृति संरक्षण में मंच के प्रयासों की प्रशंसा की।

### सुरेंद्र, ओम वर्मा व हितेंद्र बने काउंसिल सदस्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश हॉस्पिटल फार्मेसी ऑफिसर्स एसोसिएशन का राज्य स्तरीय सामान्य अधिवेशन क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में संपन्न हुआ। अधिवेशन में प्रदेश के 10 जिलों से आए फार्मेसी अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्टेट फार्मेसी काउंसिल के सदस्यों के चयन पर विचार-विमर्श करना रहा। अधिवेशन में डॉ. राजेश राणा (उपनिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं) और गोपाल कृष्ण शर्मा (अध्यक्ष, स्टेट फार्मेसी काउंसिल) विशेष अतिथि रहे। सर्वसम्मति से सुरेंद्र नड्डा (बिलासपुर), ओम वर्मा (कुल्लू) और हितेंद्र सिंह तोमर (सिरमौर) को काउंसिल सदस्य पद के लिए नामित किया गया। संगठन पदाधिकारियों ने चयनित प्रतिनिधियों को बधाई दी और फार्मेसी समुदाय के हितों की मजबूती से पैरवी की उम्मीद जताई। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सहित कई पदाधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### साहित्य सृजन कुटुम्ब दिल्ली ने सुमन को नवाजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर की बहुमुखी प्रतिभा की धनी ई. सुमन चड्ढा को शिमला के रोटरी क्लब सभागार में साहित्य सृजन कुटुम्ब दिल्ली द्वारा आयोजित सृजनोत्सव सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन में सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त सहायक अभियंता सुमन चड्ढा ने कार्यक्रम में अपनी स्वरचित कविता 'कठपुतली' प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर किया। साहित्य, संस्कृति और रचनात्मक अभिव्यक्ति के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें सम्मान पत्र प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि सुमन चड्ढा को इससे पूर्व देवभूमि हिमकला मंच शिमला, हिंदी दिवस समारोह तथा गणतंत्र दिवस पर भी साहित्य और खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने इस सम्मान के लिए आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया।

### कॉमर्स व साइंस कक्षाएं बहाल करने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा के नेतृत्व में प्रधानों, उपप्रधानों और जनप्रतिनिधियों ने उपायुक्त बिलासपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। इसमें डिग्री कॉलेज श्री नयना देवी जी में कॉमर्स तथा जुखाला कॉलेज में साइंस और कॉमर्स कक्षाएं बंद किए जाने का विरोध किया गया। ज्ञापन में कहा गया कि इस निर्णय से विद्यार्थियों और अभिभावकों में रोष है तथा उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाइयां बढ़ेंगी। जनप्रतिनिधियों ने कक्षाएं तत्काल बहाल करने की मांग की। विधायक ने कहा कि शिक्षा सुविधाओं में कटौती उचित नहीं है। इस अवसर पर कई पंचायत प्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जुखाला डाइट में दिव्यांगों को मिले सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग



दिव्यांग बच्चों के लिए अंग वितरण शिविर आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जुखाला।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), बिलासपुर स्थित जुखाला में दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा एवं अल्मीको के संयुक्त सौजन्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा बिलासपुर निशा गुप्ता तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बिलासपुर के प्रधानाचार्य राकेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला परियोजना अधिकारी ने बच्चों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरित किए व उनके अनुभवों एवं आवश्यकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए अभिभावकों को उनके समुचित पालन-पोषण, विशेष आवश्यकताओं की समझ तथा उन्हें शिक्षा एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि समावेशी शिक्षा के माध्यम से हर बच्चे को उसकी आवश्यकताओं के अनुरूप अवसर उपलब्ध करवाना हमारा दायित्व है। ऐसे शिविर दिव्यांग बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## तकनीकी शिक्षा मंत्री ने नवनिर्वाचित प्रधानों व उपप्रधानों को दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

# पात्रों तक पहुंचाएं सरकारी योजनाओं का लाभ : धर्माणी

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** नगर व ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने बिलासपुर स्थित बहुउद्देशीय भाषा एवं संस्कृति भवन के सभागार (ऑडिटोरियम) में जिला के नवनिर्वाचित प्रधानों व उपप्रधानों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राजेश धर्माणी ने कहा कि ग्राम पंचायतें सबसे जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्तियों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास एवं जनकल्याण को समर्पित सरकार अनेक योजनाएं लेकर आती है, लेकिन प्रभावी क्रियान्वयन के अभाव में इन योजनाओं का लाभ लक्षित वर्ग तक समयबद्ध रूप से नहीं पहुंच पाता। ऐसे में विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन के दौरान अनेक प्रकार के अंतराल एवं चुनौतियां सामने आती हैं, जिन्हें दूर करने में ग्राम पंचायतें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं और जनप्रतिनिधियों के बीच गहरा संबंध होता है तथा मतदाताओं की आस्था, विश्वास और अपेक्षाओं को पंचायत प्रतिनिधियों को सदैव समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का निर्णय लेते समय पंचायत प्रतिनिधियों को समाज के सबसे कमजोर एवं जरूरतमंद व्यक्ति को केंद्र में रखना चाहिए।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार 'हिम परिवार' के तहत प्रथम चरण में 1.20 लाख ऐसे परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर जोड़ रही है, जिनमें विधवा, अनाथ, परित्यक्त महिलाएं, गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति तथा मनरेगा में 90 दिन कार्य करने वाले परिवार शामिल हैं। मंत्री ने नशा मुक्त हिमाचल के निर्माण के लिए भी सभी को शपथ दिलाते हुए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया तथा समारोह के आयोजन संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विधायक रणधीर शर्मा, जीत राम कटवाल, त्रिलोक जम्वाल, प्रदेश कांग्रेस महासचिव विवेक कुमार, विकास ठाकुर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजना धीमान, गुड़िया सक्षम बोर्ड की उपाध्यक्ष अरुणा महाजन, जिला बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष तृप्ता ठाकुर, राज्य महिला आयोग की सदस्य रीना पुंडीर, एपीएमसी अध्यक्ष सतपाल वर्धन, राज्य सहकारी बैंक के निदेशक सुनील शर्मा, हिमकोफैड के निदेशक आशीष ठाकुर, एचआरटीसी निदेशक संदीप सांख्यान, जिला बाल कल्याण समिति सदस्य निर्मला राजपूत, उपायुक्त राहुल कुमार, पुलिस अधीक्षक संदीप धवल, अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर, जिला विकास अधिकारी यशपाल, विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित अन्य अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



शपथ दिलाते मंत्री राजेश धर्माणी और सभागार में उपस्थित प्रधान और उपप्रधान। अनंत ज्ञान

**रिहर्सल** बिलासपुर में मेगा मॉक ड्रिल से परखी गई आपदा प्रबंधन क्षमता

# बिलासपुर में 327 लोग सुरक्षित निकाले

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार के सौजन्य से राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को 10वीं राज्य स्तरीय मेगा मॉक एक्सरसाइज-2026 का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य जिले की आपदा प्रबंधन क्षमता, विभिन्न विभागों की आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली, संसाधनों की उपलब्धता तथा एजेंसियों के बीच समन्वय का परीक्षण करना था।

उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अभ्यास के दौरान जिले के विभिन्न उपमंडलों और विकास खंडों में भूकंप, अग्निकांड और भूस्खलन जैसे कई आपदा परिदृश्यों को तैयार किया गया। इन परिदृश्यों में राहत एवं बचाव दलों ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए अपनी तैयारियों का प्रदर्शन किया।



मेगा मॉक ड्रिल के दौरान रेस्क्यू करते हुए। अनंत ज्ञान

सदर उपमंडल के गांधी मार्केट में आग लगने की घटना पर अग्निशमन विभाग ने तुरंत कार्रवाई कर आग पर काबू पाया और पांच घायलों को सुरक्षित निकालकर अस्पताल पहुंचाया। वहीं पूर्णम मॉल में भूकंप की स्थिति में छह लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। क्षेत्रीय अस्पताल में भवन ध्वस्त होने के परिदृश्य में 12 लोगों का रेस्क्यू किया गया, जिनमें से 10 को सुरक्षित बचाया गया। घुमारवीं के बल्ह चुरानी स्कूल में भवन गिरने की स्थिति में राहत कार्य चलाया गया, जिसमें 120 छात्रों में से 35 को अस्पताल भेजा गया और 10 मृतक दर्शाए गए। झंडूता और स्वारघाट क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों में भी भूकंप प्रभावित परिस्थितियों में सफल बचाव अभियान चलाया गया। इसके अतिरिक्त समलेटू फोरलेन क्षेत्र में भूस्खलन की घटना में चार लोगों को सुरक्षित निकाला गया। अभ्यास के दौरान जिले भर में कुल 327 व्यक्तियों को सुरक्षित निकाला गया। 158 घायलों को उपचार उपलब्ध कराया गया, जिनमें से 76 व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेजा गया तथा 68 व्यक्तियों को अस्पतालों में भर्ती अथवा रेफर किया गया। परिदृश्य के अनुसार 14 मृतकों को भी दर्शाया गया। अभ्यास के दौरान विभिन्न एजेंसियों के बीच संचार प्रणाली, संसाधन प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्यों की गति तथा समन्वय तंत्र का सफल परीक्षण किया गया।

उपायुक्त ने कहा कि इस प्रकार के अभ्यास वास्तविक आपदाओं के दौरान प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों, सुरक्षा बलों, स्वास्थ्य संस्थानों, अग्निशमन विभाग, पुलिस, होमगार्ड, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ तथा स्वयंसेवी संगठनों द्वारा अभ्यास में निभाई गई सक्रिय भूमिका की सराहना की।

### 27 परिवार कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र की द्रोबड़ पंचायत में भाजपा को बड़ी राजनीतिक सफलता मिली है। विधायक त्रिलोक जमवाल की मौजूदगी में डिब्ब व गुणु गांवों के करीब 27 परिवारों ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष देशराज, नवनिर्वाचित वार्ड सदस्य मोनिका सहित कई लोग शामिल रहे। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने एक पूर्व विधायक पर विकास कार्यों का झूठा श्रेय लेने और जनता को गुमराह करने के आरोप लगाए। विधायक त्रिलोक जमवाल ने सभी का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी का लक्ष्य विकास और जनसेवा है। उन्होंने दावा किया कि द्रोबड़ पंचायत में साढ़े तीन वर्षों में 2 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य हुए हैं। भाजपा नेताओं ने इसे जनता का विश्वास बताते हुए संगठन की मजबूती का संकेत बताया।

### जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन 6 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाकपा की राज्य परिषद बैठक सर्किट हाउस बिलासपुर में अध्यक्ष नरेश घई की अध्यक्षता में हुई। राज्य सचिव भाग सिंह चौधरी ने रिपोर्ट प्रस्तुत की। अमेरिकी हमले में मारे गए नाविकों को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में 6 से 20 अगस्त तक प्रदेशव्यापी आंदोलन का निर्णय लिया गया। पार्टी ने स्मार्ट मीटर योजना का विरोध, मनरेगा व वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग उठाई। महंगाई, बेरोजगारी और विदेश नीति पर सरकार की आलोचना की गई।

### एससी/एसटी विकास निधि कानून की मांग पर मानसून सत्र में धरने का ऐलान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एससी-एसटी विकास निधि कानून की मांग को लेकर राज्य गठबंधन ने विधानसभा के मानसून सत्र में नियमित धरना देने का निर्णय लिया है। यह फैसला बिलासपुर के रौड़ा स्थित गुरु रविदास मंदिर परिसर में हुई स्टेट कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक में लिया गया। राज्य संयोजक सुखदेव विश्वप्रेमी ने बताया कि जुलाई के पहले सप्ताह में सामाजिक न्याय यात्रा का दूसरा चरण शुरू होगा। बैठक में पंचायतों से प्रस्ताव भेजने की अपील भी की गई। विभिन्न सामाजिक नेताओं ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### अर्पित जरयाल बने चंबा विभाग के संयोजक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अभ्यास वर्ग में जिला चंबा के कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण संगठनात्मक दायित्व सौंपे गए। आसपुर में 11 से 14 जून तक आयोजित इस चार दिवसीय अभ्यास वर्ग में अर्पित जरयाल को चंबा विभाग संयोजक नियुक्त किया गया। इसके अलावा खेमराज को विभाग सह प्रमुख, अंकुश भारती को विभाग व्यवस्था प्रमुख, अनिल ठाकुर को जिला संगठन मंत्री, स्नेहा नाथ को जिला छात्रा प्रमुख तथा अंशु नेगी को जिला संयोजक बनाया गया। तहसील स्तर पर भी कई नई नियुक्तियां की गईं। अभाविप पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि नव नियुक्त कार्यकर्ता संगठन विस्तार और छात्रहितों की आवाज को और मजबूत करेंगे।

### डांड पंचायत में मेधावी विद्यार्थी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर मिशन सोसाइटी चंबा द्वारा डांड पंचायत में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें सलूणी, तेलका, भांदल, डियूर सहित कई पंचायतों के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रधान जगदीश अहीर ने शिक्षा को विकास का आधार बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। अनेक छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया, जिससे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ा।

### भूकंप आपदा से निपटने के लिए करवाई मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरियां कोठी में भूकंप जैसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए मॉक ड्रिल आयोजित की गई। कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने सक्रिय भाग लिया। सायरन बजते ही सभी विद्यार्थी सुरक्षित स्थानों पर पहुंचे और 'ड्रॉप, कवर और होल्ड' का अभ्यास किया। घायल व्यक्ति को स्ट्रेचर से ले जाने और प्राथमिक उपचार का प्रदर्शन भी किया गया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने आपदा प्रबंधन की तैयारी पर जोर दिया। यह अभ्यास विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी रहा।

### दुर्गम पांगी घाटी के नवनिर्वाचित प्रधानों व उपप्रधानों की प्रदेश सरकार से की मांग

# पांगी घाटी को मिले अलग विधानसभा क्षेत्र का दर्जा, टनल निर्माण में लाई जाए तेजी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** जिले की दुर्गम पांगी घाटी के नवनिर्वाचित प्रधानों और उपप्रधानों ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित इरावती होटल में संयुक्त प्रेसवार्ता आयोजित कर क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़ी अहम मांगों को सरकार के समक्ष मजबूती से उठाया।

पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत कठिन परिस्थितियों वाले इस क्षेत्र को आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, इसलिए सरकार को पांगी घाटी के विकास के लिए विशेष कदम उठाने चाहिए। प्रतिनिधियों ने मांग की कि पांगी घाटी को अलग विधानसभा क्षेत्र का दर्जा दिया जाए, ताकि यहां की समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान हो सके और स्थानीय लोगों को बेहतर राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिल सके। उनका कहना था कि स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और संचार जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण लोगों को रोजमर्रा के जीवन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पंचायत प्रतिनिधियों ने घाटी में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, शिक्षा व्यवस्था में सुधार, सड़कों के विस्तार एवं रखरखाव तथा पूरे वर्ष निर्बाध संपर्क सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित टनल निर्माण परियोजना को शीघ्र पूरा करने की मांग भी उठाई। उनका कहना था कि टनल बनने से पांगी घाटी का सालभर संपर्क बना रहेगा, जिससे स्थानीय लोगों की आवाजाही आसान होगी और पर्यटन व आर्थिक गतिविधियों को भी नया बल मिलेगा। नवनिर्वाचित प्रधानों और उपप्रधानों ने सरकार से आग्रह किया कि पांगी घाटी की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लंबित विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया, तो भविष्य में लोकतांत्रिक तरीके से जनआंदोलन शुरू करने की रणनीति बनाई जाएगी। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर कहा कि उनका उद्देश्य राजनीतिक लाभ नहीं, बल्कि पांगी घाटी के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना और क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना है।



प्रेसवार्ता करते नवनिर्वाचित प्रधान और उपप्रधान। अनंत ज्ञान

### भटवाड़ा पंचायत में पेड़ों पर झूलती बिजली की तारें दे रही हादसे का न्योता



अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** नवगठित भटवाड़ा पंचायत में पेड़ों पर झूलती बिजली की तारें हादसे को न्योता दे रही हैं। जहां मक्की की बुआई जोरों पर है। वहीं, कृषि उत्पादन से जुड़े किसान सुबह से लेकर शाम तक ज्यादातर वक्त अपने खेतों में व्यतीत करते हैं। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत भटवाड़ा के गांव सपैड़ा, पडली, डडौला खेतों में पेड़ों की शाखाओं के बीच में से गुजरती यह बिजली की तारें मक्की की बुवाई को लेकर किसानों की चिंता बढ़ा रही है। किसी भी अप्रिय घटना का खतरा यहां हर पल बना हुआ है वहीं दूसरी तरफ शाखाओं के बीच में से गुजरती बिजली की तारें आए दिन बिजली संबंधित समस्याएं भी बढ़ा सकती हैं। स्थानीय लोगों देवी सिंह, सोनू, सुरेश, अशोक, आत्माराम भारद्वाज, मुंशी, कृष्णा, सपना, लक्ष्मी इत्यादि लोगों का कहना है कि सपैडा, डडौला, पड़ली इत्यादि गांवों में पेड़ों की शाखाओं के बीच में से गुजरती बिजली की तारों को अति शीघ्र दुरुस्त किया जाए ताकि कोई भी अनहोनी यहां ना हो तथा बिजली संबंधित समस्या से भी बचा जा सके। सहायक अभियंता मनोज कुमार का कहना है कि मामला ध्यान में लाया गया है। जल्द बिजली की तारों को दुरुस्त किया जाएगा।

### होली-उतराला सड़क निर्माण में देरी पर जनाक्रोश, विस अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



विस अध्यक्ष कुलदीप से मिलता प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** होली से उतराला तक प्रस्तावित बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण में हो रही देरी को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश एक बार फिर सामने आया है।

होली-उतराला संघर्ष समिति के सचिव सुनील कुमार के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों ने चंबा में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को ज्ञापन सौंपकर कार्य शीघ्र शुरू करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यह सड़क हजारों लोगों की वर्षों पुरानी मांग है, जिसके अभाव में ग्रामीणों को कठिन आवागमन का सामना करना पड़ रहा है। बरसात और बर्फबारी के दौरान हालात और भी गंभीर हो जाते हैं, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और आपात सेवाएं प्रभावित होती हैं। लोगों ने बताया कि इस सड़क के बनने से कांगड़ा की दूरी लगभग 300 किलोमीटर से घटकर करीब 70 किलोमीटर रह जाएगी, जिससे समय और लागत दोनों में भारी बचत होगी। साथ ही पर्यटन, स्वरोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। स्थानीय लोगों ने सरकार से इस महत्वपूर्ण परियोजना को शीघ्र शुरू करने की मांग दोहराई है।

# विस अध्यक्ष कुलदीप ने प्रधानों और उपप्रधानों को दिलाई शपथ



चंबा में पद और गोपीनयता की शपथ ग्रहण करते नवनिर्वाचित प्रधान व उपप्रधान। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने जिला चंबा के अंतर्गत पंचायती राज संस्थाओं के नव-निर्वाचित प्रधानों एवं उपप्रधानों को ऐतिहासिक चौगान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संविधान के प्रति निष्ठा एवं निष्पक्षता की शपथ दिलाई।

उन्होंने प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं, और जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे सभी वर्गों के विकास के लिए समान भाव से कार्य करें। उन्होंने कहा कि पंचायतों को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं तथा प्रशासनिक सहयोग से ग्रामीण विकास को नई गति दी जाएगी।

विधायक नीरज नैय्यर ने विकास कार्यों की गुणवत्ता और वंचित वर्गों के उत्थान पर जोर दिया। कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। जिले में 7 विकास खंडों की 319 ग्राम पंचायतों के लिए प्रधान एवं उपप्रधान पदों सहित कुल 638 पदों पर चुनाव हुए। 7 पंचायत समितियां, 135 वार्ड, 18 जिला परिषद वार्ड और 1791 ग्राम पंचायत वार्डों सहित कुल 2581 पदों के लिए लगभग 8000 उम्मीदवार मैदान में थे। मतदान प्रक्रिया में 4000 कर्मचारी और 990 पुलिस-होमगार्ड कर्मियों की तैनाती की गई। जिले में कुल 4,07,829 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें 2,06,570 पुरुष और 2,01,283 महिला मतदाता शामिल हैं। भरमौर, भटियात, चंबा, मैहला, पांगी, सलूणी और तीसा विकास खंडों में पंचायतों का गठन हुआ।

### पंचायत चौकीदारों ने दैनिक वेतनभोगी बनाने की उठाई मांग



अनंत ज्ञान

**चंबा।** पंचायत चौकीदार संघ जिला चंबा ने 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके अंशकालिक पंचायत चौकीदारों को शीघ्र दैनिक वेतनभोगी बनाए जाने की मांग की है। संघ के जिलाध्यक्ष जगदेव शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को ज्ञापन सौंपकर लंबित अधिसूचना जारी करने का आग्रह किया। ज्ञापन में कहा गया कि नीति के अनुसार 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर पंचायत चौकीदारों को दैनिक वेतनभोगी बनाए जाने का प्रावधान है, लेकिन 31 अगस्त 2022 के बाद कोई अधिसूचना जारी नहीं हुई। इससे कई कर्मचारी पात्र होने के बावजूद लाभ से वंचित हैं। संघ ने बताया कि पंचायत चौकीदार ग्राम स्तर पर सफाई, सरकारी योजनाओं का प्रचार, ग्राम सभाओं की सूचना, आपदा एवं चुनावी कार्यों सहित अनेक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाते हैं। संघ ने सरकार से शीघ्र निर्णय लेकर लंबित मांग पूरी करने की अपील की है।

### कॉलेज बंद नहीं, शिक्षा को मजबूत करे प्रदेश सरकार: डीएस ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** चंबा के ऐतिहासिक चौगान नंबर-1 में आयोजित नव निर्वाचित प्रधान एवं उपप्रधानों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डीएस ठाकुर ने जहां सभी जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए जनसेवा के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया, वहीं प्रदेश सरकार के भलेई कॉलेज को बंद करने के निर्णय पर तीखा प्रहार करते हुए इसे ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था पर सीधा हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि भलेई जैसे दुर्गम क्षेत्र में संचालित महाविद्यालय उच्च शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है, जहां आसपास के सैकड़ों विद्यार्थी, विशेषकर बेटियां, अपनी पढ़ाई पूरी कर रही थीं। ऐसे संस्थान का बंद होना ग्रामीण परिवारों के लिए चिंता का विषय है और इससे शिक्षा तक पहुंच सीमित होगी। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार की शिक्षा संबंधी यह नीति उचित नहीं है। पहले शिक्षकों के पद रिक्त छोड़ दिए जाते हैं, आवश्यक सुविधाओं का अभाव बना रहता है और बाद में छात्र संख्या कम होने का तर्क देकर संस्थानों को बंद कर दिया जाता है। यह व्यवस्था शिक्षा को सशक्त बनाने के बजाय कमजोर करने वाली है। पूर्व सरकार के कार्यकाल में भलेई कॉलेज के भवन निर्माण के लिए करोड़ों रुपये स्वीकृत किए गए थे तथा एक समय यहां लगभग 350 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत थे। ऐसे संस्थान का बंद होना क्षेत्र के युवाओं के सपनों और ग्रामीण शिक्षा के विकास पर सीधा आघात है। वहीं, विधायक ने नवनिर्वाचित प्रधानों एवं उपप्रधानों को शुभकामनाएं दीं।



# पंजाब के लोग मान सरकार के कार्यों से खुश: केजरीवाल

## मोहाली रोड शो में ड्रग्स नेटवर्क और विकास पर केंद्र से सख्त कार्रवाई की मांग

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मोहाली में आयोजित मेगा रोड शो के दौरान विपक्षी दलों पर तीखे आरोप लगाए और पंजाब सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा। दोनों नेताओं ने दावा किया कि अकाली दल, भाजपा और कांग्रेस के शासनकाल में पंजाब में नशे का प्रसार बढ़ा और राज्य गंभीर संकट की ओर बढ़ा।

केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में नशे की समस्या लगातार गंभीर होती गई है और अब ड्रग्स के नए रूट सामने आ रहे हैं। उन्होंने गृह मंत्रालय से अपील की कि गुजरात के रास्ते पंजाब में आने वाली तस्करी पर तुरंत रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि हाल की बरामदगियों से यह साफ है कि ड्रग्स नेटवर्क लगातार अपने रास्ते बदल रहा है, जिसे रोकना केंद्र और राज्य दोनों की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अकाली दल और कांग्रेस के नेताओं ने लंबे समय तक सत्ता में रहकर राज्य के संसाधनों का दुरुपयोग किया।

उन्होंने कहा कि अब जनता ने ऐसे दलों को नकार दिया है और ईमानदार राजनीति को समर्थन दिया है। केजरीवाल ने कहा कि मौजूदा सरकार को साढ़े चार साल के कार्यकाल में जनता का जितना समर्थन मिला है, उतना पहले किसी सरकार को नहीं मिला। उन्होंने दावा किया कि लोग विकास कार्यों से संतुष्ट हैं और सरकार के कामों को सराह रहे हैं। रोड शो के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने नेताओं का स्वागत किया। सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए



**ड्रग्स तस्करी रोकने के लिए केंद्र से तुरंत हस्तक्षेप की मांग**

नेताओं ने बताया कि पंजाब में 96 प्रतिशत नहरी पानी का उपयोग किया जा रहा है, 14,000 किलोमीटर खाल बनाए गए हैं और किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधाएं मिली हैं। साथ ही 90 प्रतिशत से अधिक घरों को मुफ्त बिजली, 'मुख्यमंत्री सेहत योजना' के तहत 10 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज और महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता जैसी योजनाओं को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया गया।

नेताओं ने कहा कि पंजाब में विकास कार्यों की गति लगातार बढ़ रही है और सरकार जनता की भलाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। रोड शो के दौरान मोहाली में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और समर्थकों ने फूल बरसाकर नेताओं का स्वागत किया।

### राष्ट्रीय महिला आयोग की रूपनगर में जन-सुनवाई आज

**अनंत ज्ञान, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** नेशनल कमीशन फॉर विमेन की चेयरपर्सन विजया रहाटकर 16 जून 2026 को रूपनगर डिवीजन का दौरा करेंगी। इस दौरान 'राष्ट्रीय महिला आयोग-आपके दरवाजे' कार्यक्रम के तहत गवर्नमेंट कॉलेज, रूपनगर में सुबह 9:30 बजे महिला जन-सुनवाई का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं से जुड़ी लंबित शिकायतों का समाधान करना और उनकी समस्याओं को मौके पर ही सुनकर निपटाना है। सुनवाई में राष्ट्रीय महिला आयोग के अधिकारी और संबंधित विभागों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। जिला प्रशासन ने एसएएस नगर जिले की महिलाओं से अपील की है कि वे अपनी शिकायतों के साथ इस जन-सुनवाई में भाग लें और उपलब्ध व्यवस्था का लाभ उठाएं। प्रशासन ने कहा है कि पेंडिंग मामलों के त्वरित निपटारे के लिए यह महत्वपूर्ण मंच होगा।

# स्वस्थ व्यक्ति हर 90 दिन बाद कर सकता है रक्तदान: कंसल



अनंत ज्ञान

**साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** जिला रेड क्रॉस ब्रांच, एसएएस नगर द्वारा डिप्टी कमिश्नर-कम-प्रेसिडेंट डिस्ट्रिक्ट रेड क्रॉस कोमल मित्तल के मार्गदर्शन में लगातार जनकल्याणकारी गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में श्री गुरु रविदास महाराज के 650वें प्रकाश पर्व शताब्दी समारोह को समर्पित एक ब्लड डोनेशन कैंप श्री गुरु रविदास भवन, सेक्टर-61, फेज-7, मोहाली में आयोजित किया गया। यह कैंप जिला रेड क्रॉस ब्रांच ने विश्वास फाउंडेशन और गुरु रविदास नौजवान सभा, पंजाब के सहयोग से लगाया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। युवाओं और श्रद्धालुओं की बड़ी भागीदारी से यह आयोजन सफल रहा। इस अवसर पर गुरु रविदास नौजवान सभा, पंजाब के अध्यक्ष बख्शीश सिंह गंग ने स्वयं रक्तदान कर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। जिला रेड क्रॉस के सचिव हरबंस सिंह ने सभी रक्तदाताओं की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया और इसे मानवता की श्रेष्ठ सेवा बताया। असिस्टेंट कमिश्नर डॉ. अंकिता कंसल ने कहा कि रक्तदान से कमजोरी आने की धारणा गलत है। उन्होंने बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति हर 90 दिन बाद रक्तदान कर सकता है।

### व्यापारियों की समस्याओं पर त्वरित समाधान के निर्देश

**अनंत ज्ञान, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** असिस्टेंट कमिश्नर (जनरल) डॉ. अंकिता कंसल ने जिला प्रशासनिक परिसर में डिस्ट्रिक्ट ट्रेडर्स कमीशन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में व्यापारियों और दुकानदारों द्वारा उठाई गई समस्याओं और लंबित शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की गई। डॉ. कंसल ने पावरकॉम, गमाडा, नगर निगम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यापारियों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाधान में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार व्यापारियों और औद्योगिक समुदाय के लिए बेहतर व्यापारिक माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में जिला ट्रेडर्स कमीशन के वाइस चेयरमैन तरलोचन सिंह बैदवान, अकविंदर सिंह गोसल सहित व्यापारिक प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### पुरुष स्वास्थ्य में लापरवाही बन रही बड़ी समस्या: डॉ. रंधावा

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** 'पुरुष अक्सर डॉक्टर से सलाह लेने में कम रुचि दिखाते हैं और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के गंभीर होने तक लक्षणों को नजरअंदाज करते रहते हैं। प्रोस्टेट का बढ़ना, किडनी की पथरी, यूरिनरी ट्रैक्ट की समस्याएं और प्रोस्टेट कैंसर जैसी कई आम यूरोलॉजिकल बीमारियों का शुरुआती दौर में पता चलने पर प्रभावी ढंग से इलाज किया जा सकता है।



सोमवार को पुरुष स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह के मौके पर बोलते हुए, मैक्स हॉस्पिटल, मोहाली में यूरोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर, डॉ एमएस रंधावा ने कहा कि पुरुषों की स्वास्थ्य देखभाल में सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बीमारी का देर से पता चलना है।

उन्होंने बताया कि कई पुरुष पेशाब करने में कठिनाई, बार-बार पेशाब आना, पेशाब में खून आना या लगातार बेचैनी जैसे लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं।

उन्होंने जानकारी दी कि शुरुआती जांच और नियमित हेल्थ चेक-अप से स्वास्थ्य संबंधी संभावित समस्याओं को गंभीर रूप लेने से पहले ही पहचाना जा सकता है। डॉ रंधावा ने सलाह दी कि प्रोस्टेट स्वास्थ्य की नियमित जांच और समय पर डॉक्टरी सलाह पुरुषों के बेहतर दीर्घकालिक स्वास्थ्य परिणामों को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, पर्याप्त पानी पीना और तंबाकू के सेवन से परहेज करके स्वस्थ जीवन शैली अपनाने से कई स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। डॉ रंधावा की राय में, 40 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुषों को नियमित स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए और कोई भी असामान्य लक्षण दिखने पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों से सलाह लेनी चाहिए।

# रोहतक अग्निकांड: पीड़ितों को मिलेंगे दस-दस लाख

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने घटनास्थल पर पहुंचकर दुकानों के हुए नुकसान का लिया जायजा

अनंत ज्ञान

**रोहतक।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रोहतक के डी-पार्क क्षेत्र में गत 9 जून को हुई भीषण आगजनी की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने सोमवार को प्रभावित बाजार का दौरा कर दुकानदारों से संवाद किया तथा दुकानों को हुए नुकसान का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने आगजनी में मृतक अमन कुमार पुत्र जगदीश, रोहित खुराना तथा कपिल कुमार के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 10-10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आग से भारी नुकसान झेलने वाले प्रतिष्ठानों को भी मुख्यमंत्री राहत कोष से तत्काल सहायता दी जाएगी।

दौरे के उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रेस प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ए सी में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और अनेक प्रतिष्ठानों को अपनी चपेट में ले लिया। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस दुखद घटना में अमन कुमार, रोहित खुराना तथा कपिल कुमार की मृत्यु हुई है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए परमपिता परमात्मा से अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार भीषण आगजनी के पीड़ित परिवारों और व्यापारियों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन की क्षति की भरपाई संभव नहीं है, फिर भी राज्य सरकार पीड़ित परिवारों और प्रभावित व्यापारियों की हर संभव सहायता करेगी। सैनी ने घोषणा की कि आगजनी में मृतक अमन कुमार पुत्र जगदीश, रोहित खुराना तथा कपिल कुमार के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। आग से भारी नुकसान झेलने वाले प्रतिष्ठानों को भी मुख्यमंत्री राहत कोष से तत्काल सहायता दी जाएगी। सरकार द्वारा इस घटना में हुए नुकसान की पूरी भरपाई की कोशिश की जायेगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस घटना में प्रभावित दिल्ली शूज के संचालक अमरजीत सिंह पुत्र रामप्रकाश को 5 लाख रुपये, रोहतक शूज कंपनी के संचालक सतीश कुमार पुत्र भूप सिंह को 5 लाख रुपये, शूज प्लाजा से गीता रानी पत्नी जय किशन को 5 लाख रुपये, रीगल शूज से इंदु जुनेजा पत्नी राजेश जुनेजा को 5 लाख रुपये, शिव जनरल स्टोर के नवनीत जुनेजा पुत्र हरीश कुमार को 5 लाख रुपये, बिंदु जनरल स्टोर के संचालक देशबंधु जैन पुत्र प्रकाशचंद जैन को 5 लाख रुपये, फुटलुक फुटवेयर के संचालक अशोक कुमार जैन को 5 लाख रुपये तथा कैलाश बूट हाउस के संचालक प्रियांशु कालड़ा पुत्र कैलाशचंद को 5 लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी।



### सांसद मालविंदर ने गुजरात से पंजाब आने वाले ड्रग्स तस्करी पर जताई चिंता



अनंत ज्ञान

**साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** श्री आनंदपुर साहिब से सांसद मालविंदर सिंह कांग ने गुजरात से पंजाब आने वाले रास्तों के जरिए ड्रग्स तस्करी पर चिंता जताते हुए गृह मंत्रालय से तुरंत दखल देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पंजाब के युवाओं को नशे के खतरे से बचाने के लिए केंद्र सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि हाल ही में पंजाब पुलिस द्वारा की गई बड़ी बरामदगियों से यह स्पष्ट है कि तस्करी के नए रूट सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट और देश-विरोधी तत्वों पर भी चिंता जताई। राजनीतिक बयान में उन्होंने बीजेपी को आम लोगों से कटी हुई पार्टी बताया और कहा कि पंजाब में उसका मजबूत संगठनात्मक ढांचा नहीं है। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार की नीतियों और कल्याणकारी योजनाओं की सराहना की। विकास कार्यों के तहत उन्होंने खरड़ क्षेत्र में पानी के टैंकर, सोलर लाइट और इनडोर जिम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद वे क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाते रहेंगे। स्थानीय लोगों ने इन परियोजनाओं के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# चिट्टे के खिलाफ जंग बनी जनआंदोलन : सीएम

## कहा-नशा तस्करों के नेटवर्क पर भी सरकार का कड़ा प्रहार, युवाओं को दिखाई खेलों की राह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में चिट्टा व अन्य मादक पदार्थों के विरुद्ध छेड़ी गई लड़ाई अब जनभागीदारी के बल पर एक व्यापक जनआंदोलन का स्वरूप धारण कर चुकी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि नशे के खिलाफ यह अभियान केवल सरकारी कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी से इसे नई शक्ति मिली है।

मुख्यमंत्री पुलिस ग्राउंड भराड़ी में आयोजित शिमला क्रिकेट कार्निवल के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। नशा छोड़ो, खेल खेलो विषय पर आयोजित इस क्रिकेट कार्निवल के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए खेल गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देते हैं, बल्कि उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का भी विकास करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव के दौरान क्रिकेट और वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी इसी सोच के तहत किया गया, ताकि युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक दिशा मिल सके और वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार चिट्टा मुक्त हिमाचल के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बहुआयामी रणनीति पर कार्य कर रही है। महाविद्यालयों में नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित सेमिनार, जागरूकता रैलियां और वॉकथॉन आयोजित किए जाएंगे। वहीं जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों को विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को नियमित रूप से जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस, पंचायतें, सामाजिक संगठन, शिक्षक, अभिभावक और युवा मिलकर नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार केवल तस्करों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके आर्थिक साम्राज्य और अवैध नेटवर्क को भी ध्वस्त करने का कार्य कर रही है। पिछले साढ़े तीन वर्षों के दौरान लगभग 51 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध संपत्तियां जब्त की गई हैं तथा नशा कारोबार से जुड़े कई माफिया तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई गई है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नशे से जुड़े मामलों में अब तक 123 सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। इनमें 10 राज्य कर्मचारियों और 21 पुलिस कर्मियों को सेवा से बर्खास्त किया गया है।

उन्होंने कहा कि सरकारी सेवाओं में नियुक्ति से पूर्व डोप टेस्ट को अनिवार्य बनाना प्रदेश सरकार का एक ऐतिहासिक निर्णय है, जो नशामुक्त हिमाचल के निर्माण में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने प्रदेश में खेल अवसंरचना को मजबूत करने, खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी।


क्रिकेट कार्निवल के समापन समारोह में सीएम सुक्खू विजताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए। अनंत ज्ञान

### नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प

**समारोह** के दौरान मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई तथा शिमला क्रिकेट कार्निवल के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने और क्रिकेट मैदान शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा भी की। इस अवसर पर विधायक हरीश जनारथा, महापौर सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल, विभिन्न पार्षद, शिमला क्रिकेट कार्निवल क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र बांसटु, टूर्नामेंट अध्यक्ष मनोज चौहान, उपायुक्त अनुपम कश्यप सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अब विपक्ष में बैठने लायक भी नहीं रही कांग्रेस : सुधांशु

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने इन वर्षों को सेवा, सुशासन, और जनकल्याण का स्वर्णिम काल बताया है। सोमवार को धर्मशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि उन्होंने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व और ऐतिहासिक बदलाव देखे हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा करने वाले प्रधानमंत्री के रूप में जनता ने उन्हें सराहा है।

इन 12 वर्षों का कार्यकाल देश की समृद्धि, सुरक्षा, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गौरव को समर्पित रहा। उन्होंने कहा देश ने पहली बार गरीब कल्याण और अभूतपूर्व विकास को समांतर रूप से चरितार्थ होते देखा है। उन्होंने कहा देश ने पहली बार गरीब कल्याण और अभूतपूर्व विकास को समांतर रूप से चरितार्थ होते देखा है। चाहे 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देना हो या देशभर में 90 से अधिक एयरपोर्ट और 140 से अधिक वंदे भारत ट्रेनें शुरू करनी हों, चाहे 4 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को पक्के घर देने हों या 1.45 लाख किलोमीटर सड़कें और 3000 किमी आधुनिक एक्सप्रेसवे बनाने हों। चाहे 50 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा और 10 करोड़ से अधिक परिवारों को गैस कनेक्शन देने हों। आज कॉंग्रेस विपक्ष में नही है। कांग्रेस की स्थिति इतनी दयनीय हो गई है कि अब वह विपक्ष में बैठने के लायक भी नहीं बची है। आज कांग्रेस मुसलिम लीग पार्टी बन चुकी है। राहुल गांधी आरोप लगाना छोड़े, काम करके दिखाए। कांग्रेस के अपने ही नेताओं, सांसदों, और विधायकों पर से न तो विश्वास रहा है और न ही नियंत्रण। उन्होंने कहा कांग्रेस अपनी मूल विचारधारा से भटक चुकी है और अब मुस्लिम लीग और माओवादी सोच का प्रभाव उस पर हावी हो गया है। कांग्रेस ने असम की 99 सीटों में से 19 पर जीत हासिल की, जिनमें जीतने वाले 18 मुस्लिम उम्मीदवार हैं। वहीं, बंगाल में 292 सीटों में से केवल दो सीटें कांग्रेस के खाते में आई हैं, वहां भी जीतने वाले दोनों ही मुस्लिम हैं।

# अखबार में दिया जा रहा खाद्य पदार्थ जहर समान

## समोसों-पकौड़ों के साथ शरीर में पहुंच रहे खतरनाक रसायन सेहत पर भारी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** सड़क किनारे रेहड़ियों, मिठाई की दुकानों और छोटे-बड़े भोजनालयों में आज भी गर्म समोसे, पकौड़े, जलेबी और अन्य खाद्य पदार्थ अखबार में लपेटकर या उसी पर परोसकर दिए जा रहे हैं। देखने में सामान्य लगने वाली यह आदत अब लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे का कारण बनती जा रही है। हिमाचल उपभोक्ता संरक्षण परिषद ने इस विषय को लेकर प्रदेश भर में चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि खाद्य पदार्थों को अखबार में रखना, परोसना या पैक करना न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह खाद्य सुरक्षा नियमों का सीधा उल्लंघन भी है। परिषद ने प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग से ऐसे मामलों पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

परिषद के अध्यक्ष जोगेंद्र कंवर और उपाध्यक्ष रणजीत सिंह धीमान ने संयुक्त बयान में कहा कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के अनुसार किसी भी खाद्य सामग्री को अखबार के संपर्क में लाना प्रतिबंधित है। अखबारों में प्रयुक्त प्रिंटिंग स्याही और कागज में विभिन्न प्रकार के रासायनिक तत्व, रंग, भारी धातुएं और अन्य विषैले पदार्थ मौजूद होते हैं। जब गर्म या तैलीय खाद्य पदार्थ इनके संपर्क में आते हैं तो ये




◆ **खाद्य सुरक्षा नियमों की अनदेखी पर की जाएगी सख्त कार्रवाई**

हानिकारक तत्व सीधे भोजन में मिल जाते हैं और फिर भोजन के साथ मानव शरीर में प्रवेश कर जाते हैं।

जानकरों का मानना है कि ऐसे दूषित भोजन के लगातार सेवन से पेट संबंधी संक्रमण, पाचन तंत्र की गड़बड़ियां, लीवर और किडनी पर प्रतिकूल प्रभाव, त्वचा रोग तथा अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। लंबे समय तक इस प्रकार के रसायनों के संपर्क में रहने से गंभीर और जानलेवा बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है। एफएसएसएआई ने हाल ही में सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों को आगाह किया है कि अखबार में लिपटा या परोसा गया भोजन स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित नहीं है।

बता दें कि प्रदेश में अनेक स्थानों पर आज भी सुविधा और कम लागत के कारण खाद्य पदार्थों को अखबार में पैक करने की प्रथा जारी है। उपभोक्ता संरक्षण परिषद का कहना है कि यह केवल नियमों की अनदेखी नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। परिषद ने मांग की है कि खाद्य सुरक्षा विभाग विशेष निरीक्षण अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों, हलवाइयों और रेहड़ी-फड़ी संचालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि लोगों को सुरक्षित और स्वच्छ भोजन उपलब्ध हो सके।

### अखबार में पैक किए खाद्य पदार्थ न लें

**हिमाचल** उपभोक्ता संरक्षण परिषद ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अखबार में परोसे या पैक किए गए खाद्य पदार्थों को स्वीकार न करें और दुकानदारों से स्वच्छ एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप पैकेजिंग की मांग करें। परिषद का कहना है कि सुरक्षित भोजन प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और इसके प्रति जागरूकता ही स्वास्थ्य सुरक्षा की सबसे बड़ी कुंजी है। यदि उपभोक्ता स्वयं सतर्क होंगे तो खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करवाना भी आसान होगा और समाज को कई गंभीर स्वास्थ्य खतरों से बचाया जा सकेगा।

### भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बोले- कांग्रेस सरकार ने हिमाचल को विकास से किया वंचित

# 12 वर्ष में भारत बना विश्व की अग्रणी शक्तिः दुष्यंत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं पूर्व राज्यसभा सांसद दुष्यंत कुमार गौतम ने मंडी में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। सड़कों के निर्माण, गरीब कल्याण योजनाओं, किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। भारत आज तकनीक, आधारभूत ढांचे और नवाचार के क्षेत्र में विश्व में अपनी अलग पहचान बना रहा है।

उन्होंने कहा कि एक समय भारत को विश्व में अलग दृष्टि से देखा जाता था, लेकिन आज भारत एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का गौरव विश्व मंच पर बढ़ा है। आज भारत चंद्रमा तक पहुंच चुका है, जी-20 की सफल अध्यक्षता कर चुका है तथा 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाई जा रही है। दुष्यंत कुमार गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प निश्चित रूप से पूरा होगा और देश का प्रत्येक नागरिक इसमें सहभागी बनेगा। उन्होंने कहा कि पहले कहा जाता था कि विकास के लिए संसाधन नहीं हैं, लेकिन मोदी सरकार ने यह सिद्ध किया है कि इच्छाशक्ति और पारदर्शिता से देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार प्रदेश की सहायता कर रही है, लेकिन राज्य सरकार केंद्र से प्राप्त धन का सही हिसाब देने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि वे उत्तराखंड के प्रभारी हैं और उत्तराखंड तथा हिमाचल प्रदेश दोनों पर्वतीय राज्यों की परिस्थितियों को निकटता से देखते हैं। उत्तराखंड में विकास कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश में विकास की रफ्तार थम गई है। आपदा के समय भी उत्तराखंड सरकार त्वरित कार्रवाई करती है, जबकि हिमाचल में आपदा प्रभावितों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए नगर निगम चुनावों के परिणामों ने भी प्रदेश सरकार के प्रति जनता की नाराजगी को स्पष्ट कर दिया है। कांग्रेस सरकार जनता को गुमराह करने और विभिन्न वर्गों के साथ वादाखिलाफी करने का कार्य कर रही है।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी इस विकसित भारत सम्मेलन में अपने विचार रखें द्य सदर विधायक अनिल शर्मा, द्रंग विधायक पूर्ण चंद ठाकुर, बल्ह विधायक इंद्र सिंह गांधी, प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा, प्रदेश प्रवक्ता अजय ठाकुर, प्रदेश सचिव प्रियंका शर्मा, मांचली ठाकुर, करण तथा भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राकेश वालिया सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मंडी के शहीद स्मारक एवं इंदिरा मार्केट में दिया स्वच्छता का संदेश



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम ने मंडी के शहीद स्मारक एवं इंदिरा मार्केट क्षेत्र में आयोजित स्वच्छता अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता को जनभागीदारी का महत्वपूर्ण अभियान बताते हुए सभी नागरिकों से अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनिल शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया। भाजपा परिवार ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज को स्वच्छ भारत के संकल्प से जोड़ने का संदेश दिया।

# जयराम ठाकुर भी केंद्र से फंड लाने में रहे नाकाम : चमन राही

## पंचायत भवन मंडी की दुर्दशा सुधारने के लिए ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने सोमवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह को ज्ञापन सौंपकर मंडी बस स्टैंड के समीप स्थित पंचायत भवन की स्थिति सुधारने तथा इसे मूल उद्देश्य के अनुरूप पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीण जनता के उपयोग के लिए उपलब्ध करवाने की मांग उठाई।

ज्ञापन में कहा गया है कि करीब 35 वर्ष पहले पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों की सुविधा के लिए बनाए गए इस भवन में चार कमरे और 16 बिस्तरों की व्यवस्था है, लेकिन वर्तमान में भवन अपने मूल उद्देश्य को पूरा नहीं कर पा रहा है। भवन की ऊपरी मंजिल पर विभिन्न सरकारी कार्यालय संचालित हो रहे हैं, जबकि पंचायत प्रतिनिधियों को बैठकों और अन्य सरकारी कार्यों के दौरान आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। चमन राही ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने पंचायत भवनों और ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध नहीं करवाई, जिससे विकास कार्य प्रभावित हुए हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर भी निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार रहने के बावजूद वह हिमाचल के लिए अपेक्षित वित्तीय सहायता लाने में सफल नहीं रहे। उन्होंने ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह से पंचायत भवन का निरीक्षण करवाकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। चमन राही ने कहा कि मंडी जिले में 577 पंचायतें, दर्जनों जिला परिषद सदस्य और सैकड़ों पंचायत समिति सदस्य हैं, जिन्हें विभिन्न कार्यों के लिए मंडी आना पड़ता है। खासकर महिला जनप्रतिनिधियों को रात्रि विश्राम के लिए निजी होटलों का सहारा लेना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि भवन को उसके मूल स्वरूप में पंचायत प्रतिनिधियों के उपयोग के लिए समर्पित किया जाए।


पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह को पंचायत भवन की समस्याओं संबंधी ज्ञापन सौंपते अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव चमन राही। अनंत ज्ञान

### भवन की मरम्मत व किराया वसूलने की मांग

**ज्ञापन** में भवन की जर्जर स्थिति का भी उल्लेख किया गया है। बताया गया कि भवन में कई स्थानों पर पानी का रिसाव हो रहा है तथा आसपास की नालियां और मार्ग भी खस्ताहाल हैं। ग्राउंड फ्लोर पर बनी 11 दुकानों से किराया प्राप्त होने के बावजूद रखरखाव संतोषजनक नहीं है। कुछ दुकानों का किराया बकाया होने से लाखों रुपये की राशि लंबित बताई गई है। परिषद ने भवन की मरम्मत, किराया वसूली और परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

# बढ़ते अपराधों से सहमा हिमाचल

## हत्या, लूटपाट और बढ़ते नशे के मामलों ने बढ़ाई लोगों की चिंता

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** देवभूमि हिमाचल प्रदेश अपनी शांति, सौम्यता और भाईचारे की संस्कृति के लिए पूरे देश में अलग पहचान रखता है, लेकिन हाल के वर्षों में बढ़ती आपराधिक घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। हत्या, लूटपाट, मारपीट, महिलाओं के खिलाफ अपराध और नशे से जुड़े मामलों में बढ़ोतरी को लेकर आमजन में असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है। लोगों का मानना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र सिंह राणा का कहना है कि पहले हिमाचल में इस प्रकार की घटनाएं बहुत कम देखने को मिलती थीं, लेकिन अब आए दिन किसी न किसी जिले से गंभीर अपराध की खबर सामने आ रही है। हाल ही में शिमला में एक अध्यापिका की गोली मारकर हत्या, सरकाघाट की एक छात्रा की हत्या तथा विभिन्न स्थानों पर महिलाओं के साथ लूटपाट जैसी घटनाओं ने लोगों को झकझोर दिया है।

कुल्लू-मनाली और अन्य पर्यटन क्षेत्रों में पर्यटकों से जुड़े विवादों की घटनाएं भी चर्चा का विषय बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते नशे के कारोबार और कानून का भय कम होने से अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। चिट्टे और अन्य नशीले पदार्थों का फैलता जाल युवाओं के भविष्य के लिए भी खतरा बनता जा रहा है। सोशल मीडिया के दौर में ऐसी घटनाएं देश-विदेश तक पहुंचती हैं, जिससे हिमाचल की शांति प्रिय छवि प्रभावित होती है और प्रदेश की प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचता है।

राणा ने प्रदेश सरकार और प्रशासन से कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने, नशे के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने तथा अपराधियों के प्रति सख्त रवैया अपनाने की मांग की है। उनका कहना है कि देवभूमि की पहचान, सामाजिक सौहार्द और लोगों की सुरक्षा बनाए रखने के लिए कठोर एवं प्रभावी प्रशासनिक निर्णयों की आवश्यकता है, ताकि प्रदेश में अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके और लोगों का भरोसा मजबूत हो सके।

# संधोल में कॉलेज के बाद गर्माया स्वास्थ्य सुविधाओं का मुद्दा

अनंत ज्ञान

◆ **युवा शक्ति ने तहसीलदार के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन**

◆ **कहा-10 दिन में व्यवस्था न सुधरी तो शुरू होगा अनशन**

**सरकाघाट।** संधोल नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाल स्थिति को लेकर क्षेत्र की युवाशक्ति अब खुलकर मैदान में उतर आई है। सोमवार को स्थानीय युवाओं और क्षेत्रवासियों ने तहसीलदार संधोल के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपकर अस्पताल में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि करीब 30 हजार की आबादी को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाला संधोल नागरिक अस्पताल लंबे समय से विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड जैसी बुनियादी सुविधा भी उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण मरीजों को उपचार और जांच के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। युवाओं ने आरोप लगाया कि अस्पताल को महज रेफरल यूनिट बनाकर छोड़ दिया गया है तथा अस्पताल में डिलीवरी रेट भी शून्य है, जो स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति को दर्शाता है। युवाओं ने सरकार से अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति, अल्ट्रासाउंड सुविधा शुरू करने, प्रसूति सेवाओं को बहाल करने तथा अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की मांग की है।

युवा शक्ति ने सरकार को चेतावनी दी कि 10 दिनों के भीतर मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो क्षेत्रवासी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन तेज करेंगे और क्रमिक भूख हड़ताल शुरू करने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी सरकार व विभाग की होगी।

**संबोधन** 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर बोले-

# मोदी के नेतृत्व में बढ़ा भारत का वैश्विक प्रभाव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी के मुख्यमंत्री संवाद कक्ष में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल भारत के स्वर्णिम काल के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिष्ठा, मान-सम्मान और कूटनीतिक प्रभाव को अभूतपूर्व रूप से मजबूत किया है। सम्मेलन में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा के पूर्व सदस्य दुष्यंत कुमार गौतम भी मौजूद रहे। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति को नई दिशा दी है, जहां केवल घोषणाएं नहीं बल्कि संकल्पों की सिद्धि और जनसेवा को प्राथमिकता दी गई। आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसे अभियानों ने देश की विकास यात्रा को नई गति दी है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हित और सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं का करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। जयराम ठाकुर ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने कई ऐतिहासिक निर्णयों को लागू होते देखा है। उनके अनुसार यह परिवर्तन मजबूत और निर्णायक नेतृत्व के कारण संभव हुआ। उन्होंने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री मोदी पर विश्वास जताते हुए लगातार तीसरी बार सत्ता सौंपी है और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हालिया पंचायत चुनावों में भाजपा को व्यापक समर्थन मिला है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार अपने कुशासन, अंतर्विरोधों और गलत नीतियों के कारण प्रदेश को विकास की दौड़ में पीछे ले गई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2027 विधानसभा चुनाव के लिए अभी से जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य और केंद्र में पुनः डबल इंजन की सरकार बनने पर हिमाचल का विकास दोगुनी गति से होगा।

इस अवसर पर सदर मंडी के विधायक अनिल शर्मा, बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी, द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा तथा भाजपा जिलाध्यक्ष निहाल चंद सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# मोदी सरकार हर नागरिक को न्याय दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध : मेघवाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सोमवार को कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पर भाजपा विधायक सुधीर शर्मा, पवन काजल तथा अन्य भाजपा नेताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि धर्मशाला में आयोजित होने वाला कार्यक्रम एक सरकारी कार्यक्रम है, जिसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश के प्रत्येक नागरिक को न्याय मिल सके।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार की न्याय से संबंधित विभिन्न योजनाओं और उनके प्रभाव को लेकर धर्मशाला में चर्चा की जाएगी। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कवीन्द्र गुप्ता भी मौजूद रहेंगे। मेघवाल ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं का सकारात्मक प्रभाव धरातल पर दिखाई दिया है। इन योजनाओं के परिणामों और उनकी पहुंच को लेकर भी कार्यक्रम में विस्तार से चर्चा की जाएगी। दल-बदल कानून से जुड़े सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक गुट ने क्षेत्रीय पार्टी के साथ विलय का पत्र स्पीकर को सौंपा है। इस मामले में अंतिम निर्णय स्पीकर को लेना है। उन्होंने कहा कि संबंधित सदस्य अलग बैठने और कांग्रेस के साथ नहीं बैठने की बात कह चुके हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोई भी मुद्दा हो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार हर विषय पर संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है और जनता के हितों को सर्वोपरि रखते हुए निर्णय लिए जा रहे हैं।